✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 286 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 16 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दिल्ली में आयोजित नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में भारत की अंडर-19 महिला टीम को किया सम्मानित

# प. बंगाल समेत पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान

**तमिलनाडु में 23 अप्रैल, बंगाल में दो चरणों 23 एवं 29 और केरल, असम एवं पुडुचेरी में 9 अप्रैल को होगा मतदान | चुनाव परिणाम 4 मई को**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तीन राज्य केरल, असम और पुडुचेरी में एक चरण में यानी 9 अप्रैल मतदान होगा। सभी पांचों राज्यों का चुनाव परिणाम 4 मई को आएगा। इसके साथ इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों- यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता और 824 सीटें हैं। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। असम में तीन और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में सिंगल फ़ेज में वोटिंग हुई थी। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा है। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआइआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआइआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआइआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं। फिर केरल में 8 लाख, असम में 2 लाख और पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार लोगों के नाम एसआइआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से हटाए गए। असम में स्पेशल रिवीजन कराया गया था। तारीखों के ऐलान के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 326, चुनाव आयोग को यह दायित्व देता है कि वह पात्र लोगों को सूची में रखे। जो मतदाता 18 साल के हैं, भारत के नागरिक हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई राज्य नई घोषणाओं के ऐलान नहीं कर सकता। हिंसा को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा। अभी तक जो घटनाएं हुईं वे आचार संहिता लागू करने के पहले हुईं। आज के बाद एक्शन लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान करेगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि तारीखों के ऐलान से पहले आचार संहिता नहीं थी लेकिन अब लागू है। आयोग ने चुनाव के फ़ेज कम करने के लिए तैयारी की है। यह हर किसी के लिए सुविधाजनक होगा। पिछले चुनावों में हिंसा का इतिहास देखते हुए चुनाव में पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। एसआइआर की सप्लिमेंट्री लिस्ट आते ही इसे मेन लिस्ट में जोड़ दिया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पिछले 12 महीने में चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लाने के लिए कई नए प्रयोग किए। पहला था एसआइआर जिसमें यह निश्चित किया गया कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में न रहे। दूसरा-मोबाइल फोन पोलिंग स्टेशन के बाहर ही रखा जाएगा। वोट देने के बाद उसे वापस ले सकेंगे। एक पोलिंग स्टेशन में 1200 से ज्यादा वोटर्स न हों। सभी जानकारी चुनाव से जुड़ी जिनमें एपिक कार्ड, प्रत्याशियों के हलफनामे एक एप पर उपलब्ध हैं। चुनाव आयुक्त ने कहा कि मैं युवाओं और पहली बार वोट देने वाले लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जरूर निभाएं। वे वोट जरूर करें। आपका वोट आपकी चॉइस है जो भविष्य का निर्माण करेगा। भारत में चुनाव लोकतंत्र का पर्व है।




## संक्षिप्त समाचार

### गौरेया के संरक्षण के लिए विशेष गीत का लोकार्पण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हमारी गौरैया और एन्वॉयरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त बैनर तले होटल अमाल्फी ग्रैंड में ओपन माइक संगीत संध्या आयोजित की गई। इस क्रम में बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण को समर्पित एक विशेष गीत 'गौरैया अब वापस आ जाओ' का लोकार्पण हुआ। गीत के लेखक निश्चल कुमार ने लिखा है, जबकि स्वर एन्वायरमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने दी है।

### इंजीनियरिंग-पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शिक्षकों के कई पद रिक्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के इंजीनियरिंग ऑर पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शिक्षकों के लगभग आधे पद रिक्त हैं। इन संस्थानों में दो हजार से अधिक पद पिछले दो साल से अधिक समय से खाली हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग इन पदों पर बहाली के लिए पिछले दो साल से अधिक सयम से प्रयास कर रहा है। बावजूद अब तक आरक्षण रोस्टर भी क्लीयर नहीं हो सका है। आरक्षण रोस्टर क्लीयर होने के बाद ही बीपीएससी से वैकेंसी का विज्ञापन जारी होगा।

### आर्यभट्ट प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आए 1.30 लाख आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली अखिल भारतीय स्तर की आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स साइंस 2026 के लिए देशभर से अब तक 1.30 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि सोमवार तक है। इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि यह प्रतियोगिता परीक्षा प्रथम स्तर कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए है।

### सड़क हादसे में आशा कार्यकर्ता की मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 110 पर भदासी बाजार के पास सड़क हादसे में बाइक सवार आशा कार्यकर्ता की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब महिला अपने बेटे और एक गर्भवती महिला के साथ अरवल की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक के अनियंत्रित होने से पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान पटना जिले के पालीगंज प्रखंड के कोड़िहरा गांव निवासी किरण देवी के रूप में हुई है।

### पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह का भतीजा गिरफ्तार

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** महाराजगंज के पूर्व बाहुबली सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे सुधीर सिंह को बक्सर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वाहन जांच के दौरान उन्हें नशे की हालत में पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत वीर कुंवर सिंह सेतु से उनको गिरफ्तार किया गया।

## पत्नी के सामने युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के महिला गांव में रविवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विष्णुकांत मिश्रा के रूप में हुई है। विष्णुकांत मिश्रा की पत्नी के पिता का हाल ही में निधन हो गया था। रविवार को विष्णु अपनी पत्नी को उसके मायके भेजने के लिए गांव में ही एक ऑटो पर बैठाने गए थे। जब वह पत्नी को ऑटो में बैठाकर विदा कर रहे थे तभी गांव का आरोपी अमित कुमार दुबे वहां पहुंचा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आरोपी ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर ने चार-पांच राउंड फायरिंग की। विष्णुकांत मिश्रा को तीन गोलियां लगीं। गोली लगने के बाद विष्णु जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अमित दुबे मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई विष्णु देव मिश्रा और परिजन बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी गांव का ही है लेकिन हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने पर मोहनिया डीएसपी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। डीएसपी ने पुष्टि की कि हत्या अमित कुमार दुबे द्वारा की गई है। डीएसपी ने कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने किया मॉक पोल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपने-अपने विधायकों की निगरानी बढ़ा दी है। विधानसभा में आज सोमवार सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले मतदान को लेकर दोनों गठबंधनों की बेचैनी चरम पर है। खासकर छोटे दलों में क्रॉस वोटिंग और हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका को लेकर चिंता बढ़ी हुई है। ऐसे में विधायकों को किसी तरह के दबाव या प्रलोभन से बचाने के लिए दलों के मुख्य सचेतक, सचेतक और रणनीतिकार लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी कई विधायकों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर रखे गए हैं। इससे पहले रविवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से मॉक पोल का आयोजन किया गया। इसमें एनडीए के पांचों दलों के अधिकांश विधायक शामिल हुए। कुछ विधायक विभिन्न कारणों से उपस्थित नहीं हो सके, जिसकी सूचना उन्होंने नेतृत्व को दे दी थी। मॉक पोल में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक शामिल हुए। उधर, जदयू की ओर से संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर शाम 4:30 बजे से विधानमंडल दल की बैठक हुई। इसके बाद एनडीए की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, मुख्य सचेतक एवं मंत्री श्रवण कुमार और उप मुख्य सचेतक विनोद नारायण झा ने विधायकों को संबोधित किया। एनडीए के छोटे दलों के विधायकों पर शीर्ष नेताओं की विशेष नजर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि लोजपा (रा), राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के कुछ विधायकों के विपक्ष के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह के पक्ष में मतदान करने की चर्चा है। इसी वजह से हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका को देखते हुए दलों ने निगरानी और सख्त कर दी है। घटक दलों के मुख्य सचेतक और सचेतक लगातार विधायकों से संपर्क बनाए हुए हैं। एनडीए ने मतदान के दौरान विधायकों को प्रथम और द्वितीय वरीयता के आधार पर वोट देने की रणनीति तय की है। मतदान से पहले दलों ने प्राधिकृत अभिकर्ताओं की नियुक्ति की है, जो विधायकों के मतपत्र की जांच करेंगे। बैठक में भाजपा के मुख्य सचेतक विनोद नारायण झा ने विधायकों को स्पष्ट निर्देश दिया। बताया कि प्रथम और द्वितीय वरीयता अंकित करने के बाद मतपत्र को प्राधिकृत अभिकर्ता को दिखाने के बाद ही मतपेटी में डालें। उन्होंने मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए सावधानी बरतने पर जोर दिया। राज्यसभा चुनाव में एनडीए की ओर से भाजपा के नित?न नवीन और शिवेश कुमार, जदयू की ओर से नितीश कुमार और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर जबकि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से उपेंद्र कुशवाहा प्रत्याशी हैं। वहीं विपक्ष की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को मैदान में उतारा है। एनडीए के पास कुल 202 विधायक हैं, जबकि पांचों प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए 205 वोट की आवश्यकता है। ऐसे में तीन अतिरिक्त वोट जुटाना गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर दो छात्रों की मौत

**गया जी(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के बाटा मोड़ के समीप रविवार को अहले सुबह एक ट्रैक्टर ने कोर्ट के चपरासी पद की परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पर जा रहे दो छात्रों को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क मार्ग को जाम कर दिया। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों छात्रों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेजा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने सड़क जाम को हटवाया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी जीतन साव ने बताया कि वे ठेला पर अपनी दुकान को लगा रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने दो लोगों को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर काफी तेज गति से आ रहा था। जानकारी के अनुसार एक छात्र आशुतोष कुमार भोजपुर का रहने वाला था जबकि दूसरा रमेश कुमार मुजफ्फरपुर का रहने वाला था।

## राजस्व सेवा के अधिकारियों का पटना में हल्ला बोल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में राजस्व सेवा के अधिकारियों का हड़ताल जारी है। रविवार दोपहर सभी अंचल के अधिकारियों और सभी राजस्व अधिकारियों ने नीतीश सरकार के खिलाफ पटना में हल्ला बोल किया। पटना के अधिवेशन भवन में राजस्व अधिकारियों का जुटान हुआ। इसमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा के फैसलों का विरोध जताया गया। बिरसा और बिरसा यूनाईटेड के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों ने कहा कि राजस्व विभाग एवं बिहार सरकार के मनमाने रवैय्या के खिलाफ राजस्व सेवा के अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि बिहार में राजपत्रित अधिकारियों का ग़ह अपने तरह का अनूठा हड़ताल है, जिसमें सरकार का एक कैडर दूसरे कैडर की दबंगई और मनमानी के खिलाफ सड़क पर उतरा है। इस सिलसिले में पटना के पुराना सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन राजस्व अधिकारियों का महाजुटान हुआ। प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों ने कहा कि सरकार मनमानी कर रही है। सरकार हमारे अधिकारों, सेवा संरचना के साथ खिलवाड़ कर रही है। बिरसा यूनाईटेड के अध्यक्ष आदित्य शिवम शंकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बनाई गई बिहार राजस्व सेवा नियमावली पिछले 16 साल से लागू नहीं की। हमलोग अदालत गए। वहां हमलोग के हित में फैसला सुनाया गया। हमलोग पिछले तीन साल से लेवल 11 में पड़े हुए हैं। राजस्व विभाग में बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को बहाल किया जा रहा है। एक साल या दो साल अनुभवी अधिकारियों को अंचलाधिकारी व राजस्व अधिकारी बनाया जा रहा है। उन्हें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के काम काज का अनुभव ही नहीं है। लेकिन, फिर से उनसे काम लिया जा रहा है। आदित्य शिवम शंकर ने कहा कि हमलोग राजस्व प्रशासन की दक्षता, सेवा सरंचना की तार्किक निरंतरता और संवर्गीय अधिकरियों की रक्षा के उद्देश्य हड़ताल पर हैं।



## एआई तकनीक के उपयोग से पारदर्शी होगा भूमि सर्वेक्षण कार्य : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से राज्य में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाकर राजस्व प्रशासन को मजबूत किया जा रहा है जिससे आम नागरिकों को जमीन से जुड़े मामलों में सरल और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने राज्य के सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निदेशक सुहर्ष भगत द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिलों के बंदोबस्त कार्यालयों में विशेष एआई सेल का गठन किया जाएगा। यह सेल विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रमों में एआई तकनीक के संभावित उपयोग पर काम करेगा। इस समिति की अध्यक्षता बंदोबस्त पदाधिकारी करेंगे, जबकि आईटी प्रबंधक, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (आईटी/इंजीनियरिंग), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो और विशेष सर्वेक्षण अमीन इसमें सदस्य होंगे। निर्देश के अनुसार एआई सेल की बैठक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक बंदोबस्त कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह समिति जिला स्तर पर एआई के उपयोग से जुड़े निर्णय लेने, कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करने और एआई पाठ्यक्रम लागू करने का काम करेगी। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कर्मियों को परीक्षा के बाद प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।

## 'नशा मुक्त बिहार' के लिए दौड़े पटनावासी, 10 हजार लोगों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'नशा मुक्त बिहार' थीम पर भव्य मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु रहीं, जिन्होंने दौड़ को फ्लैग ऑफ कर इसकी शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पटना मैराथन में दूसरी बार शामिल होकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है और बिहार के युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। मैराथन की शुरुआत करते हुए पीवी सिंधु ने कहा कि पटना की यह मैराथन युवाओं के बीच सकारात्मक संदेश फैलाने का बेहतरीन मंच है। उन्होंने बताया कि वह पहले भी पटना आ चुकी हैं और यहां के लोगों का उत्साह हमेशा प्रेरित करता है। सिंधु ने कहा कि खेल और फिटनेस युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने आयोजन के लिए स्टेट बैंक आंफ इंडिया और मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं। इस मैराथन में ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु की मौजूदगी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। पीवी सिंधु के पटना आने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले दिनों में यह कार्यक्रम और भी बेहतर और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि 'नशा मुक्त बिहार' का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग और स्टेट बैंक आंफ इंडिया के सहयोग से हर साल आयोजित होने वाली इस मैराथन में इस बार करीब 10 हजार लोगों ने भाग लिया। दौड़ को चार अलग-अलग श्रेणियों में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों के साथ-साथ केन्या और इथोपिया के अंतरराष्ट्रीय एथलीट भी शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए गए हैं। मैराथन के विजेता को दो लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा, जबकि विभिन्न श्रेणियों में कुल 30 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तय की गई है। मैराथन की शुरुआत गांधी मैदान गेट नंबर एक से हुई। इसके बाद धावक चिल्ड्रेन पार्क, आयुक्त कार्यालय, जेपी गंगा पथ, दीघा गोलंबर, अटल पथ, राजीव नगर क्रिकेट अकादमी, एसके पुरी पार्क होते हुए वापस गांधी मैदान पहुंचे। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए इस दौड़ ने लोगों के बीच 'नशा मुक्त बिहार' का संदेश फैलाया।



## खून से लथपथ मिले दो युवकों के शव

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र स्थित हीरापाकड़ गांव में दो युवकों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। गांव के पास खून से लथपथ हालत में दोनों युवकों के शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। प्राथमिक जांच में मामला बेरहमी से की गई हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर चारों ओर खून के निशान मिलने से साफ संकेत मिल रहा है कि दोनों युवकों पर हमला कर उनकी हत्या की गई है। मृतकों की पहचान हीरापाकड़ गांव निवासी चिंटू सिंह के पुत्र विकाश सिंह और धर्मसागर सिंह के पुत्र राजकुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




C M Y K

# गांधी मैदान में एग्रो बिहार का समापन, जमकर कृषि यंत्रों की खरीद

## कृषि यंत्रों की बिक्री पर 1.85 करोड़ रूपये का अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गांधी मैदान, पटना में कृषि विभाग एवं सीआईआई के सहयोग से आयोजित 12 मार्च से 15 मार्च, 2026 तक चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार, 2026) का समापन कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा किया गया। साथ ही समारोह में सभी कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों एवं विभागीय पदाधिकारियों के बीच प्रमाण-पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए बिरला टायर्स को प्रथम पुरस्कार, हेवेल्स इण्डिया को द्वितीय पुरस्कार एवं शक्तिमान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं रहा, बल्कि खेती को आधुनिक, आसान, कम खर्चीली और ज्यादा लाभकारी बनाने का सशक्त मंच बनकर उभरा है। मैं विशेष रूप से बिहार सहित कई राज्यों से आए कृषि यंत्र निर्माताओं और प्रदर्शकों का हृदय से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अपने आधुनिक कृषि यंत्रों, तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से हमारे किसानों को नई दिशा दिखाने का काम किया है। आपके सहयोग से हमारे किसान भाइयों को यह समझने का अवसर मिला कि अब खेती परंपरा के साथ-साथ तकनीक के सहारे भी आगे बढ़ सकती है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, नवाचार, ड्रोन, मशीनीकरण और किसान सशक्तिकरण को नई गति मिली है। वहीं बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कृषि रोड मैप, सिंचाई, बीज, बागवानी, यांत्रिकरण और किसान हित की कई योजनाओं के जरिए खेती को लगातार मजबूत किया जा रहा है। हमारी सरकार की स्पष्ट सोच है खेती में लागत कम हो, मेहनत कम हो, समय बचे, उत्पादन बढ़े और किसान की आमदनी मजबूत हो। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि यांत्रीकरण आज समय की मांग है क्योंकि मशीन से काम तेज होता है, मजदूरी का दबाव घटता है और खेती अधिक वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनती है। मैं कृषि विभाग, सभी आयोजकों, वैज्ञानिकों, कृषि यंत्र निर्माताओं, प्रदर्शकों और इस मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे किसान भाइयों-बहनों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। मैं अपने किसान भाइयों एवं बहनों से कहना चाहता हूं कि नई तकनीक अपनाइए, सरकार की योजनाओं का लाभ उठाइए और खेती को मजबूरी नहीं, मजबूत कमाई का जरिया बनाइए। प्रधान कृषि सचिव नर्मदेश्वर लाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विभाग द्वारा सी.आई.आई. पटना के सहयोग से गांधी मैदान, पटना में आयोजित यह चार दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला एग्रो बिहार, 2026, पूर्वी भारत का सबसे बड़ा यांत्रिकरण मेला है। कृषि विभाग के द्वारा वर्ष 2011 से इस मेले का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि स्टार्टअप, ड्रोन आधारित कृषि सेवाओं तथा फसल प्रबंधन से जुड़े उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। राज्य में कृषि यांत्रिकरण में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इस मेले में उभरती कृषि तकनीकों जैसे-मखाना प्रोसेसिंग मशीन, इलेक्ट्रीक ट्रेक्टर, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमता, इंटरनेट ऑफ थींग्स, फसल अवशेष प्रबंधन एवं पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन हेतु संबंधित कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया।

## बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना के वृहद परिषद की बैठक दो सत्रों में महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन सकारात्मक पहल करेगा और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में टी पी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपन कुमार शांडिल्य और एम एम कॉलेज विक्रम की प्राचार्या डॉ. सुनीता राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व सभी अतिथियों ने डॉ. ए के सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मंच संचालन महासंघ के संरक्षक ब्रज किशोर प्रसाद सिंह ने किया जबकि मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से सभा के समक्ष रखा। उन्होंने कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सुविधाओं और लंबित समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सीपेट हाजीपुर में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

### दसवीं और स्नातक पास के लिए प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), हाजीपुर में नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संस्थान द्वारा संचालित तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए कुल 300 सीटों पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में दसवीं और स्नातक के बाद प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लिया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट लॉग इन कर आगामी 28 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए हैं और आरक्षित वर्ग के लिए मात्र 250 रूपये हैं। संस्थान में तीन दीर्घकालीन पाठयक्रम संचालित किए जाते हैं-पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग अवधिः 2 वर्ष, प्रवेश योग्यताः विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री। डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी- अवधिः 3 वर्ष, प्रवेश योग्यताः 10 वीं कक्षा पास। डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी - अवधिः 3 वर्ष, प्रवेश योग्यताः 10 वीं कक्षा पास। यहां के सभी प्रशिक्षुओं के लिए शत प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाती है। सिपेट, हाजीपुर के निदेशक डॉ उपेन्दर पाल सिंह ने बताया कि सीएसटीएस-हाजीपुर आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित प्रशिक्षण संस्थान है जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मानव संसाधन का विकास व कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करना है। यह संस्थान केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है।

करीब 5.65 एकड़ में फैले सिपेट, हाजीपुर में सीएडी/सीएएम, सीएनसी टूलिंग, प्लास्टिक प्रसंस्करण और उद्योगों के लिए प्लास्टिक के परीक्षण के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## प.बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा स्वागत योग्य : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के वरीय नेता व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पाण्डेय ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रविवार को पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल की जटिल स्थितियों को ध्यान में रखकर ही चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। इस बार बंगाल में जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। वहां भाजपा की जीत तय है। पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा जबकि दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इन सभी सीटों के परिणाम जब 4 मई को अन्य राज्यों के साथ घोषित होंगे तो वहां का जनादेश भाजपा के पक्ष में होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के नेता चुनाव में जबरदस्त हिंसा करते हैं। मगर मुझे पूरी उम्मीद है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करेंगे। भाजपा इस चुनाव में मजबूत स्थिति में है और पार्टी को बंगाल में जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

## राजकीय पक्षी गौरैया पर संगीत का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हमारी गौरैया एवं एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में पटना के होटल अमाल्फी ग्रैंड में एक ओपन माइक संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को देर शाम में किया गया जिसमें बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया पर एक विशेष गीत 'गौरैया अब वापस आ जाओ' का लोकार्पण किया। इस गीत को निश्चल कुमार ने लिखा है जबकि स्वर दी है अदिति रॉय, अध्यक्ष एनवायरमेंट वॉरियर्स ने। संगीत निर्माण का कार्य अमन वैभव तथा राजा कुमार के द्वारा किया गया है। मौके पर मुख्यातिथि राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा प्रसिद्ध कवि ने कहा कि बचपन में गौरैया की आवाज से हमारी नींद खुलती थी, लेकिन आज इसके दीदार के लिए भी हमें तरसना पड़ता है, ऐसे में उसको संगीत से जोड़ कर लोगों को संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना, बहुत ही शानदार कार्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि पहले हमारे पाठ्यक्रम में रक्षा में हत्या, नादान दोस्त जैसे कहानियां सम्मिलित होती थी जो बाल मस्तिष्क को इन बेजुबानों से जोड़ने का कार्य करता था, लेकिन आज के मोबाइल के दौर में इसकी स्थिति है, ऐसे में नई तकनीकों से इसे जोड़ कर संगीत के माध्यम से संरक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास बहुत प्रेरक है। मौके पर हमारी गौरैया के संयोजक संजय कुमार ने कहा कि गौरैया का उल्लेख साहित्य के हर विधा में मौजूद है जो इससे आमलोगों को जोड़ने सबूत है, लेकिन संगीत का क्षेत्र थोड़ा अछूत था जो आज पूरा होते दिख रहा है। सभी का प्रयास प्रशंसनीय है। इस अवसर पर आशा प्रसाद, शिप्रा सोनी, रश्मि रानी, हर्षा श्रीवास्तव आदि ने अपनी स्वलिखित कविताओं का पाठ किया। मौके पर निशांत रंजन, दिग्विजय कुमार, शिप्रा सोनी, सभ्यता कुमारी, रजनीश कुमार, मासूम राजन, भूमिका भारद्वाज, आकाश राज, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## अत्याधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना से बना आईजीआईएमएस देश का अग्रणी संस्थान : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में शनिवार को विश्व किडनी दिवस -2026 (जो 12 मार्च को था) के उपलक्ष्य पर 'किडनी ट्रांसप्लांट मीट-2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने आईजीआईएमएस परिसर में एनेस्थीसिया सिमुलेशन लेबोरेट्री की सुविधाओं और रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की सुविधाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था से मरीजों को बेहतर और सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है तथा लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान दीघा के विधायक संजीव चौरसिया भी मौजूद रहे। श्री पांडेय ने कहा कि एनेस्थीसिया सिमुलेशन लेबोरेट्री की स्थापना इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में की गई है। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला एलीवेट हेल्थकेयर इंक, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निर्मित उपकरणों से सुसज्जित है। यह लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है जिसमें 10 वर्षों की व्यापक वार्षिक अनुरक्षण सेवा भी शामिल है।

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में जॉब कैंप आयोजित, महिला अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा / वैशाली।** क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में एक विशेष जॉब कैंप एवं इंटरव्यू सत्र का सफल आयोजन किया गया।

संस्थान द्वारा आयोजित इस रोजगार कैंप के अंतर्गत 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थियों ने नौकरी के लिए अपना बायोडाटा जमा किया था। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के उपरांत योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें कई महिला अभ्यर्थियों ने भाग लिया। आयोजित इंटरव्यू प्रक्रिया के उपरांत कई महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। वहीं जिन अभ्यर्थियों का इस बार चयन नहीं हो सका, उन्हें आगामी इंटरव्यू सत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी तैयारी को और बेहतर बनाकर भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का उद्देश्य केवल कम्प्यूटर एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी उद्देश्य से संस्थान समय-समय पर रोजगार कैंप, कैरियर काउंसलिंग एवं इंटरव्यू सत्र का आयोजन करता रहता है। संस्थान ने यह भी जानकारी दी कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के रोजगार कैंप एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे स्थानीय युवाओं, विशेषकर महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संस्थान में नए प्रशिक्षण बैच का नामांकन प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने इच्छुक युवाओं से नामांकन लेकर कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का आग्रह किया।

## ए इयर ऑफ वंडर्स थीम पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वार्षिक समारोह की थीम ए इयर ऑफ वंडर्स पर बच्चों ने पूरे वर्ष के दौरान विद्यालय में सीखी गई गतिविधियों, अवधारणाओं और संस्कारों को रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों ने आकर्षक नृत्यों और रोचक नाटिकाओं के माध्यम से कक्षा शिक्षण, साप्ताहिक गतिविधियों और विद्यालय जीवन की आनंदमयी झलक प्रस्तुत की। मौका था फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में आयोजित ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल के वार्षिक समारोह का जिसमें बोरिंग पाटलिपुत्र रोड शाखा, राजेंद्र नगर और पटना सिटी शाखा के लगभग 200 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन किया।

## विदुषी कवयित्री सरोज पाटनी जैन के नवीन काव्य संग्रहों का लोकार्पण

### हृदय को छूती है सरोज पाटनी जैन की कविताएं : पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अध्यात्म, अहिंसा और शाकाहार को समर्पित संस्था आशा बिहार द्वारा स्थानीय बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार, पटना में विदुषी कवयित्री सरोज पाटनी जैन के काव्य संग्रहों का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उनकी काव्य-श्रृंखला अहसासों की श्रृंखला के अंतर्गत प्रकाशित नवीन काव्य संग्रह अहसासों के स्पर्श एवं अहसासों के रतजगे का लोकार्पण किया गया। काव्य संग्रहों का लोकार्पण कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सिक्कम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य अतिथि प्रो. किरण घई सिन्हा, अंतरराष्ट्रीय काव्य मंच के अध्यक्ष सुजीत मुखर्जी, पद्मश्री विमल जैन, डॉ. अनिल सुलभ, डॉ. शंकर प्रसाद, आईएएस शशांक शेखर, डॉ. प्रो. वीणा अमृत, उषा झा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय काव्य मंच के अध्यक्ष सुजीत मुखर्जी की अंग्रेजी काव्य कृति ड्यूड्रोप्स का सरोज पाटनी जैन द्वारा किया गया भावपूर्ण हिंदी रूपांतरण के भी दो पुस्तकों - हर लम्हा कुछ कहता है एवं ओस की पंखुड़ियां के रूप में लोकार्पित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि सरोज पाटनी जैन एक बेहतरीन लेखिका हैं और उनकी कविताएं हृदय को छूती है। अपने संबोधन में अतिथियों ने सरोज पाटनी जैन की साहित्य साधना, समाज सेवा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी कविताओं में मानवीय संवेदनाओं, जीवन के अनुभवों और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

## 24 घंटे में काम पर लौटने वाले अधिकारियों पर नहीं होगी कार्रवाई: विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। जो इस निर्धारित समय सीमा में काम पर लौट आयेंगे उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च का महीना राजस्व विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और कई जनहितकारी अभियान इस समय चल रहे हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती मनी, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा सभागार में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा किया गया, जो पिछले दस वर्षों से बिहार में शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हुए समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. एस. एन. आर्या, समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल, आईएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री (डीएम, बेगूसराय), आईआरटीएस अधिकारी शिव कुमार प्रसाद, आईएएस सी. जे. पटेल, प्रोफेसर अरविंद कुमार (दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवाजी महाराज के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति भी की गई जिसने दर्शकों को उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित किया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने 'हिन्दवी स्वराज' की स्थापना कर भारत के पश्चिमी क्षेत्र को आक्रमणकारियों से सुरक्षित रखा और अपने साहस, रणनीति तथा गोरिल्ला युद्धकला के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध हुए।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक सौ पचास लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 27 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 95 मरीजों के आंखों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। इनमें 21 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 26 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ रचना जैन ने 18 महिला मरीजों की जांच की। डॉ सुभाष कुमार ने मधुमेह के 30 मरीजों को देखा। डॉ कन्हैया अग्रवाल ने 24 मरीज को होमियोपैथिक की दवा दी। डॉ नितिन मैतिन ने 18 मरीजों के दांतों की जांच की।

## एआई से तेज और पारदर्शी होंगे भूमि सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से राज्य में भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाकर राजस्व प्रशासन को मजबूत किया जा रहा है जिससे आम नागरिकों को जमीन से जुड़े मामलों में सरल, त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एआई आधारित कार्यप्रणाली से विभाग की दक्षता बढ़ेगी और सर्वे के कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। राज्य में राजस्व प्रशासन को आधुनिक, अधिक प्रभावी और समय सीमा में पूरा करने की दिशा में अब विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने राज्य के सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## जुम्बा, योग और खेलों के संग फिटनेस का उत्सव, फिट इंडिया कार्निवल में दिखा जोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा फिट इंडिया कार्निवल, 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में फिटनेस, खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर राज्य की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनका स्वागत स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पटना के केंद्र प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण द्वारा बुके एवं शॉल प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में एम. रामचंद्रुडु, आईएएस, निदेशक जनगणना, अजय कुमार, अध्यक्ष बिहार ओलंपिक एसोसिएशन तथा हरिद्वार से आए राकेश आचार्य जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में खेल मंत्री ने सभी को दैनिक जीवन में बुनियादी फिटनेस गतिविधियों को अपनाने की अपील की और कहा कि स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि अत्यंत आवश्यक है।

### ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को डिहरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने की। बैठक में ईद की नमाज के आयोजन स्थल, नमाज के समय यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा रामनवमी जुलूस के संभावित मार्गों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती को लेकर भी रणनीति बनाई गई। थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने



उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि दोनों त्योहार सामाजिक एकता और आपसी विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक पोस्ट, अफवाह या तनाव फैलाने वाली सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक जुलूस में डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। जुलूस निकालने से पहले संबंधित समिति को प्रशासन से विधिवत लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

वहीं नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि रमजान, रामनवमी एवं चैती छठ पर्व को देखते हुए शहर में साफ-सफाई के साथ-साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि डिहरी शहर में रामनवमी शोभायात्रा निकालने के लिए 13 समितियों को लाइसेंस दिया गया है। बैठक में नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव कुमार, बिजली विभाग के जेई प्रमोद सिंह, सब इंस्पेक्टर संजय विकास त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, शाहनवाज खान, कुंवर सिंह, दारा यादव, पीर मोहम्मद राइन, अभिषेक बोस, अब्दुल कलाम आजाद, नबाब अख्तर अंसारी (पानी वाले), अमित पटेल, प्रमोद महतो, अर्चना गुप्ता, सुनिता कुमारी, शकुंतला देवी, शोभा चंद्रवंशी, अमित पासवान, आजाद हुसैन सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डिहरी के मो. अख्तर अंसारी को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2026 में रोहतास जिले के डिहरी शहर के नील कोठी थाना डिहरी निवासी मोहम्मद अख्तर अंसारी पिता अब्दुल सम्मद को विधि व्यवस्था को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 10 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। पटना में आयोजित समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया जाता है कि शाहाबाद प्रक्षेत्र के अंतर्गत रोहतास, भोजपुर और कैमूर जिलों के कुल 45 पुलिसकर्मियों तथा दो नागरिकों को उनके प्रशंसनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाना था। इसी क्रम में समाजसेवा और सहयोगात्मक कार्यों के लिए मोहम्मद अख्तर



अंसारी को यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अख्तर अंसारी ने शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश, रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तथा डिहरी नगर थाना के थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भलाई और अच्छाई के रास्ते कभी मत छोड़िए आप की गैरहाजिरी में लोग इसी को याद करते करेंगे। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। समाजसेवी असलम कुरैशी, बाबू अंसारी तथा अनुमंडल विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, अब्दुल कलाम आजाद, सरफुद्दीन अंसारी सहित अन्य नागरिकों ने कहा कि नबाब अख्तर अंसारी का सम्मान पूरे डिहरी शहर के लिए गौरव की बात है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सोन उच्च स्तरीय नहर पर उरदा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कछवा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव निवासी सीताराम सिंह के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार सिंह तथा अग्ररेर थाना क्षेत्र के खरवनीया गांव निवासी संजय सिंह के 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों चेनारी स्थित नूतन ऑटो एजेंसी (बजाज एजेंसी) में कार्यरत थे। रोज की तरह आज शनिवार को शाम करीब 6:30 बजे एजेंसी बंद कर बाइक से सासाराम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उरदा गांव के पास सड़क पर गिरने या किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी



मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना को किसी ने प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दोनों को सड़क किनारे गिरे देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी पहुंचाया जहां चिकित्सक डॉ. संजीत कुमार ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार अस्पताल पहुंचकर रोने-बिलखने लगे। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि दुर्घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अवैध शराब मामले में एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को 18.10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाद गांव स्थित सरकारी स्कूल के पास पुलिया पर छापा मारा। यहां से देसी महुआ शराब बेच रहे नाद गांव निवासी पंकज कुमार को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से 18.10 लीटर महुआ शराब बरामद की, जो कि अवैध रूप से बेचने के लिए रखी गई थी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आरोपी पर कई दिनों से नजर रखी जा रही थी। गुप्त सूचना मिलते ही टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। आकर्षक बात यह है कि आरोपी पंकज कुमार पहले भी अवैध शराब के कारोबार में शामिल रहा है।

# यूजीसी के खिलाफ सवर्णों की जन चेतना रैली

## शहर में गूंजे सनातन और ब्राह्मणवाद जिंदाबाद के नारे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा के बैनर तले रविवार को डिहरी शहर में विशाल जन चेतना रैली निकाली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतरे और यूजीसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए 'यूजीसी वापस लो' के नारे लगाए। रैली के दौरान 'सनातन जिंदाबाद', 'ब्राह्मणवाद जिंदाबाद', 'जय-जय भवानी', 'जय श्रीराम' और 'जय परशुराम' के नारों से शहर की सड़कें गूंज उठीं।रैली की शुरुआत झारखंडी महादेव मंदिर से पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ हुई। इसके बाद जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वीर कुंअर सिंह चौक पहुंचा जहां वीर कुंअर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा का




आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि यूजीसी के माध्यम से सवर्ण समाज के दमन का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई पीढ़ी जो कॉलेज और विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रही है उसे भी अपराधी घोषित करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी ब्राह्मणवाद, कभी सनातन और कभी मनुवाद को अभिशाप बताकर सवर्ण समाज को अपमानित किया जा रहा है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं राजन राज ने कहा कि सवर्ण समाज को गाली देने और उनके अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि यूजीसी के इस काले कानून का पुरजोर विरोध किया जाएगा और इसे वापस लेना ही होगा। अधिवक्ता मनीषा दूबे ने कहा कि यह कानून कहीं न कहीं सवर्ण समाज को नीचा दिखाने तथा विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के शोषण और उनके पारिवारिक अस्तित्व को दबाने की नीति है। कार्यक्रम को संजय सिंह बाला, श्रीकांत तिवारी, राजीव कुमार और ललित कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष परमहंस सिंह ने की। रैली के दौरान जगह-जगह समाज के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान और पानी की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम में पं. विनय मिश्रा, संतोष सिंह, मुन्ना सिंह, बिमल, अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, पंकज सिंह, अनूप सिंह, अनिल मिश्रा, मोनू पांडेय, पंकज ओझा, राणा प्रताप सिंह, अंबुज सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, छोटू कुमार और विशाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यावसायिक खेती समय की मांग : गोपाल नारायण सिंह

## किसान मेला में तीन जिलों के दो हजार से ज्यादा किसान हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के नारायण कृषि विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेला किसानों के उत्साहजनक सहभागिता से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने अपने वृहद अनुभवों से किसानों को लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से की गई व्यावसायिक खेती से अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। संस्थान के प्रतिकुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने किसानों को खेती की उद्यमिता के दृष्टिकोण से देखने का सुझाव दिया। संस्थान के कुलपति



प्रो जगदीश सिंह ने मेले में महिलाओं की सजग सहभागिता को बेहतर बताया एवं कृषक समाज में उनके अद्वितीय योगदान को सराहा। किसान मेला के विशिष्ट अतिथि डॉ. विभूदत्ता नायक, महाप्रबंधक, कृषि क्षेत्र विकास विभाग, नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय, पटना ने किसानों से एफ पी ओ से जुड़ने एवं बैंकों से मिलने वाले आर्थिक सहायता का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों का व्याख्यान भी हुआ। उसके बाद हुए प्रश्नोत्तरी में किसान भाइयों ने अपनी समस्या के प्रश्नों को वैज्ञानिकों से पूछा तत्पश्चात कृषि वैज्ञानिकों ने उनकी समस्या के समाधान हेतु मार्गदर्शन किया। किसान मेले में रोहतास, कैमूर एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग दो हजार किसानों ने भाग लिया। किसान मेले में नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के विभिन्न विभागों के साथ ही कई नामी सरकारी, गैर सरकारी एवं प्राइवेट कंपनियों ने 36 स्टाल लगाया जिससे किसान लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में अग्रणी किसानों एवं वैज्ञानिकों का सम्मान किया गया। किसान मेले में सभी का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह ने किया।

## 23 को सासाराम में मनाया जाएगा सरदार शहीदे ए आजम भगत सिंह शहादत दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रविवार को नौजवान भारत सभा, सासाराम की एक महत्वपूर्ण बैठक मौर्य लोक होटल में आयोजित की गई। बैठक में रोहतास जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नौजवान भारत सभा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में आगामी 23 मार्च को महान क्रांतिकारी भगत सिंह के शहादत दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक समिति का गठन किया गया तथा संजय वैश्य समाजवादी को तैयारी समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संजय वैश्य समाजवादी ने सासाराम में भगत सिंह शहीद स्मारक बनवाने के लिए लंबा संघर्ष किया।

# पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** संत शरण पब्लिक स्कूल काराकाट में भारतीय जनता पार्टी कराकाट पूरबी, काराकाट उत्तरी, गोरारी नगर और ग्रामीण मंडल भाजपा मंडल कार्यसमिति, पंचायत अध्यक्ष, बुद्ध अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के तहत एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में बलिराम मिश्र ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पंडित दिनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। मदन प्रसाद वैश्य, पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्य समिति भाजपा ने इतिहास विकास पर जनसंघ काल से



आज तक विस्तार पूर्वक चर्चा की। नवीन चंद्र शाह, काराकाट विधानसभा प्रभारी और जिला कार्यकर्ता ने कार्य पद्धति पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें पार्टी के कार्यों को विस्तार देने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। अजीत सिंह, काराकाट विधानसभा संयुक्त बुध प्रबंध ने कार्य विस्तार पर विचार रखे। अखिलेश पांडे ने कार्य विस्तार पर विचार रखे और कहा कि हमें पार्टी के कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में लक्ष्मण पासवान, अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, ललित ओझा सिंह, विनोद पासवान, राकेश कुशवाहा, सुनील सिंह, मोनेरमा देवी, इंदु देवी, अंबिका प्रसाद, हरी पंडित, बैद्यनाथ सिंह, श्रीनिवास सिंह, भिखारी राम, रामराज्य पासवान, बुटल सिंह, दीपक चौरसिया, हरी किशन पांडे और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मूटकोर्ट विधि संकाय के छात्रों के लिए काफी लाभदायक : डा. एस.के. भटनागर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल आफ लॉ के तत्वावधान में आज चतुर्थ देव मंगल मेमोरियल राष्ट्रव्यापी मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ संस्थान के मूट कोर्ट हाल में ऑनलाइन मोड में प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह, कुलाधिपति के सलाहकार प्रो. डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. कुमार आलोक प्रताप, विशिष्ट अतिथि प्रो.



डॉ. अशोक कुमार विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष, विधि विभाग और गवर्नेन्स, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. विनोद कुमार सरोज तथा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एस.के.भटनागर, पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ से संयुक्त रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एस.के. भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि मूट कोर्ट का आयोजन विधि संकाय के छात्रों के लिए प्रोफेशनल दृष्टिकोण से काफी लाभदायक होता है। उन्होंने वादों के रिसर्च, प्रस्तुतिकरण के ढंग तथा न्यायलय में प्रोटोकॉल का पालन करने आदि पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अशोक कुमार ने संविधान के मूलाधिकार को वर्तमान के परिपेक्ष में जोड़ते हुए विधि के महत्व को बताया। प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लाभ पर विशेष चर्चा की। प्रो. डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने विधि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़ते हुए तुलनात्मक विचार व्यक्त किए तथा मूट कोर्ट प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शुभकामनाए दी। संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. विनोद कुमार सरोज ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का समापन 17 मार्च को होगा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्रीति सक्सेना, कुलपति, हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय होंगी।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने किया होटल का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा तेंदुनी चौक, बिक्रमगंज स्थित एक कन्फेक्शनरी का एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग के संदर्भ में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रतिष्ठान द्वारा खाना बनाने के लिए बॉयलर फर्नेस सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रणाली में लकड़ी, प्रोसेस्ड धान का पुआल आदि को फर्नेस चेंबर में जलाकर भाप एवं फ्लेम उत्पन्न किया जाता है जिसके माध्यम से भोजन तैयार किया जाता है। प्रतिष्ठान संचालक द्वारा बताया गया कि वे विगत लगभग 5 वर्षों से इस प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। इस पूरे सिस्टम को स्थापित करने में लगभग 16 लाख रुपये की लागत आई है। यह आवश्यक नहीं है कि इसे बड़े स्तर पर ही स्थापित किया जाए–रेस्टोरेंट संचालक अपने बजट एवं ग्राहकों की संख्या के अनुसार छोटे स्तर पर भी इस प्रकार की व्यवस्था विकसित कर सकते हैं। यह व्यवस्था सुरक्षित, प्रभावी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रतीत हुई तथा एलपीजी पर निर्भरता कम करने का एक अच्छा उदाहरण है। अन्य होटल, रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे भी अपने प्रतिष्ठानों में बॉयलर फर्नेस सिस्टम जैसे वैकल्पिक एवं अन्य सुरक्षित तकनीकों के उपयोग पर विचार करें। सभी प्रतिष्ठानों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण एवं उपयोग से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों और सरकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए विद्यार्थियों का दल पटना रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज।** राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, इं. पवनी नासरीगंज, रोहतास के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए पटना रवाना किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों को बस से पटना के लिए भेजा गया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं नए अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे विभिन्न ऐतिहासिक और शैक्षणिक स्थलों को देखकर प्रेरणा ले सकें तथा अपने भविष्य के प्रति जागरूक बन सकें। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार, अनामिका कुमारी, स्वीटी कुमारी, चंद्रकांत कुमार, गिरजा कुमार, शिप्रा




कुमारी तथा सफाई कर्मी ब्रजेश कुमार सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें जीवन के हर पहलू में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों को नई जानकारी और अनुभव प्राप्त होते हैं जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

# सखरा गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा डिहरी मंडल की ओर से मथुरी पंचायत के सखरा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर तथा भारत माता की जय के नारों के साथ की गई। इसके बाद आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अजय यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता विदेशों में भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवारवाद की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यदि कार्यकर्ता ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करें तो उनका भविष्य उज्ज्वल है। मौके पर रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबल कश्यप, डॉ. नवीन नटराज, सुशील कुमार, जिला मंत्री मीना गुप्ता, अरुण पांडे, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, जिला प्रवक्ता संजय गुप्ता, रोहित सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हैया राम, उदय कुशवाहा, रवि शंकर राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन यादव, महामंत्री श्रीकांत मिश्रा, अमित पटेल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/02 दिनांक- 15.03.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**

**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**बिहार राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026 का आयोजन दिनांक 17.05.2026 को किया जायेगा।

3. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि 16.03.2026 और अंतिम तिथि 14.04.2026 निर्धारित है।

4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर ITICAT-2026 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता एवं अन्य सम्बन्धित विस्तृत विवरण तथा आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।

5. बिहार राज्य अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कुल सीटों में से 25% सीटों पर नामांकन के लिए राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी पात्रता-प्राप्त हैं।

6. **Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/01 दिनांक 15.03.2026 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**

**परीक्षा नियंत्रक**

# मंत्री ने पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने पर दिया बल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, राजगीर (नालंदा) में आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का शुभारंभ केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर मेले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा लगाए गए लगभग 110 स्टॉलों में विभिन्न पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मेले में बढ़ई, लोहार, कुम्हार, दर्जी, मोची, सुनार सहित अन्य पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कॉन्फ्रेंस हॉल में 400 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिसमें कारीगर, उद्यमी, विद्यार्थी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने तथा उन्हें आधुनिक बाजार से जोड़ने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में एमएसएमई-डीएफओ, पटना के निदेशक आर.के. चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर शुभम कुमार, उप विकास आयुक्त, नालंदा; सचिन कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, नालंदा; कैप्टन सत्यप्रकाश, अध्यक्ष, डीआईसीसीआई बिहार चैप्टर; आर.सी. मंडल, संयुक्त निदेशक, आरडीएसडीई; मोहन कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, नालंदा तथा श्रीकांत सिंह, एलडीएम, नालंदा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तकनीकी सत्र में सत्यं कुमार द्वारा सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से विपणन के अवसरों की जानकारी दी गई। वहीं सोनल पटेल (ट्रेनर) ने कारीगरों एवं उद्यमियों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा सेल्स एवं मार्केटिंग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे वे अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से बाजार में प्रस्तुत कर सकें और अपनी बिक्री बढ़ा सकें। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कारीगरों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उनके उत्पादों की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। एमएसएमई-डीएफओ, पटना के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से तुषार पांडेय, शुभम बरला, हरेंद्र प्रसाद, आशीष आनंद तथा प्रभात कुमार के समन्वय, परिश्रम एवं सक्रिय सहयोग से प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। इन अधिकारियों ने स्टॉल प्रबंधन, प्रतिभागियों के समन्वय तथा कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया।

# नालंदा में सिविल न्यायालय परिचर भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में सिविल न्यायालय के परिचर पद की नियुक्ति परीक्षा रविवार को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। प्रशासन की सख्ती और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। बिहारशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी 32 परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की थी। इसके तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाई गई थी। साथ ही लाठी, गड़ासा अथवा लाइसेंसी अग्निशस्त्र सहित किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 32 केंद्र बनाए गए थे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए केंद्रों के 500 गज के दायरे में आने वाली सभी फ़ोटो कॉपी दुकानें, साइबर केंद्र और प्रशिक्षण संस्थानों को सुबह 10:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक बंद रखने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई थी। परीक्षार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वे लेखन सामग्री के अलावा मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार का विद्युत उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं ले जाएंगे। हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, शव यात्रा तथा लाठी के सहारे चलने वाले बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों पर लागू नहीं था। प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सतर्कता और कड़े सुरक्षा इंतजामों के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई।

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता में कौआकोल की छात्राओं ने दिखाया जज्बा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** शिक्षा विभाग के सौजन्य से इक्विटी संभाग अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जिला स्तर पर विद्यालय का मान बढ़ाया है। गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सन्दीप कुमार ने बताया कि नोडल शिक्षिका अंशु माला के नेतृत्व में विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा साधना ने नवादा टीचर ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत हुई। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक निशा कुमारी ने बताया कि उनके विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा नाजमीन सदफ एवं नवमीं कक्षा की छात्रा रीता कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने पुरस्कृत हुई बच्चियों के सफलता पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ववल भविष्य की कामना की है।

## सड़क पर बालू रहने से हादसे की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न मुख्य सड़कों एवं संपर्क पथों पर बालू के रखे जाने से हादसे की आशंका बनी रहती है। पकरीबरावां- नवादा, पकरीबरावां- वारिसलीगंज, पकरीबरावां- राईस पथ सहित अन्य कई पथों पर सड़क पर ही बालू रख दिया जाता है। ऐसे लोगों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से कई दिनों तक बालू सड़क पर ही रखा रह जाता है।

## संपर्क पथ पर ही कराया जा रहा बोरिंग

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड में विभिन्न मुख्य पथों एवं मुख्य पथों पर ही बोरिंग कराया जा रहा है। बोरिंग कराए जाने से एक ओर आवागमन में परेशानी होती है। सरकारी जमीन पर लोग बेरोकटोक बोरिंग करा रहे हैं। लोगों ने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

# पर्व-त्योहार में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ईद-उल-फितर, चिरागा मेला (चादर जुलूस), रामनवमी, चैती छठ पूजा एवं महावीर जयंती के अवसर पर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में आगामी पर्व त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

***ईद-उल-फितरः 20 मार्च से 21 मार्च 2026***
***चैती छठ पूजाः 22 मार्च से 25 मार्च 2026***
***चिरागा मेला / चादर जुलूसः 23 मार्च से 02 अप्रैल 2026***
***रामनवमीः 27 मार्च से 28 मार्च 2026***
***महावीर जयंतीः 30 मार्च से 31 मार्च 2026***

पर्व-त्योहारों के अवसर पर जिले के संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ईद एवं रामनवमी के अवसर पर भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ वाहन गश्ती दल एवं पैदल गश्ती दल भी सक्रिय रहेंगे। जुलूस एवं धार्मिक आयोजनों के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा निर्धारित शर्तों



के अनुरूप ही लाइसेंस की अनुमति प्रदान की जाएगी। बिना लाइसेंस के किसी प्रकार का जुलूस पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे ।

प्रत्येक 200 व्यक्तियों पर 1 अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। जुलूस आयोजकों से पहचान पत्र एवं आवश्यक विवरण प्राप्त किए जाएंगे। किसी भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को जुलूस में वालंटियर्स अथवा आयोजक नहीं बनाया जाएगा। चैती छठ पूजा के अवसर पर जिले के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था इन सभी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित नगर निकायों एवं विभागों को निर्देशित किया गया है।

बिहारशरीफ, हिलसा तथा राजगीर अनुमंडल के विभिन्न घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। नगर निगम बिहारशरीफ द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर कुल 574 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसमें 494 कैमरे स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत तथा 80 कैमरे नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में चयनित स्थानों पर जनरेटर के माध्यम से सीसीटीवी कैमरों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों, ईदगाहों तथा अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर निगम एवं संबंधित विद्युत एजेंसियां मिलकर इन स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश एवं बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराएंगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# वासंतिक नवरात्रि को लेकर विप्र बौद्धिक मंच ओड़ो के सदस्यों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के ओड़ो गांव में वासंतिक नवरात्रि को लेकर विप्र बौद्धिक मंच ओड़ो के सदस्यों की एक बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता विनय पांडेय व संचालन अधिवक्ता राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने की। कहा गया आगामी 19 मार्च 2026 से वासंतिक नवरात्र शुरु हो जाएगा। इस अवसर पर इस गांव में ब्राह्मण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर में सामुहिक रुप से नौ दिवसीय दुर्गा सप्तशती का पाठ कलश स्थापना के दिन से ही प्रारम्भ हो जाएगा। इस गांव के ब्राह्मण के द्वारा आयोजन के साथ सामुहिक दुर्गा सप्तशती का पाठ, कथा, पूजा परायण के साथ प्रवचन दिया जाएगा। उसके बाद 20 मार्च 2026 से श्रीमद्भागवत परायण व कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य तरीके से शुरु होगा। इसके अलावा प्रतिदिन कन्या पूजन के उपरांत सायंकाल में भण्डारा आयोजित होगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां में लगे हुए हैं। बच्चे, युवा के बुढ्ढे उत्साहित भाव से अंतिम रुप देने में लगे हुए हैं। सभी ब्राह्मण परिवार में पूर्ण उत्साह है। बाहर रहने वाले भक्त जन इस शुभ अवसर पर समय निकाल कर इस आयोजन में अवश्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पंडित दिनकर मिश्र व पंडित राघवेन्द्र कुमार मिश्र के द्वारा श्रीमद भागवत कथा व प्रवचन दिया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया सह समाजसेवी अरविन्द मिश्र,विनय मिश्र, ओंकार मिश्र, दिनकर मिश्र, अमरेश मिश्र, अभय मिश्र, पन्नालाल मिश्र, जितेंद्र मिश्र, मुन्ना पांडेय, भोपाल पांडेय, बिठाल समेत अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# आग से बचाव को लेकर चला जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली(नवादा)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सैकड़ों महिलाओं और ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में सावधानी बरतने और उससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं, इसलिए घरों में खाना बनाते समय, बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय और खेतों में पराली या कचरा जलाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं को रसोईघर में गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, आग लगने पर तुरंत क्या करना चाहिए



और आग बुझाने के प्राथमिक उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया। मौके पर मौजूद अग्निक प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आग लगने की घटना होने पर तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें और घबराने के बजाय सतर्कता के साथ बचाव के उपाय अपनाएं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान से लोगों में सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ेगी और आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव में मदद मिलेगी। इस अवसर पर चालक तुना कुमार, कौलेंद्र कुमार और आनंद दुबे ने भी ग्रामीणों को आग से बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए और छोटे-छोटे उपायों से बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने की जानकारी दी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिले के पकरीबरावां प्रखंड के तनपुरा गांव में युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मैच को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान में पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले के अवसर पर नवादा के युवा पत्रकार पिंटू कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पिंटू कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजन से युवाओं की प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस मौके पर राजद नेत्री निक्की सिंह भी मौजूद रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों में सकारात्मक माहौल बनाते हैं।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिसुआ।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5.25 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हिसुआ के विश्वशांति चौक के पास की गई, जहां पुलिस को पहले से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बैग में शराब लेकर आ रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के महबतपुर गांव निवासी गनौरी शर्मा के पुत्र सुधीर शर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 5.25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब 'इम्पीरियल ब्लू' ब्रांड की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बस से उतरकर विश्वशांति चौक से कहीं जाने की तैयारी में था, तभी संदेह के आधार पर उसकी जांच की गई। जांच के दौरान बैग से शराब मिलने पर उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, ऐसे में शराब की खरीद-बिक्री, परिवहन और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है।

# ट्रैक्टर प्रदर्शन में पहुंचे सैकड़ों किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के करिगांव में रविवार को एलएनभी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर विनय साव के नेतृत्व में मेसी फार्गशन के पदाधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर प्रदर्शनी किया गया। इस दौरान मेसी फ़ार्गशन के बिहार-झारखंड मार्केटिंग हेड अनिल यादव, टीएम नवादा राकेश यादव, डिमांस्ट्रेटर रमेश कुमार, फील्ड ऑफिसर ज्ञान प्रकाश व सर्विस इंजीनियर बीरेंद्र कुमार बिस्वाल के साथ शोरूम के हेड मैनेजर प्रशांत कुमार व राम कुमार भी मौजूद रहे। ट्रैक्टर प्रदर्शनी के दौरान पदाधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि फ़ार्गशन की स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी और बीते 65 वर्षों से मेसी फ़ार्गशन किसानों और व्यापारियों को उनकी जरूरत के अनुसार सेवा देते



आ रही है। साथ ही कहा कि अन्य कंपनियों के ट्रैक्टरों के अपेक्षाकृत मेसी फ़ार्गशन की ट्रैक्टरें कम डीजल खपत करती है,जिससे किसानों व व्यापारियों को आर्थिक बचत होती है। इस दौरान मेसी ट्रैक्टरों के विभिन्न मॉडलों के बारे में डेमो देते हुए उसकी उपयोगिता व क्षमता का प्रदर्शन किया गया। वहीं शोरूम के हेड मैनेजर प्रशांत कुमार ने कहा कि जो किसान व व्यापारी अपनी उपयोगिता के अनुसार मेसी फ़ार्गशन की ट्रैक्टर मार्च में बुकिंग करवाते हैं,उन्हें शोरूम की ओर से एक कूलर निःशुल्क उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा। ट्रैक्टर प्रदर्शनी के दौरान मोहनपुर गांव निवासी सुबोध यादव व भेलाटांड़ निवासी ने 7250, करिगांव निवासी बालमुकुंद सिंह ने 7250 चैलेंजर,बहादुरपुर निवासी कृष्ण मुरारी रविदास व लोहसिंघना निवासी महेंद्र सिंह ने 8055,भट्ट बिगहा निवासी मुशर्रफ खान ने 244 फोरविल ड्राइव एवं बहादुरपुर के टुनटुन साव ने 1035 मॉडल के ट्रैक्टर की बुकिंग करवाई।

# राम लखन सिंह यादव की जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** शेर-ए बिहार के नाम से सुविख्यात राजनीतिज्ञ , शिक्षाविद और पूर्व मंत्री रामलखन सिंह यादव की 106 वीं जयंती समारोह रविवार को बुद्धिजीवी विचार मंच के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया । मुख्य आयोजन नवादा नगर के यादव चौक स्थित रंजीत इंग्लिश क्लासेज के सभाकक्ष में हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रखर समाजसेवी रामलखन प्रसाद यादव ने की । मंच संचालन का दायित्व शिक्षक सह संस्कृतिकर्मी राजू रंजन कुमार ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने अन्य शिक्षाविदों के साथ ज्ञानदीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और शिक्षा के लिए संपूर्ण समर्पण का लक्ष्य निर्धारित किया। इस अवसर पर राजबल्लभ प्रसाद ने कहा कि रामलखन सिंह यादव ने गरीब और वंचित समाज के लिए अविस्मरणीय कार्य किया है जिसका लाभ आज भी हम सभी को मिल रहा है । खासकर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सदियों तक याद रखा जाएगा । उपस्थित बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दलितों पिछड़ों और कमजोर लोगों की लड़ाई लड़ने वाले महापुरुषों को कहीं हम भूल तो नहीं रहे है इसका ख्याल रखना होगा । इस कड़ी में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह का नाम लेते हुए कहा कि हम सब ऐसे महापुरुषों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना होगा।

# ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** स्थित ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में रविवार की शाम आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मसीह उद्दीन और फसीह अहमद द्वारा किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा, जदयू नेता अजय कुमार रविकांत, मंजूर आलम, डॉ राकेश कुमार, रोहित सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी सद्भाव व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर



वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, तपस्या और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है तथा विभिन्न समुदायों के बीच रिश्ते मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि दावत-ए-इफ्तार केवल एक धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मेल-मिलाप का भी महत्वपूर्ण अवसर होता है। आयोजकों मसीह उद्दीन और फसीह अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन तथा तरक्की की दुआ की। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस आयोजन में मौजूद रहे।

# इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा स्थित सिटी उत्सव हॉल में इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से संजय पासवान को अध्यक्ष तथा ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद को सचिव चुना गया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड श्रीनिवास शर्मा सहित बड़ी संख्या में नौजवान एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक कॉमरेड शिव प्रकाश राजन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार तथा संगठन के राज्य कार्यालय सचिव विनय कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने किया। इस दौरान




संगठन के पर्यवेक्षक और नौजवान संगठन के जिला सचिव शत्रुघ्न कुमार भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में देश और राज्य के संकटपूर्ण हालात में युवाओं को लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना होगा। सम्मेलन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए प्रभावी रूप से 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई गई। साथ ही यूजीसी और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए युवाओं से इस लड़ाई में आगे आने की अपील की गई। विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ रहे जातीय भेदभाव की भी निंदा की गई तथा अविलंब यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग की गई।सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी रेगुलेशन पर लगाए गए रोक की भी आलोचना की गई और सामाजिक न्याय एवं समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए 18 मार्च 2026 को पटना के समता मैदान में होने वाले महाजुटान में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

# दीपक एवं योगेश के शतक से नवादा जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नालंदा की पावापुरी में आयोजित इंटर डिस्टिक अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नवादा का मुकाबला शेखपुरा की टीम से हुआ। नवादा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। नवादा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए दीपक कुमार ने शानदार शतक 104 रन बनाए एवं योगेश पटेल ने भी शतक 100रन बनाया।




उसके अलावे हर्ष कुमार ने भी 52 रनों का योगदान अपने टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए शेखपूरा की गेंदबाज कन्हैया एवं राहुल ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेखपुरा की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 227 रन ही बना सकी ।शेखपुरा की तरफ से बल्लेबाज सचिन कुमार ने 89 आदित्य ने 37 जबकि संजीव ने 40 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। नवादा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आदर्श पांडे ने शानदार चार विकेट झटके जबकि दीपक एवं सुमन सौरभ ने भी दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से नवादा की टीम ने शेखपुरा की टीम को 124 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया ।आज के मैच में शानदार शतक बनाने वाले दीपक को बीसीए मैनेजर मनीष आनंद एवं शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा प्रसाद यादव के द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

# मंदिर से लेकर चौक-चौराहों की भगवा ध्वज से होगी सजावट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** शहर के धर्मसभा भवन में रविवार को श्री राम नवमी केंद्रीय पूजा समिति की बैठक हुई। पूरे शहर को भगवा ध्वजों से सजाने, शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाने व सभी समितियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी मंदिरों के साथ ही चौक-चौराहों व मार्गों को भगवा ध्वजों से सजाने का निर्णय हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने बताया कि योजना के अनुसार शहर के प्रत्येक मोहल्ले में भगवा ध्वज लगाए जाएंगे। झंडा समिति व आयोजन समितियों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 20 मार्च तक प्रशासन से लाइसेंस प्राप्त कर लें। बैठक में मातृ शक्ति की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि महिला टीम विभिन्न मोहल्लों में संपर्क अभियान चलाकर मातृ शक्ति को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेगी। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने सभी नगर मंत्रियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों के मंदिरों में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए जिससे रामनवमी का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा सके। समिति के उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में देश के लगभग 16 राज्यों से कलाकार शामिल होंगे। बैठक के अंत में समिति के मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि अगली बैठक 22 मार्च को धर्मसभा भवन में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 17 मार्च को अनुमंडल पदाधिकारी के साथ भी बैठक होगी। बैठक में डॉ जयदीश शर्मा, संजू साव, कौशलेंद्र कुमार, मणिलाल बारिक, भोला पटेल, हिमांशु कुमार, शशिकांत मिश्रा, मनीष सिंह, चंदन भदानी, राजू रजक, सुनील बम्बइया, सीमा सिन्हा, मुन्ना बजरंगी, कमाल बरिक, शशि कुमार चौरसिया, प्रशांत कुमार, नवीन कुमार, बिगन विश्वकर्मा, वीणा गिरी, अर्पणा मिश्रा, करुणा सिंह, अर्पणा सिन्हा, इंदु प्रजापति व संगीता सिंह आदि मौजूद रहे।

# जदयू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिन्हा ने संभाला पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जनता दल (यूनाइटेड) के जिला कार्यालय, जहानाबाद में पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार सिन्हा के पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने औपचारिक रूप से प्रोफेसर सुशील कुमार सिन्हा को जिलाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और जब से पार्टी की स्थापना हुई है, तब से वे इसके साथ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। अपने संबोधन में उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में पार्टी को मजबूती मिली है तथा उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रो. सिन्हा ने कहा कि पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी कार्यकर्ता समान होते हैं और सभी के सहयोग से ही संगठन मजबूत बनता है। उन्होंने बिहार की राजनीति पर भी अपनी राय रखते हुए कहा कि राज्य में विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं और इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि भविष्य में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया जाए और इस संदर्भ में निशांत कुमार का नाम भी चर्चा में है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** सिविल कोर्ट अटेंडेंट की परीक्षा देने गया जी पहुंचे दो युवकों के सपने रविवार की सुबह सड़क पर ही बिखर गए। दोनों का परीक्षा केंद्र स्टेशन रोड स्थित अनुग्रह कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय में था। परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में भोजपुर के भसडरा के आशुतोष कुमार और मुजफ्फरपुर के मोहब्बतपुर लखनौरी गांव के रमेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के बाटा मोड़ के पास हुआ। नौकरी पाने का सपना लेकर घर से निकले दोनों युवक अब अर्थी में अपने गांव लौटे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक पूरी तरह नशे में धुत था। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों की ओर बढ़ गया। इस दौरान एक ठेला भी उसकी चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहां मौजूद कई लोग बाल-बाल बच गए। रमेश कुमार के परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह जैसे ही वह गया स्टेशन पहुंचा, उसने अपने पिता को फोन कर इसकी जानकारी दी। पिता से उसकी यह आखिरी बातचीत थी। उसने कहा था कि वह सुरक्षित पहुंच गया है और परीक्षा देने जा रहा है। लेकिन, इस बातचीत के महज 10 मिनट बाद ही हादसे की खबर कोतवाली पुलिस ने फोन पर दी। खबर सुनकर पिता को नहीं हुआ यकीन पुलिस के मुताबिक जब रमेश के पिता को बेटे की मौत की सूचना मिली तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। वह बार-बार यही कहते रहे कि अभी तो उससे फोन कर बताया था कि वह गया जी पहुंच गया है। अचानक इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**डीएलएड का छात्र था रमेश, नौकरी की थी उम्मीद**

परिजनों ने बताया कि रमेश डीएलएड का छात्र था और सरकारी नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा था। सिविल कोर्ट अटेंडेंट की परीक्षा उसके लिए एक बड़ा मौका था। रमेश के भाई राम बिनय सहाय ने बताया कि शनिवार को ही वह गया जी पहुंचा था। गुरुद्वारा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरा था। सुबह सेंटर पर जाने के लिए निकला था। उन्होंने बताया कि रमेश 2021 में दारोगा बहाली निकाल चुका था। मेरिट से ज्यादा नंबर आया। लेकिन, कुछ अभ्यर्थी इसके खिलाफ कोर्ट चले गए थे जिसके कारण मामला कोर्ट में है। रमेश दो भाई और एक बहन में छोटा था। शनिवार की रात अपने मामा के घर मानपुर में रुका था आशुतोष भोजपुर के आशुतोष कुमार भी इसी परीक्षा में शामिल होने गया जी आए थे। लेकिन, परीक्षा देने से पहले ही दोनों की जिंदगी खत्म हो गई।

## नशे में सात गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** रविवार को पिरखासराय गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सात लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया। खिजरसराय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि रविवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि परीखासराय इलाके में कुछ लोग शराब पी रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर सात युवकों को नशे की हालत में पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान पहचान-राजेश चौधरी, सुनिल चौधरी, बुधन चौधरी, अर्जुन चौधरी, जदुन चौधरी, नागों चौधरी, दीपक चौधरी के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

# नशा उन्मूलन पर जागरूकता शिविर आयोजित

## छात्राओं को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया मदन किशोर कौशिक के आदेशानुसार तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी के बैनर तले रविवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, शेरघाटी में नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन तथा नशा मुक्त भारत कानून विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता ओमप्रकाश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि शराब, ड्रग्स, तंबाकू, गांजा, अफीम और नशे वाली गोलियों का सेवन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देती है और इससे अपराध तथा सामाजिक समस्याएं भी बढ़ती हैं। इसलिए जरूरी है कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता शिविर के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, पारा विधिक स्वयंसेवक सोभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चांपी व बेला पंचायत में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा का सदस्यता अभियान, दर्जनों लोग जुड़े

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के चांपि पंचायत एवं बेला पंचायत में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी ने किया। इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। सदस्यता अभियान के दौरान करीब दो दर्जन लोगों ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी ने नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा हमेशा गरीब, असहाय और वंचित लोगों की आवाज उठाने के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मनोज मांझी ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक युवाओं और समाज के हर वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में जनसमस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके। अभियान के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी लोगों से पार्टी की विचारधारा को समझने और संगठन से जुड़कर क्षेत्र के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। इस मौके पर कई स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# काबर प्रीमियर लीग : मुडेरा ने 69 रन से जीता खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोंच (गया)।** प्रखंड के काबर स्थित बाबन सुब्बा गढ़ मैदान में आयोजित काबर प्रीमियर लीग (केपीएल) का फाइनल मुकाबला रविवार को रोमांचक रहा। मैच का उद्घाटन पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार यादव, राजद नेता बिनोद यादव तथा आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान की। फाइनल मैच ग्राम मुड़ेरा और रफीगंज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मुड़ेरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए और 210 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में रफीगंज की टीम 16 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। इस तरह मुड़ेरा ने 69 रन से खिताब अपने नाम किया। मुड़ेरा की टीम ने पांचवीं बार केपीएल जीता है। मैन ऑफ द मैच शिवम किशोर और मैन ऑफ द सीरीज मयंक कुमार रहे। सांसद ने छक्का लगाने वाले खिलाड़ियों को 500-500 रुपये तथा मैदान के बाहर कैच लेने वाले दर्शकों को 1000-1000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी। समारोह में कमेंटेटर गुड्डू कुमार रौशन, सुनील यादव, विकास कुमार, श्रीराम कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ओटीपी साझा करना पड़ा महंगा, साइबर ठगों ने उड़ाए 32,600 रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चांपी गांव में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है जिसमें ठगों ने एक ग्रामीण से ओटीपी हासिल कर उसके बैंक खाते से 32,600 रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद पीड़ित ने शेरघाटी थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांपी गांव निवासी मोहम्मद गुलाफकार के मोबाइल पर 1 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को किसी संस्था से जुड़ा बताकर उनसे बातचीत शुरू की और कई तरह के प्रलोभन देने की बात कही। बातचीत के दौरान ठग ने उनके मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी मांगी।

# भभुआ के लाल कनिष्क ने यूपीएससी में लहराया परचम, 280वीं रैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड स्थित अखलाशपुर निवासी कनिष्क कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में 280वीं रैंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। गृह जनपद आगमन पर कनिष्क का फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कनिष्क भभुआ के पूर्व विधायक स्वर्गीय रामलाल सिंह के पौत्र और मिलन सिंह के पुत्र हैं।

**परिश्रम ही सफलता की कुंजी**

वर्तमान में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में कार्यरत कनिष्क ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और दोस्तों को दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा लक्ष्य सीधा रखें और असफलताओं से घबराएं नहीं। 2020 से इंडियन इकोनॉमिक सर्विस में सेवा देने के बाद अब मेरा लक्ष्य देश और समाज की बेहतर सेवा करना है।

**शिक्षा को दिया प्राथमिकता**

कनिष्क के पिता मिलन सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उनके परिवार का शिक्षा से पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा भले आधी रोटी खाएंगे, लेकिन बच्चों को पढ़ाएंगे। इसी सोच का परिणाम है कि आज मेरा बेटा इस मुकाम पर है। वहीं माता विजया लक्ष्मी ने इसे पूरे कैमूर के लिए गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर आयोजित सभा में शहर के गणमान्य शिक्षाविद् और समाजसेवी मौजूद रहे।

# सांसद ने पिकअप हादसे के पीड़ितों से मिल बंधाया ढाढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** राजद सांसद अभय कुशवाहा रविवार को काबर पंचायत के काजी बिगहा गांव पहुंचे जहां उन्होंने हाल ही में हुए सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढाढस बंधाया। सांसद ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उनके साथ किशोर यादव, सुनील यादव, मो. नेहाल सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं तथा सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि विगत दिनों बुधवार को आमस थाना क्षेत्र के करमाइन मोड़ के समीप राजापुर पुल के पास जीटी रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी लोग धनबाद से बकरी बेचकर अपने गांव काजी बिगहा लौट रहे थे।

# शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड ने किया अंतरराष्ट्रीय रक्तदान सम्मान समारोह आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की और से अंतरराष्ट्रीय रक्तदान अधिवेशन समारोह आयोजित किया गया जिसमें पूरे भारत के अलावा बगल के देशों नेपाल, भुटान के रक्तदान वीरों को शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि गया जी शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड सिर्फ धन्यवाद के पात्र नहीं, गया जी श्रद्धा का केंद्र नहीं है बल्कि स्मृति का केंद्र है। अनंतधीश अमन एवं सोनी वर्मा, प्रमोद भदानी, इकबाल हुसैन ने इस पावन भूमि में अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया है।

# अलग-अलग मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आंती थाना कांड संख्या 14/26 बीएनएस के वांछित अभियुक्त छोटू कुमार (26 वर्ष), पिता विनोद भगत, ग्राम आंती को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम आंती निवासी वादी राजा कुमार पिता उमेश मालाकार ने लगभग डेढ़ माह पूर्व प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज मामले में आरोप था कि ट्यूशन पढ़ाने से समयाभाव में मना करने पर मारपीट की गई थी। इसी क्रम में आंती थाना कांड संख्या 32/26 के अभियुक्त धनंजय कुमार (25 वर्ष), पिता गनौरी यादव, साकिन दौलतपुर, थाना कोंच, जिला गया को भी गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि वह आंती थाना के समीप शराब के नशे में शोरगुल कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया।

# एलजी घरेलू गैस के उपभोक्ताओं को किया जा रहा गुमराह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मध्य पूर्व के देशों में संघर्ष शुरू होने के बाद से ही अफवाहों के बीच घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी शुरू हो गई है। देखते ही देखते यह शहर कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल गई है जिससे घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं पर शामत-सी बन गई है। प्रशासनिक स्तर पर कई स्थानों पर छापेमारी एवं औचक निरीक्षण आदि के एक्शन के बावजूद स्थानीय क्षेत्र में बिचौलिया की तरह काम कर रहे खुदरा एवं सहायक दुकानदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। ये दुकानदार अपने स्तर से पूर्व में दिए गैस का कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को अपना शिकार बना रहे हैं। एक ग्राहक ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के दावथ बाजार में उन्होंने 4 वर्ष पूर्व स्थानीय विक्रेता से कनेक्शन लिया था और अब जब उसका शटर गिरा हुआ है तो उससे संपर्क करने पर ग्राहक को अन्य स्थानों पर 1600 प्रति सिलेंडर के हिसाब से उससे पैसा मांगा जा रहा था। हालांकि ग्राहक ने सिलेंडर नहीं लिया, लेकिन बातचीत के क्रम में उसने अपनी आवाज रिकॉर्ड कराने से परहेज नहीं किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे शातिर किस्म के लोग आपदा को अवसर में बदलने की फिराक में रहते हैं और निचले स्तर के गरीब- गुरबा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बरगला और फुसला कर अधिक पैसा ऐंठ रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर कट्टा लहराकर रील बनाना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** सोशल मीडिया पर रातों-रात मशहूर होने और 'स्वैग' दिखाने का जुनून युवाओं को सलाखों के पीछे पहुंचा रहा है। ताजा मामला चैनपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव का है जहां देसी कट्टे के साथ वीडियो वायरल करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार शाम भभुआ एसडीपीओ मनोरंजन भारती ने प्रेस वार्ता कर इस पूरे कार्रवाई का खुलासा किया।

**वायरल वीडियो से हुई पहचान**

एसडीपीओ मनोरंजन भारती ने बताया कि 13 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि सोशल मीडिया पर एक युवक हथियार लहराते हुए वीडियो पोस्ट कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चैनपुर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के जरिए आरोपी की पहचान नथुनी बिंद के पुत्र संजय कुमार के रूप में की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संजय को हिरासत में लिया।

**दोस्तों के साथ मिलकर खरीदा था हथियार**

पूछताछ के दौरान आरोपी संजय ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर यह देसी कट्टा खरीदा था। वे अक्सर शौक और रील बनाने के लिए इस हथियार का इस्तेमाल करते थे। संजय की निशानदेही पर पुलिस ने गांव के ही उसके दोस्त संदीप कुमार के घर छापेमारी कर वह देसी कट्टा बरामद कर लिया है।

**पुलिस की सख्त चेतावनी**

एसडीपीओ ने बताया कि भभुआ अनुमंडल में अब तक ऐसे मामलों में पांच युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि रील बनाने के चक्कर में कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, इस मामले में शामिल तीन अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर अपना भविष्य बर्बाद न करें।


## नवीनगर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि.
## नवीनगर, औरंगाबाद (बिहार)

Mob. 9473426355

## निविदा

| क्रम स. | परियोजना का नाम | इकाई विवरणी | इकाई मूल्य | निविदा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1 | नाव जाल अवसरंचना सामग्री | नाव- 1, एरियेटर-1, जाल-2 (छोटा और बड़ा), आईस बौक्स -1, पानी मोटर 2 HP -1, प्लास्टिक टब -1, साइकिल -1 | 3 लाख | नवीनगर मतस्यजीवी सहयोग समिति लि. नवीनगर, औरंगाबाद, (बिहार) |

1. इकाई सामग्री समिति के कार्यालय तक आपूर्तिकर्ता को पहुंचानी होगी।
2. आपूर्तिकर्ता को एक साल की वारंटी देनी होगी।
3. सभी सामग्री प्रतिष्ठित कंपनी एवं मानक के अनुरूप होगी।
4. निविदा के सम्बंधित अंतिम निर्णय समिति का होगा जो सभी के लिए मान्य होगा।

अन्य जानकारी हेतु मंत्री देवमुनी चौधरी, नवीनगर मतस्यजीवी सहयोग समिति लि. नवीनगर, औरंगाबाद, बिहार से Mob. 9473426355 पर संपर्क किया जा सकता है।

मंत्री देवमुनी चौधरी,
नवीनगर मतस्यजीवी सहयोग समिति लि.
नवीनगर, औरंगाबाद (बिहार)

संपादकीय

# अब सीईसी के खिलाफ अविश्वास

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब विपक्ष संसद में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। इसके लिए जरूरी नोटिस पर लोकसभा के 130 तथा राज्यसभा के 63 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जबकि जरूरत क्रमशः 100 और 50 सांसदों के दस्तखत की ही है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सर्वाधिक उत्साह में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस हैं, जो वर्तमान सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना चाहते हैं। उनके साथ इंडिया गठबंधन के घटक दल व आम आदमी पार्टी भी हैं। इस प्रस्ताव को चर्चा के लिए दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। विपक्ष ने सीईसी पर सात गंभीर आरोप लगाए हैं। इनमें पक्षपातपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालने और 'बड़े पैमाने' पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना प्रमुख हैं। तृणमूल कांग्रेस का तो सीधा आरोप है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। विपक्ष के आरोपों का आशय यही है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी करने की जगह भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। जबकि सीईसी का काम निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराना होता है। गौरतलब है कि ज्ञानेश कुमार पहले सीईसी हैं, जिनकी नियुक्ति मोदी सरकार द्वारा निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में संविधान संशोधन के बाद हुई है। यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की समिति से बाहर करने के लिए था। जबकि वह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही की गई थी। इस संशोधन के बाद देश में संदेश यह गया कि सरकार अपने किसी खास व्यक्ति को इस महत्वपूर्ण पद पर बिठाना चाहती है, जो पूरी तरह से सरकार के हितों के अनुकूल काम करे। सीईसी नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय समिति में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ज्ञानेश कुमार के नाम असहमति जताई थी, इसके बावजूद सरकार ने उन्हें ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया। यानी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तलवारें तभी से खिंची हुई हैं। ज्ञानेश कुमार के अभी तक के आचरण और कार्यशैली से विपक्ष का शक और गहराया है। अविश्वास प्रस्ताव उसी की परिणति है। यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या यह प्रस्ताव संसद में पारित हो पाएगा? क्योंकि सीईसी को हटाने की प्रक्रिया भी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जजों को हटाने जितनी ही जटिल है। संविधान के अनुसार उन्हें केवल 'कदाचार' अथवा 'अक्षमता' के आधार पर ही हटाया जा सकता है। अविश्वास प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत होने के बाद उसे पारित कराने के लिए संसद के प्रत्येक सदन में कुल सदस्यता का बहुमत और उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों का दो तिहाई बहुमत चाहिए। इस हिसाब से दोनों सदनों में इस प्रस्ताव के पारित होने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि सत्ता पक्ष किसी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगा। जहां तक विपक्ष की बात है तो वह स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भी बहुत गंभीर नहीं था, और शायद इसमें भी नहीं रहे। इस अविश्वास प्रस्ताव पर भी दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। राहुल को स्पीकर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर बोले ही नहीं। उलटे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल को बेनकाब कर दिया। यही नहीं विपक्ष ने स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान में मत विभाजन नहीं मांगा और प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सीईसी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की कवायद भी स्पीकर की तरह महज संदेश देने की है या फिर विपक्ष सचमुच उन्हें हटाने के लिए गंभीर है।

# बिहार से नीतीश कुमार की विदाई के मायने

**नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाना ऐसी घटना है जिस पर लंबे समय तक चर्चा होगी। राजनीति के छात्र भविष्य में इस पर शोध भी करेंगे। भारतीय राजनीति में लंबे समय तक सत्ता शीर्ष पर बने रहने के बाद जब भी कोई स्वयं निवृत होने का फैसला करेगा या नहीं करेगा तब - तब इसे उदाहरण के रूप में पेश किया जाएगा। हमारी राजनीति, मीडिया और बौद्धिक जगत में संदेह का मनोविज्ञान इतना हावी है कि ऐसे किसी कदम को सहज स्वाभाविक स्वीकार नहीं किया जा सकता। विरोधी इसमें षड्यंत्र देख रहे हैं तो इसका उत्तर राजनीति और समाज के चरित्र में है। अपने व्यक्तित्व या अभी तक की घटनाओं के संदर्भ में देखते हैं तो यही निष्कर्ष आएगा। चूंकि भारतीय राजनीति में इस तरह के उदाहरण नहीं है, इसलिए यह असामान्य घटना लगती है। लगभग दो दशक प्रदेश का प्रत्यक्ष नेतृत्व करने के बाद इस निर्णय को सहज स्वीकार करना आसान नहीं होता। उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों के एक वर्ग में भावनात्मक उबाल भी है। कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाप्त हो जाएगा।**

**अवधेश कुमार**

राजनीति और सार्वजनिक जीवन में इतना पाखंड है कि कल तक जो लोग नीतीश कुमार को मानसिक रूप से असंतुलित होने की बात कर वीडियो वायरल करा रहे थे, बयान दे रहे थे वे भी इसमें भाजपा का षड्यंत्र देख रहे हैं। याद करिए जब एक मुस्लिम लड़की को नियुक्ति पत्र सौंपते समय उन्होंने अभिभावकीय भाव में हिजाब पड़कर यह कहते हुए कि क्या लगाई हो हटाओ खींचने की कोशिश की तो कितना बड़ा मुद्दा बनाया गया? वे भी नीतीश के नाम पर छाती पीट रहे। क्या हम राजनीति में ऐसी ही प्रवृत्ति चाहते हैं जहां कोई कभी अपने तरीके से सत्ता शीर्ष से निवृत होने का कदम उठाये ही नहीं? या उन्हें इसके लिए सम्मानपूर्वक तैयार करने की कोशिश नहीं हो? आप चाहते हैं कि ऐसा हो तो इसे सकारात्मक दृष्टि से देखिए।

ऐसी घटना के पीछे निश्चित रूप से कुछ कारण और बड़े प्रयास भी होंगे। अंततः परिणति ही मुख्य अर्थ रखती है। यह कहना कि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनना चाहती थी इसलिए उन्हें हटा दिया गया नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को देखते हुए स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसी टिप्पणी करने वाले नीतीश कुमार को दुर्बल या खोखला व्यक्तित्व साबित कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व में अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री बनाने की इच्छा हो सकती है किंतु इसके लिए नीतीश को जबरन हटाकर गठबंधन में विपरीत संकेत देंगे यह मानने का कोई कारण नहीं है। लोकसभा में भाजपा को बहुमत नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार जदयू और तेलुगू देशम की बदौलत चल रही है।भाजपा नेतृत्व क्या किसी नेता, उनके सहयोगियों या पार्टी से दुर्व्यवहार करने का जोखिम उठायेगी? आम दुष्प्रचार के विपरीत भाजपा अपने गठबंधन के साथियों को सम्मान देती है। महाराष्ट्र में भाजपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे को नहीं छोड़ा बल्कि उन्होंने भाजपा को छोड़ा। नीतीश कुमार को कभी भाजपा ने नहीं छोड़ा उन्होंने ही पाला बदल किया लेकिन जब वापस आए तो सरकार चलाने एवं निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता रही। 2020 में भाजपा को जद यू से ज्यादा सीटें थीं फिर भी मुख्यमंत्री उन्हें ही बनाया। नीतीश पर दबाव डालकर ऐसा कराया जा सकता है यह उनके चरित्र के साथ मेल नहीं खाता। नीतीश कुमार ने जब चाहा भाजपा को छोड़ा और फिर अपनी इच्छा से राजद छोड़ भाजपा के साथ आये। तो फिर?

उन्होंने एक्स पर लिखा है कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूँ। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूँ। कहां जा रहा है कि कारण कुछ और है, यह स्क्रिप्ट औरों ने लिखकर उनकी विदाई का झूठा आधार प्रस्तुत किया है। ऐसा क्या कारण हो सकता है जिसके लिए नीतीश को झूठ बोलना पड़े? प्रत्यक्ष कोई कारण नजर नहीं आता। क्या यह संभव है कि भाजपा नीतीश को दबाव में लाकर मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए मजबूर करे और वे इसे सहन कर जाएं? किसी को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की इच्छा हो और उसे जबरन हटाने की कोशिश होगी तो वह सरकार गिरा देगा। जिस सरकार का मुखिया नहीं हो उसे बनाए रखने में क्या रुचि हो सकती है। तो यह तर्क गले नहीं उतरता। मान लीजिए उन्होंने राज्यसभा को विदाई का बहाना बनाया तो इससे साबित नहीं होता कि किसी दबाव में थे। पिछली बार जब वह राजद के साथ गए थे तो तेजस्वी यादव के सामने घोषणा किया था कि अब अब हम आगे बहुत दिन नहीं रहेंगे और यही लोग आगे बढ़ाएंगे। अपने साथियों से बोलते थे कि अब हम मुख्यमंत्री पद से अलग होना चाहते हैं।यह बात सही है कि पिछले कुछ समय से नीतीश कुमार के व्यवहार, वचन और भाव में अस्वाभाविकता, असहजता और असंतुलन प्रदर्शित होता था। इन कारणों सेसमस्याएं आतीं थीं और दोनों पार्टी के नेताओं को हैंडल करना पड़ता था। इसलिए संभव है उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने की कोशिश हुई होगी। मुख्य बात निर्णय और उसके समय का है सही समय पर लिए गए या कराए गए निर्णय का भी महत्व होता है और यह कई बार इतिहास के लिए उदाहरण भी बन जाता है।



नीतीश कुमार के लिए इससे उपयुक्त अवसर सत्ता शीर्ष से अलग होकर तत्काल सक्रिय रहने का क्या हो सकता है? उनके नेतृत्व में गठबंधन भारी बहुमत के साथ सत्ता मे है, राजनीतिक स्थिरता है, उनके विरुद्ध असंतोष का भाव नहीं है, विकास की गाड़ी पटरी पर है और सक्रिय रहने के लिए राज्यसभाकी सदस्यता है। शायद वे सीधे निवृत्ति की घोषणा करते तो विरोध ज्यादा उग्र और हिंसक हो सकता था। तो समर्थकों को समझाने के लिए उनके पास राज्यसभा में जाने की इच्छा का एक आधार है।

सच कह तो यह अवसर नीतीश कुमार के संपूर्ण राजनीतिक जीवन, उनके योगदान आदि का निष्पक्ष मूल्यांकन का है। बिहार का नेतृत्व भाजपा के समर्थन से उन्होंने तब संभाल जब प्रदेश गहरे निराशा, हताशा और अवसाद से ग्रस्त था। बिहार में कुछ हो सकता है इसकी कल्पना ही नहीं थी। भारत और उसके बाहर बिहार कुशासन, अविकास, सामाजिक जातीय तनाव, नेताओं के भ्रष्टाचार का शर्मनाक उदाहरण बन गया था। बिहार शब्द गाली हो गई थी और स्वयं को बिहारी कहने में लोग शर्म महसूस करते थे। नीतीश के नेतृत्व में जनता दल यू और भाजपा ने बिहार में न केवल आशा, उम्मीद और उत्साह पैदा किया बल्कि कानून और व्यवस्था पुर्नस्थापित कर प्रदेश को विकास के रास्ते सरपट दौड़ा दिया। पिछले लंबे समय से इसका विकास दर शीर्ष राज्यों के समान या कई बार आगे रहा है। लेकिन ध्वस्त हो चुके प्रदेश को वहां तक ले जाना आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के नाम पर जातीय विभाजन और टकराव बनाए रखना एवं सेकुलरिज्म के नाम पर मुस्लिम परस्त नीति की काट के लिए पिछड़ों में अति पिछड़े, दलित में महा दलित, मुसलमान में पसमांदा आदि समूह खड़े किए और इससे जातिवाद दूसरे रूप में मजबूत हुआ। किंतु उनके कल में किसी तरह का जाति संघर्ष नहीं होना भी सच्चाई है। दूसरे, लड़कियों और महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के कदम उनके दूरदर्शी विजन और लैंगिक समानता के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। जहां लड़कियां डर से स्कूल कॉलेज जाने से बचती थी वहां सीमित संसाधनों में उनके लिए साइकिल, वस्त्र, पुस्तकों और प्रोत्साहित करने के लिए वजीफे आदि की व्यवस्था ने चमत्कार कर दिया। हालांकि इन सबके पीछे भाजपा की भी भूमिका थी किंतु आज जब हम उनका मूल्यांकन करते हैं तो ये सब उनके योगदान में जुड़ेंगे। महिलाओं को स्थानीय निकाय में 33 प्रतिशत आरक्षण की सामाजिक वर्णक्रम बदलने में ऐतिहासिक भूमिका थी। अगर कुछ निहित स्वार्थी बुद्धिजीवियोंऔर समर्थकों के प्रभाव में आकर सेकुलरिज्म के नाम पर उन्होंने 2013 में तब गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अतिवादी रवैया अपनाते हुए गठबंधन नहीं तोड़ा होता, राजद के साथ नहीं गए होते तो उनके ऐतिहासिक योगदान निर्दोष होते। 2010 के विधानसभा चुनाव में लालू यादव का संपूर्ण परिवार पराजित हो गया था, पार्टी न्यूनतम वोट और सीटों पर आ गई थी। इसके अंत के साथ बिहार में विपक्ष की नई राजनीति के उभरने की संभावना थी। उन्होंने 2015 में साथ चुनाव लड़कर राजद को जीवन दान दिया। इस भूल के लिए उन्हें पश्चाताप होगा। पर उन पर किसी तरह के वित्तीय भ्रष्टाचार, परिवारवाद आदि का आरोप नहीं लगा और यही सच्चाई है। उनके पुत्र इतने समय बाद राजनीति में आ रहे हैं तो इसे परिवारवाद को बढ़ावा देना नहीं कह सकते। सत्ता शीर्ष से स्वयं को अलग करने के कदम पर ऐसे व्यक्ति का अभिनंदन होना चाहिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

अध्यात्म

## हम जैसा सोचेंगे, वैसा ही जीवन बनता जाएगा

एक छोटे से गांव में एक व्यक्ति को नशे की बहुत बुरी लत थी। उसके दो बेटे थे, उसकी पत्नी का निधन हो चुका था, इसलिए घर की जिम्मेदारी उसी पर थी, लेकिन वह अपने बच्चों की देखभाल ठीक से नहीं करता था। दोनों बेटे रोज अपने पिता को नशा और झगड़ा करते देखते थे। समय बीतता गया और दोनों बेटे बड़े होने लगे। कुछ वर्षों बाद उनके पिता की भी मृत्यु हो गई। अब दोनों भाइयों को अपने जीवन का रास्ता खुद तय करना था। बड़ा बेटा अपने पिता को ही अपना आदर्श मान बैठा। उसने वही रास्ता अपनाया, जो उसके पिता ने अपनाया था। धीरे-धीरे वह भी नशे की लत में फंस गया। उसका जीवन बर्बादी की ओर बढ़ने लगा। न तो उसके पास कोई काम था और न ही कोई सम्मान। उसकी हालत बिल्कुल अपने पिता जैसी हो गई।

दूसरी ओर छोटा बेटा बिल्कुल अलग सोच रखता था। उसने अपने पिता के जीवन को ध्यान से देखा था, लेकिन उसने पिता के जीवन से एक अलग सीख ली। वह सोचता था कि अगर उसने भी वही रास्ता अपनाया, तो उसका जीवन भी खराब हो जाएगा। इसलिए उसने तय किया कि वह मेहनत करेगा, पढ़ाई करेगा और अपने जीवन को बेहतर बनाएगा।

उसने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई पर ध्यान दिया। कई बार उसे परेशानियां भी आईं, लेकिन उसने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे उसकी मेहनत रंग लाने लगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसे एक नौकरी मिल गई। उसके पास सुख-सुविधाएं थीं और सम्मान भी मिलने लगा।

लोगों को यह देखकर बहुत आश्चर्य होता था कि एक ही घर में पले-बढ़े दो भाइयों का जीवन इतना अलग कैसे हो सकता है। एक दिन कुछ लोगों ने बड़े भाई से पूछा कि तुम्हारी ऐसी हालत क्यों हो गई? उसने जवाब दिया कि मेरे पिता की वजह से। वे हमेशा नशा करते थे। मैं भी उन्हें देखकर ऐसा ही बन गया। फिर लोग छोटे भाई के पास पहुंचे और उससे पूछा कि तुम इतने सफल कैसे बने?

छोटे भाई ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं भी अपने पिता की वजह से ही सफल बना हूं। मैंने उन्हें देखा और सोचा कि मुझे उनके जैसा नहीं बनना है। इसलिए मैंने मेहनत की और अपने जीवन में सकारात्मक रास्ता अपनाया। इस जवाब को सुनकर सभी लोग समझ गए कि जीवन में परिस्थितियों से ज्यादा महत्व हमारे नजरिए का होता है।

# इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी

**अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा मंगाई गई 'एम्स अस्पताल' की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक करने की कोई उम्मीद नहीं? तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया। दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छामृत्यु की इजाजत देकर पूर्णकार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। मुश्किल फैसला है लेकिन करना पड़ेगा। चिंता और चिता में बिंदी का फर्क है। चिता मृत शरीर को जलाती है पर चिंता जिंदगी को जलाती रहती है। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके नश्वर शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।**

**डॉ. रमेश ठाकुर**

इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरान में होंगी, लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था। पर, उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था जिसका उन्होंने कानूनी मर्यादयों में रहकर अपना फर्ज निभाया।

ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने 'मेडिकल बोर्ड' को गठित' करने का आदेश दिया। बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

गौरतलब है, इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु कानून में जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी। लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रूकती। लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं, बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है। समूचे विश्व में भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता? लेकिन हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।



बेशक ये निर्णय पहला है, पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे। क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने का इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे। इस मसले पर केंद्र सरकार कोई समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनाना होगा। हालांकि, इस फैसले को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये केस रियर और दुर्लभ श्रेणी का है। फैसले के बाद पूरा हिंदुस्तान हरीश राणा के माता-पिता के जिगरे को भी सलाम कर रहा है।

हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त-2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई। तब से लेकर आज तक तमाम चिकित्सीय सुविधाएं दी गईं, लेकिन सभी बेबसर साबित हुईं। पिछले साढ़े 13 सालों से वह अचैत अवस्था में बिस्तर पर है। सारे डॉक्टर हार गए, कोई दवा काम नहीं आई। हार कर माता-पिता घर उसे ले आए और लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कर दिया। इस दरम्यान माता-पिता की समूची जिंदगी आर्थिक और मानसिक रूप से बेटे के स्वस्थ होने की चाह में तबाह हो गई। झूठी आस में बेटे की सेवा करते रहे। लेकिन उसकी भी एक सीमा होती है। आखिर कब तक वह बेटे को जिंदा रखते। माता-पिता शारीरिक रूप से भी जब कमजोर होने लगे तो उन्होंने हाईकोर्ट में इच्छामृत्यु की गुहार लगाई, जो अब कहीं जाकर मंजूर हुई है।

अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा मंगाई गई 'एम्स अस्पताल' की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक करने की कोई उम्मीद नहीं? तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया। दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छामृत्यु की इजाजत देकर पूर्णकार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। मुश्किल फैसला है लेकिन करना पड़ेगा। चिंता और चिता में बिंदी का फर्क है। चिता मृत शरीर को जलाती है पर चिंता जिंदगी को जलाती रहती है। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके नश्वर शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें। उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ**
अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**मिथुन**
पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क**
जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह**
विद्यार्थी नये कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अतः सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें।

**कन्या**
आज आप कुछ चिन्तित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन शुभ है। घर में अतिथियों का आगमन होने की सम्भावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**वृश्चिक**
परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**धनु**
पुराना कर्ज आज उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे, जिसका आपको लाभ भी मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर**
आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिये व्यवहार में सन्तुलन बनाये रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ**
नये सम्पर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आज आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मीन**
प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंद बच्चों को जिप सदस्य की ओर पठन-पाठन सामग्री

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के हल्दी छपरा सात आना टोले में मनेर पश्चिमी की जिप सदस्या पुनम देवी की ओर से छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग, कॉपी, कलम, पेंसिल कटर, पेंसिल किताब एवं पेंसिल बॉक्स का वितरण किया गया



।समाजसेवी एवं जिप परिषद सदस्य के प्रतिनिधि प्रशांत कुमार उर्फ सोनू बाबा ने लगभग 200 ऐसे बच्चों के बीच स्कूली पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया।वही मनेर पश्चिम की जिप सदस्या पूनम देवी ने बताया नए सत्र में जरूरतमंद विद्यार्थी 1 अप्रैल से ही घर से बैग और किताबें लेकर पढ़ने जाएं कि एक नई पहल की शुरूआत की है जिसमें वह जरुरतमंद बच्चों तक पहुंचकर उन्हें पठन पाठन की जरूरतमंद सामग्री दे रही हैं।यह वितरण प्रखंड के सभी पंचायतों में क्रमवार चलेगा।मौके पर योगेंद्र यादव, धनन्जय सिंह,जायसवाल राय,कन्हाई राय,बिक्की सर,धीरज कुमार,अभिषेक सिंह आदि मौजूद थे।

### बाढ़ में निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरएसएस के 100वां स्थापना दिवस के अवसर पर बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के मैदान से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा अनुग्रह नारायण कॉलेज से चलकर पोस्ट ऑफिस घाट पर पहुंच कलश में गंगा जल भर पुनः अठर कॉलेज पहुंची। पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्परर के 100 वाँ वर्षगांठ मनाया जा रहा है इस अवसर पर राष्ट्र रक्षा और गौ माता की रक्षा हेतु कलश यात्रा निकाली गई है।

### उजला गंगा बालू घाट चालू करने को लेकर सिया की टीम ने किया निरीक्षण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के छितनावा के समीप गंगहारा मौजा में स्थित उजला बालू घाट को चालू करने के लिए रविवार को सिया की टीम ने निरीक्षण किया।बालू घाट संख्या -01 एच को शेरपुर के



हच ब्रिक्स रामप्रवेश सिंह के नाम से बंदोबस्त की गई है।बंदोबस्त धारी को बंदोबस्त देने को लेकर सिया से पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए अधिकारियों का दल पहुंचा। खनिज विभाग प्रदूषण विभाग पर्यावरण विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से घाट का अपने-अपने पहलू से निरीक्षण किया। निरीक्षण में खनिज विभाग के निरीक्षक गोविंद कुमार पर्यावरण के तकनीकी सलाहकार शशि कुमार एवं बंदोबस्तधारी हच ब्रिक्स शेरपुर के प्रोपराइटर रामप्रवेश सिंह मौजूद थे। बताते चले कि उजला गंगा बालू घाट अगर चालू कर दिया जाता है तो हजारों लोगों का रोजी रोजगार की समस्या खत्म होगी, साथ ही मकान निर्माण में तेजी आने की संभावना है।

### लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोरियावां गढ़ गांव में एक शादी समारोह को लेकर रविवार को देव पूंजी का कार्यक्रम चल रहा था उस दौरान घर से मंदिर की ओर जाने के रास्ते में सभी महिला लड़कियां झूमते नाचते गातेजा रही थी,उसी दौरान गांव के ही दो लड़कों ने एक लड़की को हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगे, इस मामले में पिडिता के द्वारा दिए गए बयान पर गांव के अक्षय कुमार पिता अनिल चंद्रवंशी और कांता कुमार पिता दारा केवट पर छेड़खानी को लेकर आवेदन लेकर कार्रवाई की गुहार लगाई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### डीजे बजाने को लेकर बाराती-सराती आपस में भिड़े, दो महिला समेत कई जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के कोरियावां म गढ़ गांव में बिते शनिवार के देर शाम को गांव में आए हुए बारात में डीजे बजाने को लेकर बाराती पक्ष और सराती पक्ष में जमकर मारपीट हो गई ,जिसमें दो महिला समेत चार जख्मी हुए हैं ।दरअसल बताया जा रहा है कि जब गांव में बारात आई उसे दौरान सराती पार्टी के रिश्तेदार प्रेम शंकर कुमार पिता बेनीलाल अनउउआ, अरवल निवासी से बारात के तरफ से महेश चौधरी दीघा पटना में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई,उसी को लेकर हंगामा शुरू हो गया, इस दौरान दो महीला समेत चार जख्मी हो गई है ।इस मामले में प्रेम शंकर कुमार ने मसौढी थाने में आवेदन लिखकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जिसमें 10 हजार छिनतई, दो बॉक्स और मोबाइल लेने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ पुनपुन पुलिस ने चलाया अभियान ,1000 जावा महुआ गुड़ घोल नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को पुनपुन पुलिस ने खैरूद्दीन चक और श्रीपालपुर गांव स्थित मुसहरी में सघन छापेमारी चलाई गई जहां पर जमीन के अंदर गाड़े हुए कई ड्रम को खोद कर निकाला गया, जहां हजारों लीटर जावा महुआ गुड़ घोल को नष्ट किया गया है,



थानाधयक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि शराब बनाने वाले धधेबाज अब जमीन में गड्ढा खोदकर अंदर गढ़े मे रख रहे हैं ताकि किसी को नहीं पता चले ,गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए जमीन से दो दर्जन से अधिक गाड़े हुए ड्रम को बाहर निकाल कर उसे नष्ट किया गया है यह ऑपरेशन शराब निरंतर कार्रवाई चलते रहेगी हालांकि शराब बनाने वाले धंधेबाज फरार हो गया।

### 118 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 118 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र अंतर्गत हासनचक गांव निवासी नवीन कुमार और पल्लू राम को 118 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पास के ही एक सीमेंट भट्ठा के समीप शराब को बिक्री के उद्देश्य से छुपा कर रखा गया था। जिसकी सूचना पर त्वरित करवाई कर शराब बरामद कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधि सम्मत करवाई की जा रही है।

### हत्या का प्रयास मामले के दो आरोपित गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के कमरापर गांव से हत्या का प्रयास मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अथमलगोला थाना कांड संख्या 380/25 में उक्त अभियुक्तों की तलाश थी। जिसे थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पशु चिकित्सा सह जागरूकता शिविर आयोजित

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पशु चिकित्सा सह जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें निःशुल्क दवा वितरण के साथ लगभग 252 पशुओं का उपचार किया गया।प्रखंड के रामनगर दियारा पंचायत अंतर्गत गणपत राय टोला में आयोजित इस शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक स्वाति श्रीवास्तव, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मवीर कुमार एवं डॉ. अक्षांश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मवीर कुमार ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुओं का नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार एवं स्वच्छ वातावरण उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पशुपालकों को गाय, भैंस एवं बकरियों में होने वाली प्रमुख बीमारियों जैसे खुरपका-मुंहपका, गलघोटू, लंपी स्किन रोग, थनैला तथा बकरी प्लेग आदि के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पशुपालन ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

# ईंट लदे ट्रैक्टर की ठोकर से दो मासूम सहोदर भाइयों की हुई मौत

**मचा बवाल, मौके पर पहुंची पुलिस को ईट मार कर खदेड़ा ■भीड़ को देख पुलिस बनाने लगी वीडियो, पुलिस पर पथराव**







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया पुल पर रविवार को तकरीबन पांच बजे एक ईट लदे ट्रैक्टर के ठोकर लगने दो मासुम बच्चे की मौत मौके पर ही हो गई है, मृतक दोनो भाई थे,जिसकी पहचान खैनिया गांव के मो. जुबेद के दोनों पुत्रों मो. अरशद आलम ( 10वर्ष ) और अनश आलम ( 8 वर्ष ) है। पिडित मो. जुबेद के मात्र यही दो एक पुत्र थे।दरअसल घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि भगवानगंज की ओर से तेज रफ्तार में एक ईंट लदा हुआ ट्रैक्टर आ रहा था, उसी दरमियान यह दोनों बच्चे ट्यूशन पढ़कर अपने घर सड़क के किनारे से जा रहे थे, उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में मासूम बच्चे आ गये और मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा अत्यंत चिंताजनक हालत में आनन फानन में अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। वही इस घटना के बाद मौके पर चालक फरार हो गया है ,घटना के बाद घंटों बवाल मचा रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर घंटा हो हंगामा कर विरोध प्रदर्शन करते हुए ईट लदे ट्रैक्टर को बिच सड़क पर ही उतार दिया वहीं सूचना पाकर जैसे ही भगवानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो भीड़ को देख मोबाइल से रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों मे गुस्सा और पनप गया, उसके बाद ईट लदे ट्रैक्टर से ईट निकालकर पुलिस पर फेंकना शुरू कर दिया और पुलिस को ही खदेड दिया, इस घटना के बाद कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची, वहीं हो हंगामा और बवाल को देखते हुए पुलिस घटना स्थल से दूरी बनाए रखा।सूचना पा कर सहायक पुलिस अधिक्षक कोमल मीणा भी मौके पर पहुंची,जहाँ हालात काबु करने की कोशिश मे जुटे रहे, वही घटनास्थल पर देवरिया पंचायत के ओम प्रकाश यादव पूर्व मुखिया मनोज कुमार समेत कई लोग पहुंचकर मामला को शांत करने में जुटे रहें और पीड़ित परिजनों को यथासंभव मदद करने का भरोसा जताते हुए ढढांस बंधाया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, 7 घायल, एक महिला पटना रेफर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के भदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जन्दीनगर गांव में रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल कौशल्या देवी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में पहले पक्ष के शिव कुमार, कौशल्या देवी और सूरज कुमार शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष के गिरीश महंतो, बबलू कुमार, कुसुम कुमारी और मणि देवी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार, विवाद का कारण पुराना जमीनी झगड़ा बताया जा रहा है। डायल 112 के पुलिसकर्मी राधेश्याम ने बताया कि दूसरे पक्ष के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है, जिसे पहले पक्ष के लोगों ने छीनकर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले 18-20 वर्षों से उनकी जमीन पर दूसरे पक्ष द्वारा कब्जा कर खेती की जा रही है। कई बार जमीन वापस मांगने के बावजूद टालमटोल किया जाता रहा। रविवार को जब उनकी जमीन पर गोबर-गोयठा किया जा रहा था, तब विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और जब परिवार के लोग घर के अंदर चले गए तो दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की एक महिला का कहना है कि परिवार के भीतर जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। उनके अनुसार बड़े और मंझले चाचा मिलकर छोटे चाचा की जमीन जोत रहे हैं और जमीन वापस करने की बात कही गई थी, इसके बावजूद मारपीट की घटना हुई। यह विवाद करीब 20 वर्षों से चला आ रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## बेदौली में आहर पईन से पानी निकासी नहीं होने के कारण दो दर्जन से अधिक किसानों की खेती पर संकट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आहार पाईन से पानी निकासी नहीं होने के कारण तकरीबन दो दर्जन से अधिक किसानों की खेती संकट में आ गई है। फसल खेतों में ही सडकर बर्बाद हो गए हैंः दरअसल यह मामला मसौढ़ी प्रखंड के बेदौली पंचायत की है जहां पर तकरीबन 20 से अधिक किसानों के 30 बिघे में होने वाली खेती पर संकट गहरा गया है। बताया जाता है की खेत के बगल से आहार पाईन गुजरी है जिसमें पूरे गांव का पानी और सात निश्चय नल जल का पानी से हुआ जल जमाव इस कदर हो गया है कि उसका पानी गांव के पश्चिम दिशा से पूरे खेत में भर आया है, जिससे खेत में जल जमाव होने के कारण फसल कट नहीं पाई और इसी में सड कर बर्बाद हो गई है। जिसके कारण लोगों की रोजी-रोटी भी आफत हो चुकी है। पीड़ित किसानों में सुबोध पाल की तकरीबन तीन बिघे की फसल बर्बाद हो गई है, राजू पाल की 15 कट्ठा की खेती, लालबिहारी यादव की 15 कट्ठा की खेती, अनिल यादव दो बीघा की खेती, देवनारायण यादव के तीन बीघा, इंद्रजीत सिंह समेत तकरीबन 20 किसानो की इसी तरह की खेती बर्बाद हो रही है। पिडित किसानों ने कहा की स्थानीय प्रशासन और जल सिंचाई विभाग को इस संबंध में पत्र लिखकर गुहार लगाये हैं ऐसे में इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार इस समस्या को जायजा लेने के लिए बेदौली गांव पहुंचे और किसाने की समस्या को अवगत होते हुए आश्वासन दिया कि सात निश्चय पार्ट 2 के तहत जल जीवन हरियाली के तहत आहार पाईन की उड़ाई करवाई जाएगी और जहां कहीं आहार पाईन के निकासी में अवरोध हो रहा है मिल बैठकर उसका बीच का रास्ता निकाला जाएगा।

**बीडीओ ने दिया आश्वासन**



## जमीन विवाद में हुए दो गुटों में हिंसक झड़प, मामले में कुल 5 नामजद आरोपित गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के लाला बीघा गांव में बीते 12 मार्च को जमीन विवाद में हुए दो गुटों में हिंसक सड़क की घटना के बाद तकरीबन आधा दर्जन लोग जख्मी हुए थे और इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मसौदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों तरफ से कुल पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष की ओर से छोटू नट पिता शिव बालक नट की ओर से छह लोगों पर प्राथमिकी गई थी, वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी पांच लोगों पर प्राथमिकी की गई थी। ऐसे में पुलिस ने दोनों पक्षों से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में चंदन नट पिता टेरी नट, बग्गा नट पिता टेरी नट, गौरव नट पिता टेरी नट,एवं दुसरे पक्ष से श्रवण नट पिता छोटू नट, छोटू नट पिता शिव बालक नट है दरअसल इस पूरे मामले में पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामला यह है कि आवेदक द्वारा बताया गया कि छोटू नट के पिता की दो कठ्ठा जमीन है उसमें से गोरख नट को एक रूम बनाने के लिए कुछ जमीन दी गई थी लेकिन गोरख नट एक रूम बनाने के बजाय दो रूम बना रहा था, इसी को लेकर गाली गलौज मारपीट से घटना की शुरूआत हुई, उसके बाद लाठी डंडे पसुली चलना शुरू हो गया जिसमें तकरीबन कई लोग जख्मी हुए थे ।फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## धनरूआ पुलिस ने शराब की मिनी फैक्ट्री को किया ध्वस्त, हजारों लीटर जावा महुआ घोल को किया नष्ट

**नदी और जंगल शराब माफियाओं का बना सेफ जोन**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के कड़े कानून के बावजूद शराब माफिया तरह-तरह के हथकंडे अपना कर शराब बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं, और इन शराब धंधेबाजों के लिए आहार पाईन नदी और जंगल सेफ जोन बन गया है। ऐसे में रविवार को धनरूआ पुलिस ने निजामत गांव में एक मिनी शराब की फैक्ट्री ध्वस्त की है, जहां पर बड़े पैमाने पर देसी शराब बनाया जा रहे थे, जमीन में बड़े-बड़े ड्रम में महुआ फूल को सडाया जा रहा था, एवं शराब चुलाई करने के लिए बड़े-बड़े उपकरण लगाए गए थे। दरअसल निजामत गांव दरधा नदी के किनारे पर एक जंगल नुमा जगह पर रहा है, जहां शराब कारोबारी का यह सेफ जोन माना जाता है और बड़े पैमाने पर तैयार किए जाते हैं। हालांकि कई बार मध्य निषेध विभाग की ओर से और स्थानीय पुलिस की ओर से भी बड़ी कार्रवाई की गई है बावजूद शराब माफिया शराब बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। और जब पुलिस की छापेमारी होती है तो नदी और जंगल का फायदा उठाकर शराब कारोबारी भाग निकलते है। ऐसे में रविवार को थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए बड़ी कार्रवाई करते हुए चल रही मिनी शराब की फैक्ट्री को ध्वस्त करते हुए शराब कारोबारियों की कमर तोड़ने की कोशिश की है।

## जीविका दीदी के हाथों सिली ड्रेस पहनकर मुस्कुराएंगे आंगनबाड़ी के बच्चे, विधायक ने किया वितरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीविका दीदी के हाथों सिले हुए कपड़े पहन कर अब आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे खुश नजर रहे हैं दरअसल मसौढ़ी प्रखंड के कोरियामा गढ़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 88 में मसूरी विधायक अरुण मांझी ने बच्चों के बीच आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के यूनिफॉर्म का वितरण कार्यक्रम किया है जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र के तकरीबन 40 बच्चों के बीच जीविका दीदी के हाथों सिली हुई ड्रेस का वितरण किया मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी महिला पर्यवेक्षाका रूबी कुमारी राधा कुमारी के साथ पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित है इस मौके पर विधायक अरुण मांझी ने कहा कि जीविका दीदियों के लिए रोजगार के नए अवसर खोल रही है, वहीं आंगनवाड़ी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोशाक मिलेंगे।जीविका दीदियों को उनके घर के पास ही सिलाई का काम मिल रहा है, जिससे उन्हें रोजगार मिल रहा है. विभिन्न सिलाई सेंटरों पर जीविका दीदियां पोशाक सिलाई का कार्य कर रही हैं. इस तरह से पोशाक निर्माण से जुड़कर बड़ी संख्या में दीदियों को घर के पास ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की इस पहल से न सिर्फ जीविका दीदियों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि आंगनवाड़ी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोशाक भी उपलब्ध हो रही है।

### नौ दिवसीय श्री श्री रुद्र महायज्ञ के समापन पर सरवां ग्रामवासी की तरफ से भंडारा का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में चल रहे 9 दिवसीय श्री श्री रुद्र महायज्ञ के आठवें दिन सरवां ग्राम वासियों की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया, जहां सैकडों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, यह श्री श्री रुद्र महायज्ञ बीते 6 मार्च से कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत पूरे विधि विधान के साथ हुआ था, वही नौवे दिन यज्ञ स्थल पर आयोजन समिति के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा,बहरहाल आयोजित रूद्र महायज्ञ के प्रत्येक संध्या आए हुए महाराज के द्वारा श्री राम कथा एवं शिव कथा सुनाई गई, उसके बाद वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा रासलीला का आयोजन किया गया था। जहां सैकड़ो की संख्या में प्रत्येक शाम महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी, रासलीला में भगवान श्री कृष्णा गोपियों द्वारा रासलीला का चित्रण किया गया।

## गांधी मैदान मसौढी में भव्य रूप से मनाया जाएगा ईद मिलन समारोह, तैयारी को लेकर हुई बैठक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद के मौके पर गांधी मैदान मसौढी में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को सर्व धर्म समभाव समिति के तत्वाधान मे बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वनाथ प्रसाद केसरी एवं संचालन अरविंद रंगकर्मी ने किया। बैठक में ईद मिलन समारोह की तैयारी पर विशेष चर्चा हुई और यह संकल्प लिया गया कि हिंदू मुस्लिम एकता ,आपसी भाईचारा एवं धार्मिक समरसता का एक संदेश मसौढ़ी की ऐतिहासिक धरती से देंगे,बैठक में सर्वसम्मति से आयोजित ईद मिलन समारोह में शिक्षा विद राहुल चंद्रा को अध्यक्ष चुना गया, जबकि अफराज साहिल को सचिव बनाया गया। महासचिव के पद पर सिंदर सिंह बग्गा कोषाध्यक्ष सनोज कुमार शिक्षक, संचालन अरविंद रंगकर्मी, पंकज सिंह शिक्षक , संतोष कु अनमोल उपाध्यक्ष मोहम्मद मसूद राजा उप सचिव अशोक सिंह जबकि संयुक्त सचिव संजय यादव को बनाया गया। बैठक में मार्गदर्शक के रूप में डॉ सुधीर कुमार,पालटन सिंह,कृष्णा यादव, प्रो सी पी मंडल, लालमोहन सिंह,कृष्ण शर्मा शिक्षक, मो शाहिद, रंजीत पटेल, संजय केसरी, विनेश चौधरी,विश्वनाथ केसरी , शंभू सिंह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, उज्जवल कुमार विश्वरंजन रेड क्रॉस प्रभारी,राकेश पंडितप्रखंड अध्यक्ष राजद, प्रतीक पटेल,सरोज सिंह, पिंटू रजक, पप्पू अंसारी , अनिल कुमार मिठ्ठू,अजय शर्मा,बिट्टू कुमार, संजीव कुमार राजपूत,मृत्युंजय पांडे,दीपक शर्मा, गुड्डू रंगरेज, मोहम्मद मुमताज आलम, नीरज शर्मा, विजय यादव,मोहम्मद सज्जाद आलम को बनाया गया।

# इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन संपन्न

**सर्व सम्मति से संजय पासवान अध्यक्ष, ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद सचिव निर्वाचित**




**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां -हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती सिटी उत्सव हॉल,हिलसा में भाकपा माले की इकाई इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पार्टी के जिला सचिव कामरेड श्रीनिवास शर्मा के साथ पार्टी जन संगठन की भारी संख्या में नौजवान और महिला कार्यकर्ता की उपस्थिति हुई। कार्यक्रम में इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सचिव व पूर्व विधायक कामरेड शिव प्रकाश राजन एवं जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार संगठन के राज्य कार्यालय सचिव विनय कुमार भी उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने किया। पर्यवेक्षक जिला सचिव शत्रुघन कुमार भी उपस्थित रहे। बक्ताओं ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वक्त की मांग बन गई है कि देश और राज्य के वर्तमान संकटग्रस्त हालात मे युवाओं से लोकतांत्रिक अधिकारों एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का समय है। सम्मेलन में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग को प्रभावी ढंग से 65% आरक्षण की मांग उठाई गई । यूजीसी और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सरकार के दोहरे चरित्र का पदार्फाश करते हुए हुए नौजवानों को इस लड़ाई में उठ खड़े होने की अपील की गई।विश्वविद्यालय और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ रहे जातीय भेदभाव और उत्पीड़न की तीखी निंदा की गयी और अविलंब यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग की गयी। यूजीसी रेगुलेशन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल लगाए गए रोक की तीखी निंदा की और इस यूजीसी समता के अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए आगामी 18 मार्च को पटना में समता महजुटान में भारी संख्या में शरीक होने की अपील की गयी। सम्मेलन का समापन सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। सम्मेलन में 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया इस मौके पर सम्मेलन को पार्टी प्रखंड सचिव अरुण यादव,नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष वीरेश कुमार,दिनेश कुमार यादव,रामदास अकेला,शैलेश कुमार, केंद्रीय कमेटी सदस्य अधिवक्ता श्रीकृष्णा प्रसाद , कुमार अविनाश आदि लोगों ने भी इस सम्मेलन को संबोधित किया।

## मो. सिकंदर उर्फ बिट्टू हत्याकांड में दो महिला को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, 6 नामजद, मुख्य अभियुक्त फरार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के मलिकाना मोहल्ले के मो. सिकंदर उर्फ बिट्टू हत्याकांड मामले में मसौढी पुलिस ने दो नामजद महिला आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है, जिसमें भोली देवी पति मुकेश कुमार यादव और उसकी बेटी तन्नू कुमारी पिता मुकेश कुमार यादव गंगाचक मालिकाना निवासी है,जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। दरअसल बीते 12 मार्च की सुबह तकरीबन 4:00 बजे मृतक मोहम्मद सिकंदर उर्फ बिट्टू को मोबाइल फोन पर कॉल कर घर पर बुलाया और उसकी हत्या कर गंगाचक मालिकाना वार्ड नंबर 31 के संगत पर मुसहरी के पास नाले में शव को फेंक दिया था, इस मामले में मृतक की मां लाडली बानो पति अली हसन मालिकाना वार्ड नंबर 31 के बयान पर कुल छह लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज किया था और इस पूरे मामले में मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय अवध यादव को बनाया गया था, मृतक की मां लाडली बानो ने बताया की 4 महीने पहले भी घर पर आकर मुकेश कुमार ने गोलीबारी करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। बहरहाल पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई है। कई जगह पर छापेमारी की जा रही है। बहरहाल सूत्रों के मुताबिक मुख्य अभियुक्त बहुत जल्द ही सरेंडर करने की जानकारी मिल रही है। दरअसल इस पूरे घटनाक्रम के पीछे प्रेम संबंध की बात सामने आ रही है। पुलिस बिंदुवार मामले की छानबीन में जुटी ।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में मनोकामना मंदिर से लौटते समय दर्दनाक हादसा, 7 भारतीय श्रद्धालुओं की मौत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के गोरखा जिला में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 7 भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी श्रद्धालु मनकामना मंदिर में दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं से भरी एक ईवी गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई और करीब 150 से 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।



### बगहा को राजस्व जिला बनाने की मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर बगहा को राजस्व जिला का दर्जा देने एवं शास्त्रीनगर-बेलवनिया पुल के निर्माण में कार्य को लेकर ज्ञापन सौंपा। सांसद सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण जिले वासियों को अनेकों सौगात दी है और यहां की जनता की हितों को सर्वोपरि रखा है। सांसद सुनील कुमार ने कहा मुख्यमंत्री श्री कुमार बिहार में विकास के प्रतीक है। वे हम सभी के अभिभावक है उनसे मिलकर नई ऊर्जा का संचार होता है।

### मां की पुण्यतिथि पर तारापुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**तारापुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को सरकारी हेलीकाप्टर से तारापुर के पार्वती नगर स्थित हेलीपैड पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी माता व पूर्व विधायक स्व. पार्वती देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उपमुख्यमंत्री ने स्व. पार्वती देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और श्रद्धांजलि के साथ की। इस दौरान उन्होंने उनकी सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। उप मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिला फुटबाल महोत्सव के विजेता बढोनियां टीम और उपविजेता अमैया टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन की प्रेरणा देता है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। समारोह में स्थानीय लोगों की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पटना के लिए रवाना हो गए। राज्य में सरकार और नए सीएम को लेकर चल रहे कयासों पर मीडिया से बातचीत नहीं की।

### मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के तैयारी का डीएम एसपी ने लिया जायजा



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी सप्ताह में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कों लेकर जिले में युद्ध स्तर पर तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है।जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी सप्ताह माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को ले कर चल रहीं तैयारियों का आज निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल साफियाबाद हवाई अड्डा का निरीक्षण कर आवश्यक निदेश दिए गए। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा भगत सिंह चौक स्थित पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री साफियाबाद हवाई अड्डा पर सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा आयोजित आमजन सभा को सम्बोधित भी करेंगे। साथ हीं पोलो मैदान में चौपर से उतरने के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री संग्रहालय के समीप बने जिला उद्योग केंद्र के नवनिर्मित भवन का अवलोकन करेंगे, तत्पश्चात कष्टहरणी घाट, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नवनिर्मित भवन तथा भगत सिंह चौक स्थित पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों को एक्टिव मोड में कार्य करने के निदेश दिए गए हैं।

### ट्रेन मैनेजर के क्वार्टर में आठ माह में दूसरी चोरी की घटना से सहमे रेलकर्मी

घटना आदर्श थाना क्षेत्र के रामपुर कॉलोनी जमालपुर का

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदर्श थाना जमालपुर के रामपुर कॉलोनी क्वार्टर नंबर 283 जीएच में आठ माह में दूसरी बार चोरी की घटना से रेल परिवार सहमे नजर आ रहे हैं। क्वार्टर में चोरी की घटना के बारे में ट्रेन मैनेजर नंदन कुमार ने बताया कि 1 साल के अंदर दूसरी बार हमारे क्वार्टर में चोरी हुई है। पहले हुए चोरी मामले में पुलिस ने सिर्फ प्राथमिक की दर्ज कर अपना दायित्व पूरा कर लिया था। आठ माह के बाद आज दूसरी बार फिर चोरी हुई है अभी तो हम बाहर हैं आने के बाद ही कुछ बता पाएंगे कि क्या क्या चोरी हुई है। हालांकि स्वजनों ने बताया कि चोरों ने क्वार्टर का ताला तोड़कर अलमारी बक्सा खोल कई तरह के कीमती सामान चुराए हैं। विशेष जानकारी आने के बाद ही पता चलेगा। इधर चोरी की घटना की जानकारी जमालपुर पुलिस को मिलने के बाद गश्ती दल रेल क्वार्टर पहुंचकर मामले की जांच किया है। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूर पर जानलेवा हमला मामले में आरोपित गिरफ्तार

घटना सफियासराय फरदा पुयारी टोला का

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सफियासराय थाना क्षेत्र के फरदा पुयारी टोला गांव में बीते रात्रि एक मजदूर पर सनकी व्यक्ति के द्वारा जान मारने की नीयत से किए गए हमले मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के बारे में थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि घायल मजदूर के भाई बेंगलुरु में काम करता था वहीं पर गुड्डू चौधरी के साथ रुपए लेनदेन को लेकर कोई बात विवाद हुआ था। इस मामले को लेकर बीते रात्रि सनोज चौधरी जब अपने घर में सोया हुआ था तो जान मारने की नीयत से गुड्डू चौधरी कुदाल लेकर उनके घर पहुंच गया और सनोज को सोया देख कुदाल से हमला कर दिया। हमले में सनोज का पर बुरी तरह से घायल हो गया। घर के लोगों ने शोर मचाया तो गुड्डू चौधरी फरार हो गया। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तो गश्ती दल ने गुड्डू चौधरी को खरीद कर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि मजदूर पर जानलेवा हमला आरोपी की गिरफ्तारी हुई है करवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की थानाध्यक्ष ने की अपील



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा शहर में भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर आदर्श थाना जमालपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के अध्यक्षता में आयोजित बैठक उपस्थित लोगों ने पर्व को धार्मिक आस्था के साथ मनाने की बात कही। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद को लेकर शहर में व्यस्तता बढ़ गई है इसको लेकर सामाजिक सौहार्द बना रहे इसको लेकर जनता जनप्रतिनिधि समाजसेवी की बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि सौहार्द भाईचारा को स्थापित कर यह संदेश देने का काम करें। रही बात रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा की तो सरकार एवं प्रशासन से जारी गाइडलाइन के अनुसार ही हम सभी पर्व को खुशी खुशी मनाएंगे। बैठक में उपस्थित राजीव नायक, मोहम्मद इशा चंचल, प्रमोद पासवान, मोहम्मद मुकीम, इंद्रदेव दास, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन को विश्वास दिलाया कि जमालपुर हमेशा पर्व त्यौहार के दौरान सौहार्द को बनाए रखना है और इस बार भी यह नजारा दिखेगा।

# निरीक्षी न्यायधीश राजेश कुमार वर्मा के किया राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन निरीक्षी न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय राजेश कुमार वर्मा के कर - कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंच पर अभिषेक कुमार दास, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इसरार अहमद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सौरभ जोरवाल, जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण, स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण, राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे, महासचिव, तथा शेषनाथ कुंवर, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती श्वेता सिंह, एसीजेएम द्वारा किया गया। निरीक्षी न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक समाज है, तब तक विवाद रहेंगे। किन्तु इन विवादों के समाधान के लिए एक सशक्त मंच राष्ट्रीय लोक अदालत के रूप में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पक्षकार अपनी सूझ-बूझ एवं आपसी सहमति से लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का सरल और त्वरित समाधान कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से समाप्त होने वाले विवादों में न किसी की हार होती है और न किसी की जीत, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से सौहार्दपूर्ण समाधान होता है। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय इसरार अहमद, पप्पू दुबे तथा श्री शेषनाथ कुंवर ने भी लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत भारत की न्याय व्यवस्था का एक अत्यंत प्रभावी एवं मानवीय तंत्र है, जिसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित, सस्ता एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है, बल्कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का अवसर प्रदान किया जाता है। इससे न्यायालयों का भार कम होने के साथ-साथ समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द भी बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 7 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## नवपदस्थापित प्रशिक्षु आइपीएस हेमंत सिंह का स्वागत, पूर्व थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को भावभीनी विदाई



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल थाना परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने नव पदस्थापित थानाध्यक्ष (प्रशिक्षु आईपीएस) हेमंत सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं स्थानांतरण पर जा रहे पूर्व थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नवपदस्थापित थानाध्यक्ष हेमंत सिंह को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और रक्सौल में बेहतर कानून-व्यवस्था कायम रखने की उम्मीद जताई। साथ ही पूर्व थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष बिमल कुमार सर्राफ, इंडो-नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जदयू नेता सन्नी पटेल, जदयू नगर अध्यक्ष प्रदीप भारती, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, सोनू गुप्ता, कांग्रेस नेता मनोरंजन तिवारी, भारत विकास परिषद के रजनीश प्रियदर्शी, कपड़ा बैंक की निदेशिका ज्योति गुप्ता, रमेश गुप्ता, राजू गुप्ता, देशबंधु गुप्ता, सोमेश्वर कुशवाहा, निशांत श्रीवास्तव, के. मोहन, राजेश गुप्ता, सुबोध कुमार, तेजबहादुर यादव, समसूदीन आलम तथा राजद नेता सैफुल आलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चम्पारण एक्सपो 2026 के लिए चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद की संयुक्त बैठक



**चम्पारण एक्सपो 2026 में उत्तर बिहार के मोतिहारी में कुल 60 स्टॉल लगाये जायेंगे : अध्यक्ष महेश सिन्हा**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आज एक बैठक स्थानीय रामसन प्लाजा के सभागार में चंपारण एक्सपो 2026 के लिए संयुक्त रूप से सम्पन्न हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य था चंपारण एक्सपो 2026 की तैयारी एवं साथ में प्रेस वार्ता कर बताया गया है कि चंपारण एक्सपो 2026 में उत्तर बिहार के मोतिहारी सहित बेतिया गोपालगंज मुजफ्फरपुर दरभंगा समस्तीपुर के कुल 60 स्टाल लगाए जाएंगे। इसका प्रवेश निःशुल्क रहेगा इस चंपारण एक्सप्रो 2026 का उद्देश्य है लघु उद्योग को बढ़ावा देना।इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष महेश सिन्हा और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम भीमसरियां कर रहे थे। इस बैठक में कार्यक्रम संयोजक डॉ. विवेक गौरव, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अनुपम जायसवाल राजीव विजडम, कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा, डॉ. कमलेश कुमार, मेहुल लाल, हेमंत कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजीव जायसवाल, अभिमन्यु कुमार नॉर्थ बिहार चैंबर के प्रमोद जाजोदिया सज्जन शर्मा, मनोज केजरीवाल, राज कुमार श्रॉफ, मुकेश कुमार शामिल थे। चंपारण एक्सपो 2026 को सफल बनाने के लिए प्रचार गाड़ी को संयुक्त रूप से रवाना किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आलोक कुमार ने किया । उक्त जानकारी महासचिव सह - मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

## हत्या मामले में वांछित इनामी अपराधी चंदन गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा में लाइन होटल संचालक के पिता की गया मामले में फरार 10 हजार का इनामी बदमाश चंदन गिरी को बिहार पुलिस की विशेष कार्य बल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चंदन गिरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चंदन गिरी को साहेबगंज थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव से पकड़ा। बताया गया है कि चंदन गिरी के खिलाफ कोटवा थाना में दर्ज कांड संख्या 270/25, दिनांक 19.07.2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई 2025 को कोटवा थाना क्षेत्र के लाइन होटल पर ट्रक से तेल निकालने के दौरान ड्राइवर और होटल संचालक द्वारा विरोध किए जाने पर चंदन गिरी और उसके साथियों ने गोलीबारी कर दी थी।

## स्वास्थ्य शिविर: नगर पंचायत एकमा बाजार सभागार में स्वच्छता से जुड़ी 56 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार में स्वच्छता से जुड़ी महिला कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज व मुख्य पार्षद श्वेता रानी के आदेशानुसार तथा स्वच्छता पदाधिकारी सुषमा शेखर के नेतृत्व में नगर पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत महिला सैनिटेशन वर्कर्स एवं स्वच्छता से जुड़ी महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा की मेडिकल टीम ने कुल 56 महिलाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेडिकल टीम में डॉ अमरजीत कुमार सिंह, डॉ पिंकी कुमारी, फार्मासिस्ट रंजीत कुमार, लैब तकनीशियन सुनील कुमार तथा एएनएम रीना कुमारी शामिल रहीं। चिकित्सकों ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही उन्हें आवश्यक परामर्श दिया और जरूरत के अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराईं। इस दौरान चिकित्सकों ने महिलाओं को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। डॉ अमरजीत कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता कार्य में लगी महिलाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है, इसलिए समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। इस अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज, अवधेश यादव, दीपक राज, सतीश कुमार यादव, संजीत कुमार, परवेज अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित टाइटन शोरूम में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू




**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मेन रोड स्थित लक्ष्मीपुर इलाके में रविवार को टाइटन वर्ल्ड और टाइटन आई के शोरूम में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।बताया जाता है कि आग लगने के समय शोरूम के अंदर रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग से हुए नुकसान का सटीक आकलन नहीं किया जा सका था। घटना के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। मौके पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# महिला चोर गिरोह को संरक्षण देने वाले चेहरे को बेनकाब करेगी रेल पुलिस

मुंगेर जमालपुर के वैसे सुनार की तलाश हेतु पुलिस जुटा रही साक्ष।



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर राज्य चोर गिरोह के सरगना तक पहुंचाने के लिए रेल एसपी विद्यासागर की टीम मुंगेर जमालपुर के उसे सोनार की तलाश में जुट गई है जो भारी मात्रा में चोरी का आभूषण खरीदना था और उसके बदले नगद रुपए चोर गिरोह के सदस्यों को दिया करता था। रेल एसपी इस पूरे प्रकरण का खुलासा करते हुए बताया रेलवे में यह सबसे बड़ा महिला चोर जीरो का भंडाफ रेल पुलिस आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम ने मिलकर किया है इसलिए टीम में शामिल पदाधिकारी जवान कांस्टेबल को पुरस्कार मिलेगा। लेकिन गिरफ्तार चार महिला चोर गिरोह की सदस्य जो अपने आप को फर्जी आईडी के अनुसार जामताड़ा झारखंड राज्य की बताई जा रही है। जो अभी तक के अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह फर्जी पता है इसलिए इसका पता लगाने को लेकर जेल भेजे गए सभी चोर गिरोह की महिला को रिमांड पर लिया जाएगा। रेल एसपी ने यह भी कहा कि महिला चोर गिरोह को संरक्षण देने वाला उसे मास्टर पुरुष के साथ मुंगेर जमालपुर के उसे सुनार की तलाश हेतु पुलिस साक्षी जुटा रही है जो वर्षों से चोरी के सोना चांदी के बदले मोटी रकम चोर गिरोह के सदस्यों को दिया करता था। रेल एसपी ने यह भी कहा कि आरपीएफ जीआरपी एवं सीआईबी की टीम चोर गिरोह के महिलाओं को गिरफ्तार करने में थोड़ी भी देर करती तो वे सभी अपना ठिकाना बदल देने के फिराक मे थी। रेल एसपी ने यह भी कहा कि रेल यात्रियों के सामानों को लूटने एवं आभूषण को चोरी करने वाले इस महिला गिरोह का पर्दा तो किया गया है पर पूरी तरह इसे पर्दा रेल पुलिस जल्द ही उठाने वाली है जो मुंगेर जमालपुर के वैसे सफेद पोस सुनार एवं इनका संरक्षण देने वाले चेहरे को बेनकाब करेंगे। इसके लिए रेल एसपी ने रेल थानाध्यक्ष जमालपुर के स्वराज कुमार को यह जिम्मेदारी सोपी है।

## ट्रक सहित 24 टन चावल गायब, नौ लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रक पर चावल लोड कर पश्चिम बंगाल ले जाने के बहाने धोखाधड़ी कर 24 टन चावल गायब करने का मामला प्रकाश में आया है। चावल की कीमत नौ लाख सात हजार 23 रुपये है। मामले में अनिल रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट के मालिक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महानागनी टोला निन्हवलिया निवासी बबलू कुमार ने मुफस्सिल थाना में 12 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बबलू कुमार ने पुलिस से बताया है कि नगर के औद्योगिक क्षेत्र के समीप उनका अनिल रोड लाइंस नामक ट्रांसपोर्ट है। औद्योगिक क्षेत्र स्थित अरुदीप एग्रो चावल मिल के प्रोपराइटर हरिओम ने उनसे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में 24 टन चावल भेजने के लिए ट्रक का प्रबंध करने को कहा था। इसी बीच विजय महतो नामक व्यक्ति ने उनके पास फोन किया और कहा कि अगर बंगाल का माल हो तो उनके पास गाड़ी है, वे माल पहुंचा देंगे।

## चंपारण एक्सपो 2826 की तैयारी को लेकर बैठक



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्थानीय रामसन प्लाजा के सभागार में चंपारण एक्सपो 2026 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चंपारण एक्सपो 2026 की तैयारी साथ में प्रेस वार्ता उल्लेखनीय है कि चंपारण एक्सपो 2026 में उत्तर बिहार के मोतिहारी सहित बेतिया, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर के कुल 60 स्टाल लगाए जाएंगे। इसका प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस चंपारण एक्सप्रो 2026 का उद्देश्य है लघु उद्योग को बढ़ावा देना। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष महेश सिन्हा और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम भीमसरियां ने किया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ विवेक गौरव, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सुरेश चंद्र कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अनुपम जायसवाल राजीव विजडम कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा, डॉ कमलेश कुमार, मेहुल लाल हेमंत कुमार सुनील कुमार श्रीवास्तव राजीव जायसवाल अभिमन्यु कुमार नॉर्थ बिहार चैंबर के प्रमोद जाजोदिया सज्जन शर्मा मनोज केजरीवाल, राज कुमार श्रॉफ मुकेश कुमार मौजूद थे। चंपारण एक्सपो 2026 को सफल बनाने के लिए प्रचार गाड़ी को संयुक्त रूप से रवाना किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोतीहारी के प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आलोक कुमार ने किया।

## प्रॉपर्टी डीलर रंजीत हत्याकांड का 6 घंटे के अंदर पुलिस ने किया खुलासा, महिला अभियुक्त गिरफ्तार



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदर्श थाना जमालपुर के बड़ी दरियापुर निवासी सिमेश्वर तांती के पुत्र रंजीत हत्याकांड का खुलासा घटना के 6 घंटे बाद सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर रंजीत की हत्या करने वाला कोई और नहीं उनके साथ डेल्सकॉन होम कंपनी मैं काम करने वाली एक महिला निकली। हत्याकांड का खुलासा करते हुए सीडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव गली में पड़ा हुआ। थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। थानाध्यक्ष को व्यक्ति के संदिग्ध मौत होने का शक हुआ तो फॉरेंसिक जांच टीम के सहारे मामले की वैज्ञानिक जांच एवं डॉग स्क्वायड का सहारा लिया गया। इस जांच के तहत पास के ही एक महिला का नाम सामने आया जिसको पुलिस ने तुरंत महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दिया। पूछताछ के कदम में महिला ने अपना जुर्म को स्वीकार करते हुए बताई की मृतक व्यक्ति के साथ मेरा कुछ कहा सुनी हो गई थी इसी दौरान उसकी चोट लगी और उसकी मौत हो गई। इधर हत्याकांड के महत्व 6 घंटे के बाद पुलिस के द्वारा खुलासा करने से सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए की रंजीत का हत्यारा उनके साथ काम करने वाली महिला देवे श्री निकली।

# सेवलाइफ फाउंडेशन और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण का आयोजन




**पटना/गोपालगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवलाइफ फाउंडेशन ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के सहयोग से हाल ही में को गोपालगंज कलेक्ट्रेट सभागार में 44 कानून प्रवर्तन एजेंट्स और एनएचएआई अधिकारियों के लिए बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (बीटीएलएस) प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सेवलाइफ फाउंडेशन के जीवन रक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता गोपालगंज के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर पवन कुमार सिन्हा ने की। इंजीनियरिंग, आपातकालीन देखभाल, प्रवर्तन और शिक्षा को शामिल करते हुए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण से तैयार किया गया यह प्रशिक्षण सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए गोपालगंज के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर पवन कुमार सिन्हा, आईएएस, ने कहा, "एनएच-27 पर सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु को कम करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रशिक्षण सत्र के बारे में बोलते हुए सेवलाइफ फाउंडेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पीयूष तिवारी ने कहा, "सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रशिक्षित प्रथम प्रतिसादकर्ता पीड़ित की जान बचा सकते हैं। आज तक, सेवलाइफ फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में 26,000 से अधिक कानून प्रवर्तन एजेंट्स और नागरिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया है, सड़क दुर्घटना पीड़ितों के प्रति आपातकालीन प्रतिक्रिया की गुणवत्ता में सुधार किया है और 2012 से 2017 के बीच सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में 30% की कमी में योगदान दिया है।

# चपरा में पांच अप्रैल को होगा योग महासम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के चपरा में 5 अप्रैल को योग महासम्मेलन आयोजित होंगे। तैयारी को लेकर आज से प्रचार-प्रसार सूर्य मंदिर परिसर स्थित अदरी नदी किनारे छठ घाट पर भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति और युवा भारत के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले योग महासम्मेलन की तैयारी को लेकर आज से प्रचार-प्रसार अभियान का शुभारंभ किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 7:30 बजे तक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा, जबकि सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन आयोजित होगा। सभी कार्यक्रम पंचदेव धाम आश्रम, चपरा (अंबा, कुटुंबा) में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामदेव बाबा के परम शिष्य एवं केंद्रीय मुख्य प्रभारी राकेश मित्तल का आगमन सुनिश्चित हुआ है। वे 4 अप्रैल की देर शाम पंचदेव धाम आश्रम पहुंचेंगे, जहां भारत स्वाभिमान और पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और योग शिक्षक ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत करेंगे।



बैठक में जिला प्रभारी विनोद आर्य, किसान सेवा समिति प्रभारी बृजमोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष अवधेश, सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. रविशंकर, प्रखंड प्रभारी इंद्रजीत, नगर अध्यक्ष भारत सिंह, नगर उपाध्यक्ष रामानुज सिंह, कार्यालय प्रभारी विनोद पासवान, ओमप्रकाश सिन्हा, संगठन मंत्री संजीव गुरुजी, प्रखंड संवाद प्रभारी मृत्युंजय मिश्रा, डब्बू, मदन, अभयानंद गिरि, बद्री यादव, बृजेश, डॉ. आरपी मेहता, डॉ. विकास, कृष्ण मुरारी जायसवाल, बिंदु राय, सरवन पाठक, अजय भगत, अशोक, संतोष मिश्रा, बद्री नारायण सिंह, सुधीर सिंह, मिथिलेश महतो, रामाशीष, रामदेव, सिद्धेश्वर, मिथिलेश विश्वकर्मा, गाइडर चौधरी, ललू, कन्हैया, रमेश, अजीत, सह प्रभारी जितेंद्र गुप्ता, केदार विश्वकर्मा, शंकर, नीरज सिंह, दयानंद, कौशलेंद्र, शशि सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय कुमार, रवि, विजेंद्र कुमार, अवधेश सिंह, विजय सिंह, प्रमोद, घूरन साव, अमरेश, रामाशीष सिंह, धनंजय सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, महेश प्रसाद वर्मा, सुनील कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भजन-कीर्तन के माध्यम से किया शिव गुरु की महिमा का गुणगान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र के फतेहा गांव में रविवार को एक दिवसीय महाशिव चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोजपा नेता एवं समाजसेवी सोनू सिंह सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने भाग लिया और भजन-कीर्तन के माध्यम से शिव गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इब्राहिमपुर निवासी सुरेंद्र गुरु भाई ने चर्चा के दौरान कहा कि इस धरती पर शिव से बड़ा कोई विकल्प नहीं है। शिव ही परमात्मा हैं और उनके स्मरण मात्र से ही मनुष्य के दुख और कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से शिव भक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

# भारी वोटों से स्नेही जीते, सहायक सचिव पद पर दर्ज की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद कार्यसमिति चुनाव 2026-28 की मतगणना के आखिरी दिन सहायक सचिव पद एवं वरीष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए मतगणना की गई। सहायक सचिव पद पर सतीश कुमार स्नेही ने भारी मतों से जीत दर्ज की।

मतगणना में सहायक सचिव पद के लिए सतीश कुमार स्नेही को 406 वोट मिले, जबकि श्यामनंदन तिवारी को 295 वोट, पवन कुमार सिंह को 280 वोट और मनोज कुमार सिंह को 220 वोट प्राप्त हुए। इस पद पर सतीश कुमार स्नेही, श्यामनंदन तिवारी एवं पवन कुमार सिंह को विजयी घोषित किया गया। वहीं वरीष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर यमुना प्रसाद सिंह, मो. अकमल हसन, अनील कुमार सिंह, संत सिंह एवं महेश प्रसाद सिंह विजयी हुए।



इस पद के लिए यमुना प्रसाद सिंह को 270 वोट, मो. अकमल हसन को 234 वोट, अनील कुमार सिंह को 214 वोट, संत सिंह को 179 वोट तथा महेश प्रसाद सिंह को 176 वोट प्राप्त हुए। इसके अलावा ओंकार कुमार सिंह को 168 वोट, मिथलेश कुमार को 166 वोट, विपिन बिहारी मिश्रा को 130 वोट, संजय कुमार सिन्हा को 126 वोट, अम्बुज कुमार सिन्हा को 116 वोट, सुनील कुमार सिंह को 95 वोट और सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह को 90 वोट मिले।

चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना सम्पन्न होने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं एवं उम्मीदवारों को बधाई दी तथा विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं।

# दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने गये युवक की पांच मंजिला मकान से गिरकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार से बाहर दूसरे प्रदेश मे मजदूरी करने गये एक युवक की मौत पांच मंजिला मकान से गिरने से हो गई है। घटना शनिवार की शाम तेलंगाना राज्य के रंगारेडी जिले के बेच्चीबौली थाना क्षेत्र के एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की है। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के बालूगंज निवासी अजय पासवान के 22 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप मे हुई है। इस घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया है। परिजनों ने बताया कि,उक्त युवक तेलंगाना राज्य के रंगारेडी जिले के बेच्चीबौली थाना क्षेत्र मे एक निर्माणाधीन बिल्डिंग मे सरिया सेटरिंग का काम कर रहा था।शनिवार को वो पांच मंजिला बिल्डिंग पर काम कर रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वो निचे गिर गया। जिसमे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही जहाँ परिवार मे कोहराम मच गया वहीं इलाके मे शोक की लहर व्याप्त हो गई। माँ हेमंती देवी एवं पिता अजय पासवान का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिजनों ने वहां काम करवा रहे ठीकेदार एवं फोरमैन से सम्पर्क कर शव को घर लाने की कोशिश मे जुट गये है। इधर परिजनों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर वहां के स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क साधने की कोशिश की है। मृतक के भाई ने बताया कि, कंस्ट्रक्शन मालिक से बात हुई है। उचित मुआवजे देने को लेकर आश्वासन दिया गया है। साथ ही शव को घर भेजा जा रहा है। रविवार की रात्रि शव घर तक पहुंच जायेगा। मृतक अपने तीन भाइयों मे सबसे छोटा था।



## भगवती देवी शर्मा का मना अवतरण दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को देव प्रखंड मुख्यालय स्थित रामजानकी गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार की ओर से माता भगवती देवी शर्मा के अवतरण दिवस के अवसर पर मानसिक जाप का आयोजन किया गया जिसमें भ्रष्टाचार निवारण हेतु प्रार्थना किया गया। इस दौरान भगवती देवी शर्मा से संबंधित प्रसंगों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि वे एक आदर्श गृहिणी, वात्सल्यमयी मां, उत्कृष्ट तपस्विनी, आध्यात्मिक शक्तियों का दिव्य स्त्रोत, ओजस्वी वक्ता एवं कुशल व्यवस्थापिका थी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में अध्यक्ष रामसेवक अग्रवाल, व्यवस्थापक गीता देवी, महिला मंडल के सरिता अग्रवाल, ललिता शर्मा, सचिव अपिश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, शांति देवी, अनिता देवीं, अमरेन्द्र चौरसिया के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# डाक बंगला पर भाजपा का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## कार्यकर्ताओं को संगठन से लेकर एआई तकनीक तक दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के डाक बंगला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत रविवार को दोपहर 12 बजे मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आवासीय प्रशिक्षण सत्र रविवार को प्रारंभ होकर सोमवार प्रातः समारोप के साथ संपन्न होगा। प्रशिक्षण शिविर में मंडल की मूल्य समिति, मंडल कार्य समिति, सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक–सह संयोजक तथा पंचायत अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण ,पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से पूर्ण वंदे मातरम का गायन हुआ। प्रशिक्षण शिविर को कुल सात सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को भाजपा का इतिहास और विकास, पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्य पद्धति, कार्य विस्तार की दृष्टि, सरकार की उपलब्धियां और उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया, AI तकनीक, नमो ऐप और सरल ऐप के उपयोग, बूथ प्रबंधन, मन की बात, टिफिन बैठक तथा आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। विषयवार जिला प्रशिक्षक के रूप में दीनानाथ विश्वकर्मा, सुबोध कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, विजय सिन्हा, आचार्य प्रमोद मिश्रा, ई. विवेक सिंह चौहान एवं शुभम सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, ग्रामीण महामंत्री शिवनारायण साव, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, चन्दन कुमार, राहुल कुमार,उपेंद्र साव, रिंटु देवी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के कलाली मोड़ के समीप एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच के द्वारा बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन राजेंद्र कुमार राकेश ने किया। विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी एवं लालदेव पासवान ने बताया कि आगामी अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि अगली बैठक में जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए एक समिति (कमेटी) का गठन किया जाएगा, जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर विभिन्न जिम्मेदारियां तय करेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग और व्यापक जनभागीदारी पर जोर दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनय सिंह, राजेंद्र कुमार राकेश, सरिता बौद्ध, उपेंद्र कुमार, रामाशीष प्रसाद, रामाशीष दास, भोला चौधरी, लालदेव पासवान, मुसाफिर बौद्ध, संजय दास, आर के निराला, विनय राम, रविंद्र राम, बिनेश्वर दास, सुबोध कुमार पासवान, दयानंद दास, अर्जुन पासवान, शिव शंकर दास कौशल्या देवी जितेंद्र नारायण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों पर डेढ़ लाख से अधिक जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के जमसारी गांव में शनिवार को बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान मीटर बाईपास कर तथा खंभों से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। विभाग ने सभी पर कुल 1 लाख 57 हजार 964 रुपये का आर्थिक दंड लगाया है और स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता कुमारी श्वेता सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव में यह छापेमारी की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपित मीटर को बाईपास कर या बिजली के खंभों से सीधे तार फंसाकर बिजली की चोरी कर रहे थे। पकड़े गए लोगों में मिथलेश कुमार पर सर्वाधिक 80 हजार 557 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा सुरेंद्र राम पर 24 हजार 197 रुपये, सुरेश नोनिया पर 20 हजार 31 रुपये, शंकर यादव पर 12 हजार 302 रुपये, गुड़िया देवी पर 11 हजार 271 रुपये तथा पप्पू कुमार पर 9 हजार 606 रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। कनीय अभियंता ने बताया कि जुर्माने के साथ-साथ सभी नामजद आरोपितों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल में नीतीश कुमार, मानवबल मुकेश कुमार अकेला और संतोष कुमार सहित विभाग के कई अन्य कर्मी तथा पुलिस बल शामिल थे।

# दहेज के लिए मारपीट, पति समेत सास-ससुर नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार रफीगंज प्रखंड के गोठानी गांव निवासी समृद्धि कुमारी ने आवेदन देकर बताया कि उनकी शादी 28 जून 2023 को गया जिला के चाकन थाना क्षेत्र के बिखनपुर गांव निवासी अभय कुमार सिंह के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ भानु के साथ हुई थी। शादी के समय उनके पिता ललन कुमार सिंह द्वारा करीब 11 लाख रुपये नगद तथा सात लाख रुपये से अधिक की सामग्री दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग एक बुलेट बाइक और पांच लाख रुपये नगद की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उनके साथ मारपीट की गई और प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि 23 दिसंबर 2025 को ससुर अभय कुमार सिंह, पति नीतीश कुमार उर्फ भानु, सास प्रभा देवी, भैसुर राहुल कुमार उर्फ रॉकी, गौतनी मेघा कुमारी, गया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गेरे गांव निवासी नंदोषी प्रिय रंजन कुमार तथा ननद खुशबू कुमारी ने मिलकर उनके जेवर व कीमती सामान छीन लिया और घर से निकाल दिया। इसके बाद वह किसी तरह अपने मायके पहुंची। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मारपीट में युवक व उसकी मां घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज थाना क्षेत्र के तेलथुआ गांव में गाली-गलौज के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक एवं उसकी मां घायल हो गए। घायलों की पहचान तेलथुआ गांव निवासी तरुण कुमार एवं उनकी मां विमला देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही अनुरुद्ध विश्वकर्मा ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान तरुण कुमार और उनकी मां विमला देवी घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## खड़े टोटो में अनियंत्रित बाइक सवार ने मारी टक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र में बाइकों के साथ स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इस स्टंटबाजी से नवयुवक अपनी जान के साथ-साथ दूसरे की जान को भी खतरे में डालते हैं। रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे ड्योढ़ी स्थित रजवरिया टोला के गोरे राजवंशी के छोटे पुत्र सन्नी कुमार बाइक पर स्टंटबाजी करते हुए कन्या मध्य विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा युवक बाइक को लहरिया कट से नचा रहा था, इसी बीच बाइक का संतुलन बिगड़ा और सड़क किनारे खड़े टोटो में जा टकराया। इस सड़क दुर्घटना में युवक के सिर और पैर में गम्भीर चोटें आई है,जबकि आम जनमानस बाल-बाल बच गए। सड़क दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की टीम को दी गई एवं घायल युवक को उपचार हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।

# डिजिटल पेमेंट को लेकर जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर चल रहे डिजिटल पेमेंट अवेयरनेस वीक 2026 के छठे दिन रफीगंज प्रखंड के पंचायत ढोसीला अंतर्गत गांव फेसरा में लोगों को डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शनिवार को रफीगंज सीएफएल की टीम द्वारा गांव में जाकर लोगों के बीच सर्वे किया गया तथा डिजिटल लेन–देन के प्रति जागरुकता फैलायी गयी। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार सिंह एवं शोभित कुमार ने लोगों के बीच जाकर सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, एईपीएस और क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने की जानकारी दी गई। इस वर्ष अभियान की थीम "थोड़ा ध्यान से" रखी गई है, जिसके तहत सुरक्षित डिजिटल लेन-देन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सर्वे के दौरान लोगों को डिजिटल भुगतान के फायदे बताए गए तथा उन्हें सुरक्षित तरीके से लेन-देन करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन या बैंक खाते से जुड़ी कोई भी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इस मौके पर गांव में रंगोली प्रतियोगिता और स्वधार मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया।




Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**

*Name of the Election : **Council of States (Rajya Sabha)**

Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Ld. Special Judge (PC Act) CBI-23 (MPs / MLAs Cases), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi. ECIR No. DLZO-I/43/2021 dated 20.05.2021 | U/s- 3 & 4 of the prevention money laundering act 2002, Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. This allegedly led to generation of Proceeds of Crime which were subsequently laundered in form of sham consultancy invoices. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Central Bureau of Investigation, CBI/E0-111/E0U-VII, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi, 110003. RC No. 221/2021/E009 dated 17.05.2021 | U/s - 120-B IPC R/w 420 IPC & S. 13 (2) R/w S. 13 (1) (d) Prevention of Corruption Act, 1988. Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# लोक धुनों और अंगिका-मैथिली गीतों से सजी सुरों की महफिल

## भागलपुर में तीन दिवसीय विक्रमशीला महोत्सव संपन्न

नीरज गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कहलगांव (भागलपुर)।** कहलगांव प्रखंड के अंतीचक गांव के पास पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव का रविवार को रंगारंग समापन हुआ।



इस महोत्सव के अंतिम दिन स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कलाकारों ने लोक संगीत, अंगिका और मैथिली गीतों की प्रस्तुति से विरासत की खुशबू बिखेर दी। मंच पर नवोदित कलाकारों का दबदबा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत काव्या कृति के गीतों और शिवांशी कुमारी के मनमोहक नृत्यों से हुई। महोत्सव में शास्त्रीय और सूफी रंग भी देखने को मिला। सुनील कुमार ने शानदार कत्थक नृत्य पेश किया, वहीं अमन कुमार के सूफी गीत 'पिया रे पिया' ने माहौल को रूहानी बना दिया। राहुल कुमार के मैथिली गीत 'हे तनि दियो नून मरचाय' और अनुपमा कुमारी के लोक गीत 'कटी गईले पकी गईले गहूमा' पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। अर्पिता चौधरी ने अंगिका गीतों से स्थानीय संस्कृति को जीवंत किया, वहीं जानवी कुमारी ने 'सामा चकेवा' के पारंपरिक गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी।

**विविधता से भरा रहा मंच**

महोत्सव में केवल गीत ही नहीं, बल्कि नृत्यों की भी धूम रही। कौशल कुमार फिटनेस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'शिव तांडव' ने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं, आरूषि माही, पिहू सिंहा, तेजस्विनी और रितिका जैसे कलाकारों ने बॉलीवुड से लेकर भक्ति गीतों पर अपनी आकर्षक नृत्य कला का प्रदर्शन किया। नेहा कुमारी के 'चैती' और सुमन सौरव के भोजपुरी गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंत में इंडियन आइडल की गायिका अनुषिका बनर्जी ने अपनी सुरीली आवाज के जादू से कार्यक्रम (महफ़िल) में समां बांध दिया।

इस भव्य समापन समारोह में साक्षी कहलगांव एसडीएम कृष्ण चंद्र गुप्ता, कहलगांव एनटीपीसी एवं पीरपैंती अडाणी पावर परियोजना के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक बने। इन अधिकारियों ने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंचों से स्थानीय प्रतिभाओं को नई पहचान मिलती है।

# कलाम फाउंडेशन ने यूपीएससी के सफल छात्रों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार में रविवार को डॉक्टर कलाम फाऊंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट की पहल पर संस्था के अध्यक्ष पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह की अध्यक्षता में यूपीएससी के सफल छात्र अंकित रौशन रैंक 255 एवं अभिषेक सिंह रैंक 308 को कामयाबी हासिल करने पर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। यूपीएससी के अंकित रौशन को पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह के द्वारा पाग, चादर, माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया और अभिषेक सिंह को भवन निर्माण सचिव पटना के ललित कुमार सिंह के द्वारा पाग, चादर, माला, बुके देकर सम्मानित किया गया। दोनों यूपीएससी के छात्रों ने सफलता की श्रय अपने कोचिंग के शिक्षक, माता-पिता, मामा मामी, चाचा चाची को दिया। यूपीएससी के सफल छात्र अंकित रौशन शिवाजीनगर प्रखंड के सीमावर्ती बहेरी प्रखंड के कोठरा गांव निवासी हैं। वहीं अभिषेक सिंह की पैतृक गांव सहरसा जिला है। इस अवसर पर संस्था की ओर से अंकित के पिता रामकुमार, माता कुमारी भारती, चाचा सुरेश कुमार, राजेश कुमार, संजू कुमारी को पाग चादर माला बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक राज नारायण सिंह ने की मौके पर विकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, राजन कुमार, कमलदेव पासवान, सुरेश कुमार सिंह, राजकुमार सहनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएम की सौगात से जिले का होगा चहुमुखी विकास : मुकेश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में शनिवार को जिले को दी गई सौगात को जदयू अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मुकेश कुमार जैन ने सराहनीय बताया। श्री जैन ने कहा कि विहार के मुख्यमंत्री सह विकास पुरुष नीतीश कुमार ने शनिवार को 274 करोड़ की सौगात की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कायारंभ किया। इस क्रम बेगूसराय जिला अंतर्गत 274 करोड़ रुपये की लागत से 400 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

# सौरभ आनंद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में जगदर बनी विजेता

## कुंदन मलिंगा बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड स्थित बीपीएस उच्च विद्यालय के प्रांगण मे आयोजित सौरभ आनंद स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच जीडी कॉलेज और जगदर के बीच शुक्रवार को संपन्न हुआ। टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य नैयर अली ने बताया कि टॉस जीत कर जीडी कॉलेज की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैदान में बल्लेबाजी करने उतरी जगदर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 375 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीडी कॉलेज की टीम ने निर्धारित 20वें ओवर में 316 रनों पर ऑल आउट हो गई। 59 रन से जगदर की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जगदर टीम के कुंदन मलिंगा 25 गेंद पर 94 रनो का विस्फोटक पारी खेला। इन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। मैच में निर्णायक के रूप में मोहम्मद चांद और संजय झक्कास, स्कोरिंग राहुल कुमार ने किया। वहीं चुन्नू कुमार चंदन व निलेश कमल ने अपने बेहतरीन कमेंट्री से दर्शकों व खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कमेंट्री बॉक्स में मौजूद बेगूसराय के पूर्व विधायक अमिता भूषण ने विजयी टीम को तीस हजार नगद और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया साथ ही उप विजेता टीम को जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी और मैच आयोजक सदस्य पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बीस हजार रुपए नगद और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। साथ ही मौके पर मौजूद अन्य अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों और मैच में अपना अहम योगदान करने वाले लोगों को मेडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कमेंट्री बॉक्स में चुन्नू कुमार चंदन, सुल्ताना बेगम, रीता चौरसिया, वीरपुर पूर्वी के पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार, रामप्रवेश चौरसिया, रौशन चौरसिया, बुटाली सिंह, संतोष चौरसिया समेत अन्य गणमान्य अतिथि के साथ ही सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# मो. फिरदौस बने नावकोठी थानाध्यक्ष

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में मो फ़िरदौस ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पदभार प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी से ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की मजबूती तथा आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य करेगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को दें।ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर एसआई विश्वजीत कुमार, रणजीत कुमार, गुड़िया कुमारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिस बल मौजूद थे।

# माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्री-प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर केजी के बच्चों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर उनके शैक्षणिक जीवन के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को यह प्रेरणा देना था कि उनके सपने छोटे नहीं, बल्कि बहुत बड़े हैं और उन्हें आगे भी शिक्षा की नई ऊँचाइयों को छूना है। इस अवसर पर विद्यालय में पीजी से सीनियर केजी तक के अभिभावकों के लिए पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र की रूपरेखा से अवगत कराया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि आगामी सत्र में शिक्षकों की जिम्मेदारियाँ, बच्चों के समग्र विकास की प्रक्रिया तथा अभिभावकों के सहयोग की भूमिका क्या होगी। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि नए शैक्षणिक सत्र की नियमित कक्षाएं 18 मार्च से विद्यालय परिसर में प्रारंभ होंगी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ शीतल देवा ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच अच्छा तालमेल होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ समय बिताने और उन्हें अच्छे संस्कार देने पर विशेष जोर दिया। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने कहा कि माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों और ग्रेजुएशन समारोह ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले सत्र में भी उनके बच्चों को इसी प्रकार उत्कृष्ट शिक्षा और विकास के अवसर मिलते रहेंगे।

# कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के रामबिलास सिंह महाविद्यालय तेयाय के सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी मंडल भगवानपुर का दिन दयाल उपाध्याय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्पांजलि के साथ आरंभ हुआ। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता पंकज पासवान,जिला महामंत्री कुंदन भारती, महिला मोर्चा के जिला महामंत्री ऋचा सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी बछवाड़ा विधानसभा विकास कुमार,पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मुन्ना, मंडल प्रभारी महेन्द्र महतो, रोहित कुमार, अभय सिंह, मनिष सिंह, मंन्नू कुमार, अतुल राणा, बछवाड़ा विधानसभा संत संयोजक बलराम सिंह, हेमंत चौधरी, पवन राय, अमरेश सिंह, गौतम कुमार, शंभू ठाकुर, सुशील चौधरी, श्यामवरण चौधरी, विकास कुमार, मनोहर सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जलेसं ने जनार्दन प्रसाद सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के चर्चित हिन्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान और मार्क्सवादी चिन्तक जनार्दन प्रसाद सिंह के निधन पर जनवादी लेखक संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। रविवार को जिले के प्रगतिशील-जनवादी साहित्यप्रेमियों और संस्कृतिकर्मियों ने शोक व्यक्त किया है। जनवादी लेखक संघ बिहार के राज्य सचिव कुमार विनीताभ अपने शोक संदेश में कहा कि जनार्दन प्रसाद सिंह सच्चे अर्थों में जनवादी थे। वे अविभाजित कम्युनिस्ट पार्टी के दौर में छात्र जीवन में ही पार्टी सदस्य बने और पार्टी के आदेश पर सरकारी शिक्षक की नौकरी छोड़कर 1962 के विधानसभा चुनाव में चेरिया बरियारपुर से प्रत्याशी बने। चुनाव में पराजित होने के बाद भी जीवन पर्यन्त मार्क्सवादी विचारधारा के लिए समर्पित रहे। उनके निधन से जनपद की वामपंथी धारा की अपूरणीय क्षति हुई है।

जलेसं बेगूसराय के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र साह, उपाध्यक्ष डॉ चन्द्रशेखर चौरसिया, अभिनंदन झा, अनुपमा सिंह, प्रभा कुमारी, उप सचिव डॉ निरंजन कुमार, जीडी कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक कुंदन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो जिक्रुल्लाह खान, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार, साहित्यकार कला कौशल, संतोष अनुराग, डॉ ललिता कुमारी समेत कई जनवादी लेखकों ने शोकांजलि अर्पित करते हुए उन्हें जनवादपसंद उद्‌भट बौद्धिक बताया।

# सड़क हादसे में पूर्व सरपंच का निधन

**प्राणपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़झल्ला पंचायत का पूर्व सरपंच 55 वर्षीय गजेंद्र प्रसाद सिंह बुधनगर निवासी का सड़क हादसे में अज्ञात वाहन से ठोकर लगने के कारण निधन हो गया। प्राणपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह ने बताया कि घर से बुद्धनगर चौक बाइक से जाने के क्रम में कटिहार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मारकर चलते बना। ग्रामीणों ने सड़क पर बुरी तरह घायल की पहचान पूर्व सरपंच के रूप में की तथा आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार ले गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित किया। निधन की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# दो दिवसीय जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** मेरा युवा भारत कटिहार की ओर से दो दिवसीय जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हवाई अड्डा खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माय भारत कटिहार के महानिदेशक नामित सदस्य बबन कुमार झा एवं अभिषेक कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ मालाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना ने की गई। अपने संबोधन में जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना ने खेलों को युवाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे




डिजिटल दुनिया के खेलों से बाहर निकलकर मैदान में खेलों के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत करें। बबन कुमार झा ने युवाओं को खेलों के माध्यम से हार और जीत से ऊपर उठकर जीवन जीने का संदेश दिया। वहीं अभिषेक कुमार ने खेल को शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना के निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम बताया। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ मालाकार ने जिले में महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल महिलाओं के विकास और समाज में उनके सम्मान को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सीवी रमन टीम विजेता तथा एपी जे अब्दुल कलाम टीम उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त महिला वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान कुमकुम कुमारी, द्वितीय रेशमी कुमारी, तृतीय स्थान प्रीति कुमारी एवं महिला लंबी कूद में प्रथम स्थान अंशिका कुमारी, द्वितीय सिमरन कुमारी, तृतीय आंचल कुमारी तथा पुरुष वर्ग में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अमरजीत कुमार, द्वितीय अमर कुमार, तृतीय चंदन कुमार एवं पुरुष लंबी कूद में प्रथम स्थान निखिल कुमार, द्वितीय विशाल शर्मा, तृतीय राहुल कुमार ने प्राप्त किया । जिनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शिल्ड एवं मेंडल दे कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रेफरी दीपू पाल,आशीष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के कार्यालय सहायक बिक्रम कुमार मंडल, युवा विकास संगठन के अध्यक्ष आतिश कुमार दीपांकर, माय भारत युवा स्वयंसेवक अंजली कुमारी, स्वाति कुमारी, पूजा कुमारी, नीलू कुमारी, कृति भारती, आनंद कुमार, मिथलेश कुमार, गोकुल कुमार सिंह, महेश कुमार यादव, विशाल शर्मा तथा युवा क्लब से जुड़े युवा स्वयंसेवक आशुतोष कुमार मंडल, आशीष कुमार साह, विनोद कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** भारतीय जनगणना 2027 को लेकर जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु हुआ।जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा जनगणना डिजीटल एप के माध्यम से होगी। इसे सभी इसे बारीकी से समझ लें ताकि प्रगणकों की समस्याओं के समाधान में चूक नहीं हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक राज्य स्तरीय प्रशिक्षक राहुल श्रीवास्तव एवं सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय सुनील कुमार ने बताया कि पहले चरण में होने वाले मकान की गणना एवं परिवार का सूचीकरण डिजिटल एप से होगी। उन्होंने डीएलसीसीसी सदस्यों को डिजिटल एप के माध्यम से होने जनगणना कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने प्रशिक्षण का संचालन किया। प्रशिक्षण में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता डा. विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, डीएलसीसीसी सदस्य एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज आफिसर प्रखंड एवं कार्यपालक पदाधिकारी चार्ज आफिसर नगर पंचायत शामिल रहे।

# भाकपा माले ने दी ब्रजेश मोहन ठाकुर को श्रद्धांजलि

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले स्थाई समिति की बैठक शनिवार को कार्यालय कक्ष कमलेश्वरी भवन में हुई। बैठक की शुरुआत पूर्णिया में 15 मार्च 1986 को शहीद कामरेड ब्रजेश मोहन ठाकुर की शहादत को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई।सामंती अपराधियों ने उनकी हत्या निर्ममता पूर्वक कर दी थी। नेताओं ने श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपना और छात्र युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। बैठक में जिला सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। भाकपा माले का 9 वां जिला सम्मेलन 21-22 मार्च 2026 को चित्रगुप्त सामुदायिक भवन बेगूसराय में होने जा रहा है। जिसका नामकरण शहीद कामरेड ब्रजेश मोहन ठाकुर नगर, कामरेड नूर आलम सभागार और कामरेड उमेश बैठा एवं कामरेड मुसहरू पासवान मंच के रूप में किया गया है। सम्मेलन का नारा दिया गया है एकजुट रहें न्याय और अधिकार के लिए लड़ाई तेज करें। सम्मेलन में बुलडोजर राज और गरीबों पर बढ़ते हमले, ईरान पर अमेरिकी इजरायली हमले से देशभर में गैस पेट्रोलियम पदार्थों के हाहाकार पर विशेष चर्चा होगी। तकरीबन 150 प्रतिनिधियों को शामिल होना है। सम्मेलन में शहीद एवं दिवंगत नेताओं की तस्वीरें और महत्वपूर्ण स्लोगन से हाल को सुसज्जित किया जाएगा। बैठक में जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, चन्द्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, नवल किशोर सिंह, दीपक सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# रामजानकी मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा यज्ञ की तैयारी तेज

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत क्षेत्र के गुरुबाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान यज्ञ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। रामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर कृष्ण सेवा संस्थान सह श्याम परिवार के सदस्य व्यापक स्तर पर तैयारी में जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।संस्थान के सदस्यों ने बताया कि 19 मार्च को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में आराध्य पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी रथ पर सवार होकर निकलेगी जिसे कलकत्ता के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में रामध्वज लेकर शामिल होंगे। वहीं 501 कन्याएं गंगाजल से भरे कलश लेकर नगर भ्रमण करेंगी।

# रेल कर्मचारियों की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** एनएफ रेलवे इम्प्लाइज यूनियन कटिहार मंडल की ओर से रेल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं मांगों के समाधान को लेकर सोमवार, 16 मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जा रही है। यह भूख हड़ताल सुबह 9 बजे से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेल परिसर कटिहार में प्रारंभ होगी। इस संबंध में एनएफ रेलवे इंप्लाइज यूनियन के मंडल सचिव रजनीश कुमार और इंप्लॉईज यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनके समाधान की मांग इंप्लॉई यूनियन द्वारा लगातार उठाई जाती रही है। लेकिन अब तक रेल प्रशासन द्वारा ठोस पहल नहीं होने के कारण अंत में संगठन को यह कदम उठाना पड़ रहा है। यूनियन की प्रमुख मांगों में रेलवे बोर्ड के नियम 126/2018 एवं 212/2019 के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित वेतन निर्धारण को



शीघ्र अंतिम रूप देना, पदोन्नति पर मिलने वाले अतिरिक्त इंक्रीमेंट से कटिहार मंडल के सीनियर ट्रेन मैनेजरों को वंचित रखने के कारणों का जवाब, पदों के पुनर्वितरण के नाम पर वर्तमान बीओएस में की जा रही कटौती को रोकना शामिल है। जबकि इसके अलावा रेल स्टाफ कैंटीन को पुनः चालू करने, सभी कार्यस्थलों पर महिला कर्मचारियों के लिए समुचित शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल डी-कैटेगराइज्ड कर्मचारियों की उचित पदस्थापना, गैंग हाटों पर बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग शामिल है। मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि यूनियन ने इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनर्स को समय पर पदोन्नति देने, मंडल के रेलवे अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधारने, तथा रेल कर्मियों को मिलने वाले सीईए एवं हॉस्टल भत्तों के भुगतान में हो रहे अनावश्यक विलंब को समाप्त करने की मांग भी की है। संगठन ने तकनीकी त्यागपत्र की स्वीकृति में देरी, टीटीई एवं रनिंग रूम में रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार सुविधाओं की बहाली, रेलवे आवासों एवं नालों की जर्जर स्थिति के सुधार, तथा सभी विभागों में 12 घंटे के स्थान पर 8 घंटे का ड्यूटी रोस्टर सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने कहा कि जब तक इन मांगों पर रेल प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने रेल प्रशासन से कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करने की अपील की है। वही एन एफ रेलवे इम्पलाई यूनियन द्वारा रविवार को कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर, लंगड़ा बगान ,जीआरपी चौक, ओ टी पारा सहित अन्य जगहों पर अलग अलग नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र और मंडल के नेतागण के साथ तकनीकी शाखा, सामान्य शाखा एवं महिला शाखा के सैकड़ों पदाधिकारी और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# ट्रक एवं कार की भिड़ंत में बारात जा रहे दो युवकों की मौत, छह जख्मी

## पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह मोड़ के समीप घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह मोड़ के समीप शनिवार की रात ट्रक एवं बेलेनो कार की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान बलेनो कार सड़क चाट में पलट गई। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। एक ने घटनास्थल एवं दूसरे ने सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं कार पर सवार छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार मृतकों में तरारी थाना क्षेत्र के बगसंडा गांव निवासी प्रियरंजन सिंह का 22 वर्षीय पुत्र लव कुमार एवं शाहपुर थाना क्षेत्र के गउडाढ़ गांव निवासी सुनील कुमार भट्ट का 26 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार शामिल है। मृतक लव कुमार आईटीआई का छात्र था। जबकि जख्मियों में तरारी थाना क्षेत्र के बसगंडा गांव निवासी ददन सिंह का 22 वर्षीय पुत्र राजू कुमार, अशोक शर्मा का 23 वर्षीय पुत्र सोनू शर्मा, जनार्दन सिंह का 22 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार, सत्येंद्र सिंह का 21 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, श्याम बिहारी शर्मा का 23 वर्षीय पुत्र हरीओम शर्मा एवं अंकित कुमार शामिल है। इधर, बेलेनो कार पर सवार अंकित कुमार ने बताया कि सभी पीरो से शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में मनीष कुमार कार चला रहा था। उसी दौरान तिवारीडीह मोड़ के समीप अचानक एक व्यक्ति उनके कार के सामने आ गया। उक्त व्यक्ति को बचाने के दौरान में उनकी कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से टकराकर सड़क चाट में पलट गई। जिसमें लव कुमार घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मनीष कुमार ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं अन्य जख्मियों को प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक लव कुमार अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां संगीता देवी व दो भाई पवन कुमार एवं आदर्श कुमार है। जबकि मृतक मनीष कुमार एक भाई व एक बहन में बड़ा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां विमला देवी एवं एक बहन अंजली देवी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके पिता सुनील कुमार भट्ट ने दो शादी की थी। उन्हें पहली पत्नी से उसके भाई संदीप व दीपक है। पहली पत्नी की मौत हो जाने के बाद उन्होंने विमला देवी से दूसरी शादी की थी। घटना के बाद मृतको के घर में हाहाकार मच गया है। घटना के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मवेशी चराने जा रहे युवक की पोखर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** बक्सर जिले के नैनीजोर थाना क्षेत्र के महुआर गांव स्थित पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के नैनीजोर थाना क्षेत्र के ढावी नैनीजोर गांव निवासी हृदया यादव के पुत्र अवधेश यादव है। वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थित प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता था। इधर, मृतक के साला अशोक कुमार यादव ने बताया कि रविवार की दोपहर वह मवेशी चराने के लिए बाजार में जा रहा था। उसी दौरान महुआर गांव स्थित पोखर के किनारे पैर स्लिप कर जाने के कारण वह डूब गया। जब वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू किया, तो परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी सुनीता देवी व पुत्र नीरज कुमार एवं एक पुत्री श्रेया कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी सुनीता देवी हम परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 18 लाख का विदेशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** जिले के कोइलवर थाना पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक डाक पार्सल लिखा हुआ, डीसीएम ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। जब्त शराब की बाजार मूल्य लगभग 18 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि रविवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते बक्सर की ओर से पटना की तरफ अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कुल्हड़िया टोल प्लाजा और मनभावन मोड़ के बीच वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान यूपी नंबर की एक संदिग्ध डीसीएम ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक के अंदर छिपाकर रखी गई ब्लू स्ट्रोक ब्रांड की कुल 4313.34 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान अमित प्रकाश के रूप में हुई है, जो चंडीगढ़ के सेक्टर-25 डी स्थित जनता कॉलोनी (94ए) का निवासी बताया जाता है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिल सके। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि बिहार में लागू शराबबंदी कानून के उल्लंघन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आगे भी विशेष अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रमजान में पापों से मुक्ति का संदेश देता है रोजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** इस्लाम धर्म में माह-ए-रमज़ान को रहमत, बरकत और मग़फिरत का महीना माना जाता है। इस पवित्र महीने में रखे जाने वाले रोज़े इंसान को पापों से मुक्ति, आत्मसंयम और मानवता का संदेश देते हैं। रमज़ान का रोज़ा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि बुराइयों से दूर रहकर अच्छे आचरण अपनाने का अभ्यास भी है। इस्लामी मान्यता के अनुसार हिजरी संवत के दूसरे वर्ष से मुसलमानों पर रोज़ा फर्ज किया गया। रोज़े के दौरान अल्लाह की रज़ा पाने के लिए सुबह से शाम तक खाने-पीने सहित सांसारिक इच्छाओं से परहेज किया जाता है। इस अवधि में भोजन, पानी और शारीरिक इच्छाओं की पूर्ति पूरी तरह वर्जित रहती है। रमज़ान के महीने में हर रात ईशा की नमाज़ के बाद 20 रकअत तरावीह की नमाज़ अदा की जाती है, जिसमें हाफ़िज़-ए-कुरआन द्वारा कुरआन शरीफ़ का पाठ सुनाया जाता है। रोज़ा रखने से पहले रात के अंतिम पहर में किया जाने वाला भोजन सेहरी कहलाता है। रोज़ा गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति और मानवता की भावना को भी मजबूत करता है। मुसलमान पूरे महीने आस्था और पवित्रता के साथ रोज़ा रखते हैं। रमज़ान के 29 या 30 रोज़े पूरे होने के बाद चाँद दिखाई देने पर ईद-उल-फितर का पर्व बड़े हर्ष और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। यह उक्त बातें लेखिका जीनत परवीन ने लिखी है।

# पशु जनित बीमारी एवं बचाव की जानकारी है जरूरी : डा. पाठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**उदवंतनगर (भोजपुर)।** उदवंतनगर प्रखंड़ के चैराई स्थित नई आशा के माता शबरी सभागार में भाकृअनुप-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल के सौजन्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महादलित युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। टीम ने एक स्वास्थ्य जागृति पशुजन्य रोगों को लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया। डॉ. अनुभा पाठक निदेशक, एनआईएचएसएडी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में पशुओं से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों जैसे स्क्रब टाइफस, जापानी बुखार, ब्रुसेलोसिस एवं हेपेटाइटिस ई के बारे में मुसहर जाति के लोगों को जागरूक किया गया। डॉ पाठक ने बताया कि समुदाय स्तर पर वन हेल्थ के सिद्धांत को बढ़ावा मिला है, जो इंसानों, पशुओं और पर्यावरण के स्वास्थ्य के बीच संबंध को महत्व देता है। समुदाय स्तर पर इसके प्रचार से लोग पशुओं के साथ सहजीवन में रहते हुए भी स्वस्थ रह सकते हैं। डॉ पाठक ने कहा कि सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को 'पशुजन्य रोग रक्षक कवच किट' का वितरण किया गया, जिसमें पशुजन्य रोगों से बचाव के साधन जैसे मच्छरदानी, कीट निवारक, एवं दैनिक स्वच्छता संबंधी सामग्री प्रदान की गई। पशुजन्य रोगों से बचाव के लिए किए जाने वाले उपाय 'सचित्र पत्रक' के रूप में सभी को बांटे गए। नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि पशुओं के साथ रहने वाले समुदाय को उनसे होने वाली बीमारी एवं बचाव की जानकारी आवश्यक है। उन्होंने डॉ पाठक सहित संस्थान के प्रति आभार जताया। कार्यशाला में विक्रम सिंह गौर और मिस पूजा जैस्वार सहित नई आशा के सचिव राकेश कुमार सिंह, जिला समन्वयक कुंदन कुमार सिंह, जय प्रकाश दास, सुमित पाण्डेय, अमन कुमार, लाल बिहारी राम, भरत कुमार, शैलेन्द्र राम आदि थे।

# गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** आरा शहर के पड़ी रोड स्थित गैस एजेंसी मोड पर एस एम इंटरप्राइजेज में उपभोक्ता सुबह 5:00 बजे से ही गैस के लिए कतार मे लगे हुए थे। सुबह 9:00 के बाद गैस एजेंसी संचालक द्वारा जिला प्रशासन और जेल में सप्लाई के लिए ट्रक से गोदाम में रखा जा रहा था। जबकि पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में गैस बुकिंग में ऑनलाइन पेमेंट करने वाले को दिए जाने का बात कह कर भेडर भी रिक्शा पर लोड कर जा रहे थे।ट्रक पर अल्प अवस्था में कम सिलेंडर सिलेंडर देखकर लाइन में लगे उपभोक्ता उग्र हो गए वितरण कर रहा है जगह पर जाकर कड़ा विरोध जताया। तब एजेंसी ने लाइन में लगे अल्प लोगों को ही गैस दिया। लोगों का कहना है कि एजेंसी का पर्ची काटने के बाद 20 तारीख तक का ही वितरण किया जा रहा था। जबकि अगले तिथि का वितरण अगले दिन का कर वापस कर दिया जा रहा था। बाहर मायूस होकर लोग वापस भी बैरंग वापस हो गए। उपभोक्ताओं ने जिला पदाधिकारी से संचालक के खिलाफ पारदर्शी तरीका अपनाने का अपील की।

## ऑटो की ठोकर से किशोर जख्मी

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ले में रविवार की शाम ऑटो की ठोकर से एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ला निवासी गोविंद राम का 13 वर्षीय पुत्र राज कुमार है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि रविवार की शाम वह घर के बाहर ही सड़क किनारे खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार में आ रहे ऑटो ने उसे ठोकर मार दी। लोगों के सहयोग से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी है।

# विपक्ष द्वारा संसद परिसर को पिकनिक स्पॉट बनाना लोकतंत्र के मंदिर का अपमान : दुर्गा राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं जिला प्रभारी द्वारा आरा परिसदन सभागार मे प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि संसद भवन के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के लगभग 20 सांसदों द्वारा चाय-बिस्कुट के साथ तथाकथित 'चाय पार्टी' आयोजित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। विशेष रूप से यह भी ध्यान देने योग्य है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक के बावजूद विपक्षी सांसदों ने वहां बैठकर विरोध का नाटक किया, जो संसदीय नियमों और अध्यक्ष के निर्देशों की खुली अवहेलना है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, इस दौरान देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर भ्रामक प्रचार भी किया गया, जबकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के प्रत्येक नागरिक तक ऊर्जा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भोजपुर जिला मे भी जिलाधिकारी द्वारा गैस की कोई कमी नही होने की बात कही गई है। भाजपा का एक प्रतिनिधि जिलाधिकारी से मिलकर भंडारण की स्थिति मालूम करेगा। वही जिला प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आवश्यक है कि जनता के बीच यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुँचे कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशहित और जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्ष इस प्रकार के राजनीतिक नाटकों के माध्यम से केवल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। गैस की किल्लत की भ्रामक प्रचार कर विपक्ष देश को गुमराह करने का काम कर रहा है। देश की जनता उन्हे कभी माफ नही करेगी। प्रेस वार्ता कार्यक्रम मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीडी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, निशांत सिंह, महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह, संतोष पांडेय, भुनेश्वर ठाकुर आदि थे।

# गुरु बाजार काली मंदिर में नई कमिटी गठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरारी/कटिहार।** गुरु बाजार स्थित मनोकामना सिद्ध काली मंदिर परिसर में शाम को एक बैठक आयोजित कर मंदिर प्रबंधन के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। आयोजित इस बैठक में स्थानीय श्रद्धालुओं और मंदिर से जुड़े लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में अवधेश साह को कमिटी का अध्यक्ष, सावन कुमार चौरसिया को सचिव, अंकित आर्या को उपाध्यक्ष तथा उत्सव प्रकाश को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सदस्य के रूप में परविंदर सिंह बॉबी, अमित यादव उर्फ नीरू यादव, राज कुमार मेहता, राजेश गुप्ता और दिलीप कुमार महतो को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने मंदिर के धार्मिक आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की। नई कमिटी के सदस्यों ने मंदिर के विकास और धार्मिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त सचिव सावन कुमार चौरसिया ने सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कमिटी के सभी पदाधिकारी आपसी सहयोग और समन्वय के साथ मंदिर के विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करेंगे।

# रजनीगंधा काव्य संग्रह का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** शहर के क्लब रोड स्थित एक काव्यगोष्ठी सह पुस्तक लोकार्पण समारोह में जाने-माने वरिष्ठ कवि प्रो. (डॉ.) अयोध्या प्रसाद उपाध्याय के नवीनतम काव्य संग्रह रजनीगंधा का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में नंद जी दुबे, जितेंद्र कुमार और केशी दुबे सहित कई साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोकार्पण के बाद काव्य संग्रह के लेखक प्रो. अयोध्या प्रसाद उपाध्याय ने आत्मवक्तव्य प्रस्तुत करते हुए अपनी रचना प्रक्रिया पर प्रकाश डाला और संग्रह की कुछ प्रमुख कविताओं का पाठ किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विषय प्रवर्तन करते हुए जितेंद्र कुमार ने कहा कि रजनीगंधा की कविताएं गांव और समाज की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती हैं, जिनमें ग्रामीण जीवन की संवेदनाएं और सामाजिक सरोकार स्पष्ट रूप से झलकते हैं। ममता मिश्रा ने कहा कि संग्रह की कविताएं सरल, सहज और सुबोध भाषा में लिखी गई हैं, जिससे पाठकों को इन्हें समझने में आसानी होती है। वहीं केशी दुबे ने कहा कि प्रो. उपाध्याय एक वरिष्ठ और अनुभवी कवि हैं, जिनकी रचनाएं समाज के हर वर्ग और हर तबके की भावनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। कार्यक्रम में डॉ. रूपेश मिश्र, सिद्धनाथ सागर, संतोष श्रेयांश, ओमप्रकाश मिश्र, जनार्दन मिश्रा, रामयश अविकल, नथुनी पांडे आजाद, रूपेंद्र मिश्र, जनमेजय ओझा, डॉ. अरविंद पांडेय, पंकज सुधांशु, ओमप्रकाश मिश्र याज्ञवल्क शुल्क, डॉ. अमर उपाध्याय, डॉ. आदित्य कुमार आनंद, छोटू सिंह, पंकज सिंह, चंदन तिवारी, अनीश कुमार सिंह, राज पांडेय सहित थे।

# भूख बढ़ाने में लाइसीन और जिंक युक्त कंपाउंड का है महत्व



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** स्थानीय रेस्टोरेंट में, एपाटाइट पर मेडिकल सेमिनार (सीएमइ) का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वरीय फिजिशियन सह पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के. एन. सिन्हा ने कहा कि एपाटाइट (भूख) बढ़ाने में लाइसीन और जिंक युक्त कंपाउंड का बहुत ही महत्व है। कई रोगों में मरीजों को भूख की बहुत कमी हो जाती है। ऐसी स्थिति में यह कंपाउंड भूख जगाने में एवं शक्ति लाने में बहुत मदद करता है। सेमिनार में उपस्थित चिकित्सको में वरीय सर्जन डॉ. एस.पी. श्रीवास्तव, डॉ. के. एन. सिन्हा, डॉ. आर.एन. प्रसाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक, सर्जन डॉ. आर. के. अजय, आइएमए सचिव व सर्जन डॉ. विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे। एबॉट फार्मा के मिस बर्षा एवं सुशांत ने आयोजन में विशेष सहयोग व मदद किया। धन्यवाद ज्ञापन अलख नारायण दास ने किया।

# सात समंदर पार अपनों के लिए ढाल बना मारवाड़ी युवा मंच

## सेवा और समर्पण की मिसाल : यूएई संकट के बीच 3000 चेहरों पर लौटाई मुस्कान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कटिहार।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास खंडेलिया ने जानकारी दिया कि जब आपदा की घड़ियाँ मानवता की परीक्षा लेती हैं, तब निस्वार्थ सेवा ही आशा की किरण बनकर उभरती है। खाड़ी देशों दुबई, अबू धाबी, कतर, बहरीन, ओमान में उत्पन्न हालिया चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित परिस्थितियों के बीच मारवाड़ी युवा मंच एआईएमवाईएम टीम यूएई ने थके और डरे हुए समाज बंधुओं के लिए एक रक्षक की भूमिका निभाई है। सशक्त युवा - सशक्त राष्ट्र' के अपने संकल्प को चरितार्थ करते हुए टीम ने अब तक 3000 से अधिक लोगों तक सीधी सहायता पहुँचाई है। संकट में साथ केवल सहायता नहीं, एक भरोसा -यह अभियान मात्र कागजी आँकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों की दुआओं से जुड़ा है जो परदेश में स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे। टीम यूएई के सदस्यों ने दिन-रात एक कर जरूरतमंदों को उचित मार्गदर्शन, समन्वय और हर संभव मानवीय मदद प्रदान की। ताकि इस कठिन समय में कोई भी समाज बंधु स्वयं को अकेला न समझे।

**घर वापसी का सपना हुआ साकार**

यूएई में फंसे उन लोगों के लिए, जिनकी आँखें अपने वतन की मिट्टी और अपने परिवार को देखने के लिए तरस रही थीं, टीम ने विशेष चार्टर्ड फ्लाइट की व्यवस्था की। इस संवेदनशील पहल के माध्यम से सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई। जिसके अंतर्गत 158 प्रवासियों का जत्था दुबई से मुंबई पहुँच चुका है। अपनों से मिलने की वह खुशी और राहत उन सभी स्वयंसेवकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है जिन्होंने इस कार्य में अपना सर्वस्व झोंक दिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक अंतर्राष्ट्रीय मामले उमेश गर्ग ने भावुक होते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में समाज के लिए संगठित होकर सेवा करना ही हमारे सच्चे सामाजिक दायित्व की पहचान है।' उन्होंने टीम यूएई के अटूट समर्पण और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास पूरे मारवाड़ी समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य और निस्वार्थ सेवा भावना के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मानवीय मिशन को धरातल पर उतारने में समर्पित सदस्यों ने मुख्य भूमिका निभाई जिसमें दुबई के रविन्द्र अग्रवाल एवं हिमांशु अग्रवाल, अबू धाबी के आनन्द अग्रवाल, के ओमान बसंत बगडिया एवं अनुराग अग्रवाल, सऊदी अरबिया के लक्ष्मण सिंह परमार, बहरीन के विनीत मारू, कुवैत के आदित्य, कतर के शेखर अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# बौलिया मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश के आलोक मे रविवार को बौलिया पंचायत में ग्रामीणों के बीच मुफ्त, पक्का, और सुलभ न्याय को लेकर विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। पैनल वकील विजय कुमार पाठक ने समय समय पर लोक अदालत के माध्यम से सुलभ, सस्ता व पक्का न्याय की जानकारी दी। लोगो को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन, बाल श्रम, बच्चों, युवाओं में बढते नशे की प्रवृति के प्रति समाज को सचेत किया। बैठक मे पारा लीगल वालेंटियर रेहाना परवीन, मुखिया जार्जिस आलम ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कई लोग उपस्थित थे जिन्होंने जागरूकता शिविर का लाभ उठाया और कानून को जाना।

# जयमाला के दौरान छज्जा गिरने से दो की मौत, 25 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के मझियावां गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। यहां शनिवार की रात जयमाला के दौरान अचानक छत का छज्जा गिर गिया जिसके मलबे के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान सत्यनारायण यादव और अखिलेश यादव के रूप में हुई है। अखिलेश यादव झारखंड के धनबाद में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे जबकि सत्यनारायण यादव खेती-किसानी करते थे। दोनों मृतक रिश्ते में दुल्हन के भाई बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रामव्यास यादव की बेटी की शादी थी। बारात गोह थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से आई थी। द्वारपूजन के बाद जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था। बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे थे तभी कार्यक्रम स्थल के पास छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। मलबा नीचे बैठे लोगों पर गिर गया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग दबकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने मिलकर मलबा हटाया और घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# बिहार दिवस पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस पर जिले में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक के निदेशानुसार तथा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमृतेश आर्यन ने बताया कि बिहार दिवस समारोह के अंतर्गत जिले के विद्यालयों में गणित ओलंपियाड, क्विज एवं पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं की शुरुआत विद्यालय स्तर से की जा रही है। विद्यालय स्तर पर विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 17 मार्च को आम्रपाली कला केंद्र, दानी बिगहा में ऑडिशन एवं स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया है। इसमें जिले के सभी कोटि के विद्यालय अपने-अपने संस्थान से एक सामूहिक कार्यक्रम तैयार कर ऑडिशन एवं स्क्रीनिंग में भाग लेंगे। सामूहिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह गान एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी विषयवस्तु राष्ट्रीय भावना एवं देशभक्ति से संबंधित होगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 19 मार्च को तथा जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च को किया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन आम्रपाली कला केंद्र, दानी बिगहा, औरंगाबाद में पूर्वाह्न 10 बजे से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से खेल भवन, गांधी मैदान, औरंगाबाद में साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गणित ओलंपियाड, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में केवल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम विजेता ही भाग लेंगे, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के सभी कोटि के विद्यालयों से एक-एक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इन सभी प्रतियोगिताओं में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रखंडों के छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक परिभ्रमण भी कराया जाएगा। इसके अंतर्गत रफीगंज एवं मदनपुर प्रखंड के छात्र-छात्राओं को उमगा मंदिर, कुटुंबा एवं नवीनगर प्रखंड के छात्र-छात्राओं को नेचर सफारी देव, औरंगाबाद प्रखंड के छात्र-छात्राओं को देव सूर्य मंदिर, ओबरा एवं बारून प्रखंड के छात्र-छात्राओं को सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज तथा हसपुरा, दाउदनगर एवं गोह प्रखंड के छात्र-छात्राओं को देवकुंड मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर जिले के सभी कोटि के विद्यालयों को स्थानीय जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराने तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पोस्टर, बैनर, पंपलेट एवं होर्डिंग के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर सबसे बड़ी मानव सेवा : एसडीओ

## दाउदनगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन | शिविर में 350 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार : डॉ. विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** यहां चूड़ी बाजार स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को आशादीप क्लिनिक द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, डीसीएलआर प्रणव कुमार, दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, निदेशक डा. आनंद प्रकाश ने किया। मौके पर पटना के सर्जन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डा. विकास कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व मेमेंटो प्रदान कर किया। इस अवसर पर एसडीओ अमित राजन ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन काफी सराहनीय है। स्वास्थ्य जांच शिविर से गरीब लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। एसडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर उपचार मिले। इसके लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल का निर्माण भी कराया जा रहा है। डीसीएलआर ने कहा कि यह आयोजन सराहनीय है। स्वास्थ्य जांच शिविर में पटना से आए डा. विकास कुमार, डा. सोनाली गुप्ता, डा. सुमा सुंदरम, डा. विनय कुमार, डा. रोहित कुमार ने लगभग 350 मरीजों का निशुल्क उपचार किया। निशुल्क दवाएं भी दी गई। इसके साथ ही प्रोस्टेट, हेमोग्लोबिन और शुगर की निशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे दाउदनगर के मुंगेश्वर सिह ने बताया कि पांच वर्षों से पैर में दर्द रहता था। कई जगह इलाज कराया परंतु लाभ नहीं मिल सका। इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे हैं। दाउदनगर के ब्राह्मण टोली से पहुंची अर्पणा कुमारी ने बताया कि एक महीना से बीपी कम हो जा रहा था जिससे काफी परेशानी हो रही है। चिकित्सकों से इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे हैं। दाउदनगर के कनाप से पहुंची शिवकुमारी देवी ने बताया कि पैर के जोड़ों में दर्द है। स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने पहुंची हूं। चिकित्सक ने जांच कर दवा दी है। चिकित्सक डा. विकास कुमार ने बताया कि दाउदनगर के लोगों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 350 लोगों ने इलाज कराया है। प्रोस्टेट, हेमोग्लोबिन और शुगर आदि की जांच की गयी है। डा. सोनाली गुप्ता ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से महिलाओं की बीमारियों की कई तरह की जांच की जा रही है। शिविर के माध्यम से महिलाओं को सुझाव दिया गया है कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अगर महिला का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है तो कहीं न कहीं पूरे परिवार का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर डा. एसपी सुमन, डा. मनोज कुमार, वैश्य समाज दाउदनगर के अध्यक्ष राकेश कुमार, वार्ड पार्षद राधा रमन पुरी, प्रशांत इंद्र गुरु, बिट्टू यादव, सचिन कुमार, राजा कुमार सहित मौजूद रहे।





# पुलिस पर हमला सहित अन्य मामलों में 43 गिरफ्तार, एक लाख वसूला जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 43 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 25 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस पर हमला मामले में चार, एससी-एसटी एक्ट में चार, हत्या के प्रयास में तीन, शराब में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 301.250 लीटर देसी, 1 बाइक एवं 12 तसला बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1167 वाहनों की जांच की गई जिसमें 107000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 20 वारंट एवं 4 कुर्की का निषपादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# शिक्षाविद् प्रो. दिनेश प्रसाद का निधन, शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** प्रखंड के दधपी निवासी समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं नवबिहार टाइम्स के पूर्व संवाददाता प्रो. दिनेश प्रसाद का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर समाजिक कार्यकर्ताओं व शिक्षा प्रेमियों में शोक की लहर है। प्रो. प्रसाद शैक्षणिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। वे साक्षरता अभियान में जिला स्तरीय कमेटी सदस्य थे। वे जीवन भर गरीब मजदूर परिवार के बच्चें को शिक्षित बनाने में लगे रहे। सीता थापा महोत्सव का शुरुआत करने में उनका अहम योगदान रहा। समाजसेवी व अधिवक्ता सिध्देश्वर विद्यार्थी, जिला पार्षद शंकर यादवेंदु ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. दिनेश प्रसाद के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं किया जा सकता है। वे अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में व्याख्याता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे पुत्र रवि कुमार, पत्नी और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। उनके शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रख कर प्रार्थना की गई और तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उमेश प्रसाद, सुरेश वर्मा, केदार वर्मा, संजय कुमार, भरत ठाकुर, अजय शर्मा, विजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

# देव चैती छठ को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, एसपी ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में 22 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले महापर्व चैती छठ को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने देव थाना क्षेत्र में स्थित पूजा स्थलों, आवासन व्यवस्था, पार्किंग स्थल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने, आवासन स्थलों की निगरानी बढ़ाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चैती छठ के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु देव पहुंचते हैं, ऐसे में पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहना होगा। इस दौरान एसडीपीओ सदर-02, एसडीपीओ यातायात, डीएसपी रक्षित, डीएसपी मुख्यालय-02, प्रशिक्षु डीएसपी, देव थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा देव थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में चैती छठ पूजा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग, आवासन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूजा करने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि चैती छठ के दौरान देव में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर काम किया जाएगा।



# बिजली चोरी मामले में तीन पर प्राथमिकी

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ ही जुर्माना लगाया गया है। छापामारी दल का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल व कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम ने किया। जेई राकेश कुमार राम ने बताया कि कुशमा चिरैयाटांड़ निवासी धर्मदेव यादव पर बिना कनेक्शन के बिजली चोरी करने में 19333 रूपये जुर्माना लगाया गया है। वहीं जिम्मेदार यादव पर 12443 रूपये की जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा मनिका के अमरपुरा गांव निवासी राधेश्याम यादव भी बिजली चोरी करते पकड़े गए तथा उन पर 12443 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी का मामले में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 120 छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र

## उज्ज्वल भविष्य के लिए किया गया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, वीसीएसआरएम परिसर में कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले लगभग 120 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने युवाओं को कौशल विकास, कंप्यूटर शिक्षा और साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय इंटर स्कूल के शिक्षक उदय कुमार, कन्या इंटर स्कूल के शिक्षक सत्यम पांडेय तथा सतीश पाठक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष विकास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को तकनीकी ज्ञान और कंप्यूटर शिक्षा के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि वे डिजिटल युग में सुरक्षित रहते हुए अपने करियर को बेहतर दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कुशल युवा कार्यक्रम से युवाओं को नई दिशा मिल रही है और इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपने कौशल को लगातार विकसित करते रहना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के लिए सावधानी बरतने और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि युवा तकनीकी ज्ञान के साथ अनुशासन और मेहनत को अपनाएं तो वे जीवन में बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय इंटर स्कूल के शिक्षक उदय कुमार और कन्या इंटर स्कूल के शिक्षक सत्यम पांडेय ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल आधारित शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे सीखी हुई तकनीकी जानकारी का उपयोग अपने करियर निर्माण के साथ-साथ समाज के विकास में भी करें। संस्थान के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को कंप्यूटर ज्ञान, संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें। समारोह के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद छात्र-छात्राओं ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें नई जानकारी और आत्मविश्वास मिला है, जो उनके भविष्य में काफी सहायक होगा।





# भांजी की शादी से लौट रहे मामा की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बाइक के डिवाइडर से टकराने के कारण एक युवक की मौत हो गई। घटना पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र हरिहरगंज-अंबा बाइपास के पास एनएच-139 पर हुई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुशी गांव निवासी सुदामा पासवान के 35 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में की गई है। मृतक के बड़े भाई संतोष पासवान ने बताया कि कमलेश कुमार पेशे से मैकेनिक था और जसोईया स्थित एक बड़ी वाहन एजेंसी में काम करता था। शनिवार की शाम वह झारखंड के सिमरवार गांव स्थित अपने बहनोई डोमन पासवान के घर शादी में शामिल होने गया था। रात 2 बजे के बाद बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान हरिहरगंज के निर्माणाधीन बायपास रोड पर ओवरब्रिज के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद वह काफी देर तक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। पुलिस की गश्ती वाहन की नजर घायल कमलेश पर पड़ी जिसके बाद कमलेश को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उसकी हालत नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# महिलाओं के सशक्तिकरण से मजबूत होगा समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** महिलाएं समाज को निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महिलाएं अनेक रिश्तों से जुड़ी होती हैं। नारी सशक्त होती हैं तो समाज सशक्त होता है। यह बात रविवार को मदनपुर में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला सम्मान समारोह में नाबार्ड के सहायक महा प्रबंधक सह डीडीएम सुशील कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि विकास के हर क्षेत्र में आज महिलाएं आगे है। कंधे से कंधे मिला कर काम कर रहीं हैं। जिले में सभी उच्च पदों पर महिलाएं ही पदासीन है। यहीं वजह है देश आज काफी तेजी से विकास कर रहा है। देश के सीमा की सुरक्षात्मक कार्य हो या युद्धक विमान की उच्ची उड़ान भरने, शासन प्रशासन के मामले में महिलाएं आगे है। बीपीएम जीविका ममता कुमारी ने कहा कि जब एक महिला पढ़ती है तब वह पुरे परिवार को शिक्षित बना देती है। महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है। महिलाएं सारी जिम्मेदारियां निभाते हुए समाज के नव निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। समाजसेवी विमला देवी ने कहा नाबार्ड के माध्यम से गरीब मध्यम वर्गीय परिवार के महिलाओं को पहले स्वयं सहायता समूहों का गठन प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने किया था। हजारों महिलाओ को घर से बाहर निकल उनके दायित्वों, अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी देकर जागरूक करने का काम किया। स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण देकर आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और शैक्षणिक रुप से सशक्त करने का काम किया। इस अवसर पर नाबार्ड के सहायक प्रबंधक प्रमेश कुमार, संगीता देवी, निर्मला देवी, रेणु देवी, मुनी देवी, आशुतोष मिश्र, सोनी कुमारी, पुनम सिन्हा, देवन्ती देवी, प्रियंका कुमारी, ललीता देवी, किरण देवी सहित काफ़ी संख्या में शामिल थी।




# किसान मेला में तीन सौ किसानों ने लिया भाग

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय परिभ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के किसानों को किसान मेला में भाग लेने हेतु नारायण कृषि विज्ञान संस्थान जमुहार (रोहतास) भेजा गया। इस अवसर पर औरंगाबाद जिले के औरंगाबाद, बारून, ओबरा एवं देव प्रखंड से लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। किसानों का नेतृत्व अभिषेक वत्स, आशुतोष, जयंत कुमार, विवेक कुमार तथा अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव तथा पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह भी उपस्थित हुए।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
**आवश्यकता**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➔ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➔ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com